



दैनिक **सांध्य प्रकाश**

भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 287/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 08 जून 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in


**विश्व महासागर दिवस**

- विश्व महासागर दिवस मूल रूप से रियो डी जनेरियो में मनाया गया था।
- विश्व महासागर दिवस अब हर साल 8 जून को मनाया जाता है।
- यह पहली बार 1992 में मनाया गया था।
- विश्व महासागर दिवस महासागर के सम्मान में मनाया जाता है।
- इसने महासागर के महत्वपूर्ण अस्तित्व का जश्न मनाया।
- यह जश्न मनाने के लिए सभी मनुष्यों को जोड़ता है।
- लोगों का लक्ष्य एक नीला ग्रह बनाना है।
- नीला ग्रह यानी समुद्र दुनिया के प्रदूषण और समस्याओं से सुरक्षित है।
- पानी के भीतर 30000 से अधिक प्रजातियां हैं।
- विश्व महासागर दिवस वह दिन है जब लोग समुद्र के महत्व को पहचानने के विभिन्न बुद्धिमान तरीकों से हर कीमत पर उसकी रक्षा करने का निर्णय लेते हैं।

समुद्र एवं समुद्री जीवों की रक्षा करें।

सांध्यप्रकाश विशेष

## प्रशिशु नवआरक्षकों के साथ जब डीजीपी ने मेस में खाना खाया, ट्रैनिंग की समीक्षा भी की



**भोपाल।** प्रदेश पुलिस महकमे के मुखिया पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने अपने प्रशिशु नव आरक्षकों का हौंसला बढ़ाने के लिए उनके साथ लाईन में खाना लेने के लिए लगे, इतना ही नहीं उन्होंने मेस में ही उनके साथ बैठक ही खाना खाया। यह दृश्य ग्वालियर के तिघरा पुलिस ट्रैनिंग स्कूल का था।

डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना मंगलवार को तिघरा पुलिस ट्रैनिंग स्कूल समीक्षा करने पहुंचे थे। यहां पर ट्रैनिंग ले रहे प्रशिशु नव आरक्षकों को दी जा रही ट्रैनिंग की पहले समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने नव आरक्षकों से भी ट्रैनिंग को लेकर फीडबैक लिया। जब वे ट्रेनिंग से संतुष्ट हुए तो उन्होंने कहा कि आओ सब मिलकर खाना खाते हैं।

इसके बाद डीजीपी नव आरक्षकों के साथ ही उनकी मेस में पहुंचे। जहां पर उन्हें देखकर नव आरक्षक एक ओर खड़े हो गए। इस पर डीजीपी ने कहा कि हम सभी एक ही परिवार के लोग हैं। इसलिए खाना मैं भी यहां की व्यवस्था अनुसार ही लूंगा। आपके साथ ही लाइन में लग कर खाना लूंगा और साथ में ही खाना खाऊंगा, ताकि यह भी पता चल सके कि यहां पर खाना कैसा बनता है। इसके बाद उन्होंने नव आरक्षकों के साथ ही बैठक भोजन किया। इस दौरान उन्होंने कई नव आरक्षकों से पूछा कि खाना कैसा बनता है। सभी ने कहा कि अच्छा बनता है।

## आइएएस नियाज खान ने मुस्लिमों को दी गोरक्षक बनने और शाकाहार अपनाने की सलाह



**भोपाल।** मप्र कैडर के आइएएस अधिकारी नियाज खान अक्सर इंटरनेट मीडिया पर ऐसी पोस्ट्स लिखते रहते हैं, जो सार्वजनिक चर्चाओं में आ जाता है। उन्होंने हाल ही में फिर ऐसा एक ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने मुसलमानों को गोरक्षक बनने, इस्लाम में मतातंरण न कराने, शाकाहार अपनाने और ब्राह्मणों से मधुर संबंध रखने की सलाह दी है।

गुरुवार सुबह एक ट्वीट कर नियाज खान ने लिखा - मुस्लिम भाई भी गोरक्षक बनें, धर्म परिवर्तन का विरोध करें, किसी का धर्म ना बदलवाएं। जबरन धर्म बदलवाना इस्लाम में प्रतिबंधित है। अगर शाकाहार अपना सकें तो यह एक बेहतरीन प्रयास होगा। यद्यपि शाकाहारी बनने को बाध्य नही किया जा सकता। हर मुस्लिम भाई ब्राह्मणों से मधुर संबंध रखें। गौरतलब है कि नियाज खान उपन्यासकार भी हैं। उनके आठ उपन्यास प्रकाशित हो चुके हैं। उनका पिछ्ला उपन्यास ब्राह्मण द ग्रेट उपन्यास काफी चर्चित हुआ था। इसमें उन्होंने लिखा है कि ब्राम्हण का सुपर ब्रेन होता है। उन्हें हर फील्ड में बौद्धिक नेतृत्व दे दिया जाए, सलाहकार बनाया जाए तो देश के भीतर चीजें बेहतर हो सकती हैं। क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है।

## 2014 बैच के आईएएस अधिकारी बने केंद्रीय वाणिज्य राज्यमंत्री के पीएस

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के यूपी कैडर के 2014 बैच के आईएएस अधिकारी महेंद्र कुमार मीणा को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल का प्राइवेट सेक्रेट्री नियुक्त किया गया है। इस संबंध में डीओपीटी द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। इस संबंध में जारी आदेश में बताया गया है कि उनका पदस्थापना उपसचिव के पद के समान 5 साल के लिए केंद्रीय डेपुटेशन पर ली गई है।

## मप्र में प्री प्राइमरी एजुकेशन अनिवार्य, पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 6 साल की उम्र सीमा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में नई शिक्षा नीति को लागू करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसका प्रस्ताव भी स्कूल शिक्षा विभाग में तैयार कर लिया है। इसके अनुसार अब प्रदेश के स्कूलों में पहली क्लास में प्रवेश के लिए उम्र सीमा 6 साल करने की तैयारी की जा रही है। अभी तक प्राइमरी स्कूल में एडमिशन की आयु 5 वर्ष निर्धारित है।

नई शिक्षा नीति के तहत एक और महत्वपूर्ण प्रावधान किया जा रहा है। अब तक प्ले स्कूल में बच्चों को भेजना या ना भेजना अभिभावकों की मर्जी पर निर्भर रहता था लेकिन प्री प्राइमरी स्कूल को अनिवार्य किया जा रहा है। अब अभिभावकों को बच्चों को अनिवार्य रूप से स्कूल भेजना होगा और उन्हें प्री प्राइमरी एजुकेशन करवाना होगा। प्री प्राइमरी स्कूल में बच्चों को नैतिक शिक्षा की पढ़ाई करवाई जाएगी। इसमें अरुण, उदय और प्रभात नाम से कक्षाएं लगाई जाएगी। इसमें 3 साल की उम्र में एडमिशन मिलेगा और 3 साल की पढ़ाई के बाद जब बच्चे की उम्र 6 साल हो जाएगी तब उसे प्राइमरी स्कूल में प्रवेश दिया जाएगा। मध्य प्रदेश नई एजुकेशन पॉलिसी लागू करने वाला देश में पहला राज्य है।

## जन सुनवाई में महिला को मिला न्याय, 2 बीघा भूमि का मिला कब्जा



**रतलाम।** भूमाफियाओं द्वारा बेबस और कमजोर लोगों की निजी जमीनों पर कब्जा करने के मामले जनसुनवाई के माध्यम से कलेक्टर के पास पंहुच रहें हैं। ऐसे मामलों में कलेक्टर त्वरित निराकरण भी करवा कर पीड़ितों को भूमाफियाओं से कब्जा की गई जमीन को मुक्त करवाकर पीड़ितों को न्याय दिला रहे हैं। अवैध कब्जा हटाने को लेकर विशेष जनसुनवाई अभियान चलाया जा रहा हैं।

मंगलवार को जनसुनवाई में रतलाम की पीड़ित महिला शोभा पिता दुर्गा दत्त उपाध्याय भी अपनी भूमि पर अन्य व्यक्तियों के कब्जे की शिकायत लेकर पंहुची थी।उसकी भूमि पर नामली के कुछ दबंग लोगों द्वारा पिछले 5 वर्षो से कब्जा कर रखा था।महिला की शिकायत पर अधिकारियों के दल ने मौका मुआयना कर जांच की बता दें कि यह जमीन जिले के नामली में हाईवे से लगी हुई है।प्रशासन की जांच पड़ताल में भूमि शोभा उपाध्याय की पाई गई।और उसके नाम से रजिस्ट्री भी थी और पावती भी थी।भूमि सर्वे नंबर 376/2 लगभग 2 बीघा जमीन का बाजार मूल्य लगभग 2 करोड़ रूपए है।एसडीएम त्रिलोचन गौड़ तथा तहसीलदार,पटवारी आदि बुधवार को मौके पर पहुंचे और महिला को बेशकीमती जमीन का कब्जा दिलाया।



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने गुरूवार को खजुराहो में मतंगेश्वर महादेव जी के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया। प्रदेश अध्यक्ष ने देश एवं प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।




### केंद्रीय मंत्री सोनोवाल की उपस्थिति में सीएम शिवराज ने की बैठक

# बड़वानी से स्टैचू ऑफ यूनिटी तक नर्मदा नदी में क्रूज का संचालन शुरू होगा





**भोपाल।** नर्मदा नदी में नर्मदा नदी में बड़वानी से गुजरात स्थित स्टैचू ऑफ यूनिटी तक क्रूज का संचालन आरंभ किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में निवास कार्यालय में हुई। बैठक में केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री कावरे, प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति शिव शेखर शुक्ला तथा इनलैंड वॉटरवेज अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि नर्मदा नदी में चलाया जाने वाला क्रूज 135 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। इसके अलावा बरगी से मंडला तक भी क्रूज का भी संचालन आरंभ होगा।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय आयुष मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को जबलपुर में होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए तैयारियों की निवास कार्यालय में समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

## कोरोना प्रोटोकाल उल्लंघन के सभी प्रकरण वापस लेगी सरकार

**भोपाल।** शिवराज सरकार ने कोरोना संबंधी प्रकरणों को लेकर लोगों को एक बड़ी राहत दी है। सरकार ने निर्णय लिया है कि कोरोना काल में पूर्णकालिक व अंशकालिक लाकडाउन के दौरान कोविड संबंधी प्रोटोकाल का उल्लंघन करने पर जो 11000 से अधिक प्रकरण दर्ज किए थे, उन्हें वापस लिया जाएगा। इसके लिए विभिन्न न्यायालयों में लोक अभियोजक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत किए जाएंगे।



गुरुवार को गृहमंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में सरकार के इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के दौरान बारात निकालने, दुकान खुली रखने, एक स्थान पर निर्धारित संख्या से अधिक लोगों के एकत्र होने जैसे कोविड प्रोटोकाल के उल्लंघन पर आपदा नियंत्रण, महामारी नियंत्रण अधिनियम और आइपीसी की धारा 188 के तहत प्रकरण दर्ज किए गए थे। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के साथ इस संबंध में बैठक हुई थी, जिसमें उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र सरकार की तरह ही प्रकरण वापस लेने पर सहमति बनी थी। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने भी इस संबंध में सुझाव दिया था कि जो मामले गंभीर प्रकृति के नहीं हैं, उन्हें वापस लेने पर विचार किया जा सकता है। गृह विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एक सप्ताह में केस वापस लेने संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।

## रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं: आरबीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन दिवसीय एमपीसी बैठक के नतीजों का ऐलान कर दिया है। मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी आरबीआई एमपीसी ने ब्याज दरों में लगातार दूसरी बार कोई इजाफा नहीं किया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने ऐलान किया कि, ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। यह 6.5 प्रतिशत पर बना रहेगा।

वित्त वर्ष 2023-24 की इस दूसरी बैठक में भी आरबीआई ने नीतिगत दरों को स्थिर रखा है। फिलहाल रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर रहेगा। जानकारी के लिए आपो बता दें कि, इससे पहले अप्रैल के महीने में भी ब्याज दरों में कोई इजाफा नहीं किया था। यह लगातार दूसरा मौका है जब रेपो रेट पुराने स्तर पर ही कायम रहा है। आरबीआई मई 2022 से फरवरी 2023 तक यानी 9 महीने में अब तक रेपो रेट में 250 बेसिस प्वाइंट का इजाफा कर चुकी है।




नाबार्ड द्वारा भोपाल में आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आम की दर्जनों किस्में मौजूद हैं, जिनकी प्रदर्शनी लगाई गई है।

## नहीं रहीं दूरदर्शन की पहली इंग्लिश न्यूज एंकर गीतांजलि अय्यर



जानी मानी और पहली इंग्लिश न्यूज एंकर गीतांजलि अय्यर का बुधवार को 76 साल की उम्र में निधन हो गया। करीब 30 साल तक उन्होंने नेशनल ब्रॉडकास्टर पर अपनी सेवाएं दीं.1971 में गीतांजलि ने दूरदर्शन जॉइन किया था. तीन दशक के कार्यकाल के दौरान उन्हें चार बार बेस्ट न्यूज एंकर का अवार्ड मिला था।

गीतांजलि को 1989 में इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी पुरस्कार से नवाजा गया था. अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, उपलब्धियों और योगदान के लिए उन्हें यह अवार्ड दिया गया था. बता दें कि गीतांजलि अय्यर कोलकाता के लोरेटो कॉलेज से ग्रेजुएट हुई थीं. इसके अलावा उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से डिप्लोमा भी किया था। दूरदर्शन से रिटायर होने के बाद उन्होंने कॉरपोरेट कम्युनिकेशन में भी काम किया था. उन्होंने कनफेडेरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की कंसलटेंट भी बनी थीं. इसके अलावा उन्होंने 'खानदान' सीरियल में भी काम किया था।



## बोरवेल में फंसी बच्ची को रोबोट की मदद से निकालने का प्रयास



**सीहोर।** बोरवेल में फंसी सृष्टि को निकालने के लिए तीसरे दिन भी रेस्क्यू अभियान जारी है। बुधवार को एनडीईआरएफ व एसडीईआरएफ के प्रयास विफल होने के बाद बैरागढ़ ईएमई सेंटर से सेना के जवानों को बुलाया गया था। आर्मी जवान 300 फीट गहरे बोरवेल में 100 फीट की दूरी पर फंसी सृष्टि को राड हुक से 90 फीट तक ऊपर ले आए थे, लेकिन दस फीट पहले वह छूटकर गिर गई। बताया जा रहा है कि बच्ची फिसलकर करीब 150 फीट नीचे पहुंच गई है। इसके बाद सेना ने दूसरी बार प्रयास करने में अक्षमता जताई। इसके बाद दिल्ली व जोधपुर से एक्सपर्ट की टीम बुलाई गई है। वही गुजरात की स्पेशल रोबोट टीम से भी मदद मांगी गई थी जो सुबह 9 बजे मुंगावली पहुंची, यहां पहुंचते ही टीम ने बोरवेल से सृष्टि को निकालने के लिए रेस्क्यू शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी तरफ पोकलेन और राख ड्रिल मशीन से सुबह 9 बजे तक 42 फीट बोर के समानांतर गड्ढा खोदा जा चुका है। जिला प्रशासन सहित एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर रेस्क्यू में जुटी हुई है।

# ए.सी. सी. सीमेंट पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति

### एनजीटी ने पर्यावरण स्वीकृति पर लगी रिपोक को गलत ठहराया, मगर नियमानुसार पेनाल्टी लगाई



**रमेश शर्मा**

**भोपाल।** लंबे समय तक चले प्रकरण में अंततः पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति वसूलने के साथ एसीसी सीमेत पर पर्यावरणीय स्वीकृति रिवोक हटाकर एनजीटी ने प्रकरण का पटाक्षेप कर दिया है। मामला प्रसिद्ध सीमेंट कंपनी एसीसी के पर्यावरणीय स्वीकृति के उल्लंघन का था, जो कि एक खदान के हस्तांतरण को लेकर प्रकाश में लाया गया था !

ज्ञातव्य हैं कि सिआ (राज्य स्तरीय पर्यावरण समाधात निर्धारण प्राधिकरण) ने पूर्व में मे. एसएन सेंडरसन एंड कंपनी को बदारी लाइम स्टोन माइन (ओपन कॉस्ट सेमी मैकेनाइज्ड प्रोसेस) जिसकी उत्पादन क्षमता 50 हजार टन प्रतिवर्ष ह को 25 मार्च 2009 में 5.82 हेक्टेयर भू खदान की पर्यावरण स्वीकृति प्रदान की थी। इस खदान को में एसीसी सीमेंट ने अपने नाम पर करवाया। थे इस खदान भूल की जल तथा वायु अधिनियम की सम्मतियां एसी सेण्डरसन के नाम पर थी, मगर जैसाकि मंत्रालय पर्यावरण मंत्रालय नें बताया था, इस खदान में लाइम स्टोन की खुदाई एसीसी कंपनी द्वारा की गई। एसीसी कंपनी ने वर्ष 2009 से 2018 तक की अवधि का खनन कार्य बिना वैध पर्यावरणीय स्वीकृति के किया गया साथ ही उक्त अवधि की के अनुपालन 14 प्रतिवेदन भी संबंधित विभाग को नहीं सोपें। बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के खनन कार्य को सिया ने गलत माना तथा 16 अगस्त 2021 को एसीसी को हस्तांतरित पर्यावरणीय स्वीकृति पर रोक लगा दी और बाद में 19 दिसंबर, को एसीसी के उक्त स्वीकृति रिवोक कर दी गई।


राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, म.प्र.

(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार)

वेबसाईट- http://www.mpseiaa.nic.in

No. 1759 /SEIAA/2022

CAPTION: सिआ द्वारा पर्यावरण मंत्रालय को अंकित पत्र।

**आरटीआई से उजागर हुआ था मामला**– गौर तलब है कि ये मामला तब उजागर हुआ जब आरटीआई कार्यकर्ता ने विभिन्न सीमेंट कंपनियों की पर्यावरण स्वीकृति के अनुपालन प्रतिवेदन की छमाही रिपोर्ट के दस्तावेज़ पर्यावरण मंत्रालय भोपाल से मांगे। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण मंडल भोपाल से एसएन सैण्डरसन तथा एसीसी के मध्य लीज ट्रांसफर के दस्तावेज लिए। सैकड़ों की संख्या में प्राप्त किए गए प्रमाणित दस्तावेजों से जो तथ्य सामने आए, वो चौंकाने वाले थे। दरअसल, जिला कटनी में मौजूद बड़ारी खदान की लीज ट्रांसफर का अनुबंध 23 दिसंबर 2008 को हुआ। ये लीज ट्रांसफर एसीसी के पक्ष में की गई थी। विभिन्न जांच तथा निरीक्षण के बाद पर्यावरण मंत्रालय ने अपनी रिपोर्ट दि. 14 जून 2019 में बताया कि वर्ष 2009 में म. एसएने सैण्डरसन को उक्त खदान की जल तथा वायु सम्मतियां प्रदान की गई थी मगर एसीसी सीमेंट द्वारा वर्ष 2018 तक (यानी जब तक पर्यावरण स्वीकृति एसीसी को नही दी गई) एसीसी ने बिना वैध पर्यावरण स्वीकृति के खनन कार्य किया और यहां तक नियमानुसार पर्यावरणीय स्वीकृति की अनुपालन प्रतिवेदन नियमित रूप से जमा नही किए। आरती आई से प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर पर्यावरण कार्यकर्ता रमेश शर्मा की जनशिकायत पर पर्यावरण मंत्रालय ने सिआ को ईसी संबंधी कार्यवाही करने का आदेश दिया जिसकी परिणिती पहले खदान पर रोक तथा पर्यावरणीय स्वीकृति की रिवोक तक पहुंच गई।

एनजीटी ने सिआ के इस प्रक्रिया को सही नहीं माना और एसीसी के प्रति लगे। रिवोक को हटा दिया। यद्यपि एनजीटी ने एसीसी पर निर्धारित समय में पेनाल्टी लगाने का निर्णय कलेक्टर, प्रदूषण मंडल तथा सिआ को लेने बाबद निर्देश भी दिए।

**प्रकरण से सरकारी कामकाज पर भी उठते हैं सवाल**– इस प्रकरण में सरकारी कामकाज में लापरवाही एक भी सवाल उठते हैं। पहला, जब दो कंर्णनयों में लीज ट्रांसफर हुई थी तो उसी समय ण कुछ दिनों बाद जल तथा वायु

– शेष पेज 6 पर देखें

# पात्रों को अर्थवर्क, सीसी वर्क, पाईप लाइन कार्य देने पर आपत्ति

**भोपाल।** सांठगांठ के मार्फत से अपात्रों को अर्थवर्क, सीसी वर्क और पाइप लाइन का कार्य दिए जाने की तैयारी पर ठेकेदार कपिल शर्मा ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैस को ज्ञापन पत्र सौपते हुए मांग की है कि जारी निविदा क्रमांक 254395 में हाजिक कॉन्ट्रेक्टर्स का पाइपलाइन में जो मापदंड निर्धारित कर निविदा आमंत्रित की गई है उसमें अनियमितता की जा रही है। शर्मा ने बताया कि दो करोड़ रुपए से अधिक निविदाओं में अर्थवर्क, सीसी वर्क, पाईप लाइन कार्य एवं एफएचटीसी आदि कार्य की बीओक्यू में निर्धारित मात्राओं की 33 प्रतिशत मात्र में प्रमाण पत्र निविदा के साथ सलंग्न किया जाना अनिवार्य है। लेकिन उक्त निविदा में भाग लेने वाले कई एजेंसियों द्वारा तय मापदंड और मानक का पालन नहीं किया गया और इतना ही ही पूर्व के निविदाओं में अपात्र भी घोषित हो चुके हैं। बावजूद इसके उपरांत भी सांठगांठ कर चहेते ठेकेदारों के पत्र में निविदा में बिना शर्ते पूर्ण किए खोली जा रही है। ठेकेदार ने सभी इस संदर्भ में मुख्य सचिव के समक्ष बकायदा उदाहरण स्वरूप पूर्व में अपात्र घोषित होने का समूचा ब्यौरा भी पेश किया।

# पीने के पानी में क्वालिटी से पहचान बनाई एक्का ब्लू



भोपाल। पीने के पानी का गुणवत्तापूर्ण होना बहुत आवश्यक है इसलिए इसकी पैकेजिंग में सभी मांगों का ध्यान रखा जाना चाहिए गुणवत्ता के लिए पहचान बनाने वाले पोटेबल वॉटर एक्का ब्लू के संचालक प्रमोद गोस्वामी ने कहा कि अब समय के साथ लोग पानी को लेकर बहुत सचेत है। इसलिए पोटेबल वॉटर का चलन बढ़ रहा है लेकिन इसमें महत्वपूर्ण रहे हैं कि इस पानी में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए तो खाद्य के सभी मांगों को पूरा किया जाए युवा उद्यमियों के लिए प्रमोद गोस्वामी ने बताया कि एक बार अपना लक्ष्य तय कर ले फिर उसको हासिल करने के लिए पूरी तरह समर्पित हो जाए प्रमोद गोस्वामी द्वारा कटारा हिल्स स्थित एक्का ब्लू आईएसओ सर्टिफाइड यूनिट का संचालन किया जा रहा है।

## ओसियन कोचिंग इंस्टिट्यूट का शत-प्रतिशत परिणाम

**भोपाल।** ओसियन कोचिंग इंस्टिट्यूट ने हाल ही में सीबीएसई द्वारा घोषित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है ओसियन कोचिंग इंस्टिट्यूट की युवा संचालक आंचल कपूर ने बताया कि उनकी आने वाले ज्यादातर छात्रों ने अपने स्कूलों में टॉप पोजीशन हासिल की है वर्तमान में ओसियन कोचिंग इंस्टिट्यूट की दो शाखाएं बाग मुगलिया एवं कटारा हिल्स पर संचालित की जा रही है जिसमें नवी से 12वीं तक की कक्षाओं के लिए कोचिंग दी जा रही है साथ ही यहां पर जेईई एवं अन्य परीक्षाओं के लिए भी शीघ्र कोचिंग शुरू की जाएगी।

# हमारे आचरण से ही बच्चों में संस्कार रोपित होते हैं: सिद्ध भाऊ

## शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल संस्थान में पांच दिवसीय टीचर्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम शुरू

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




शहीद हेमू कालानी एज्युकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित विद्यालयों मिठ्ठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल, केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल, विद्यासागर पब्लिक स्कूल एवं सी.एच्छ.आई. गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल के शिक्षक/ शिक्षिकाओं हेतु श्रद्धेय सिद्ध भाऊ जी के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में दिनांक 7 जून से 12 जून तक 'शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य शिक्षण कार्य को और अधिक रोचक, ज्ञानवर्द्धक, सुगम्य और प्रभावशाली बनाना है। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई के मापदण्डों के अनुसार सम्बद्ध स्कूलों हेतु 'शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम' प्रतिवर्ष आयोजित करना अनिवार्य है। अत- संस्था के दोनों सीबीइएसई स्कूलों- मिठी गोबिंदाराम एवं नवनिध हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। संस्था के शेष छ- स्कूलों के गुरूजनों को भी कार्यक्रम में जोड़ा गया है ताकि वे भी लाभान्वित हो सकें।

इस छ- दिवसीय 'टीचर्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम' के उद्घाटन सत्र के प्रारम्भ में सोसायटी के सचिव ए.सी. साधवानी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए उन्हें इस शिक्षक उन्मुखीकरण कार्यक्रम' की आवश्यकता एवं उद्देश्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी। ब्रहम्लीन संत हिरदाराम साहिबजी के परम शिष्य तथा उत्तराधिकारी एवं शहीद हेमूं कालाणी एजूकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष श्रद्धेय सिद्धभाऊजी ने अपने सत्र को परस्पर संवादात्मक सत्र का स्वरूप प्रदान करते हुए प्रतिभागियों से कहा कि सभी शिक्षकगण समाप्य ग्रीष्म अवकाश में अपना समय बिताने के ढंग और इस अवधि में खुद के द्वारा किये गये सकारात्मक कार्यों तथा उनसे प्राप्त अनुभवों को सदन में साझा करें ताकि सभी प्रतिभागियों को उसका लाभ प्राप्त हो सके।

श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी के इस परामर्श अनुसार एक-एक करके प्रतिभागियों ने अपने अनुभव सुनाए और प्रत्येक भागीदार के वक्तव्य के दौरान भाऊजी उन से संवाद कर तत्सम्बन्धी अपने विचार और सीख से सदन को लाभान्वित कराते रहे। इस दौरान श्रद्धेय सिद्धभाऊजी ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक एवं शिक्षिका का स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। यदि आप स्वस्थ रहेंगे तो अपने कर्तव्य का पालन बहुत अच्छी तरह से कर पाएंगे। विद्यार्थी आपके पढ़ाने और बोलने से ज्यादा आपके आचरण की प्रत्येक गतिविध को ध्यान में रखते हैं और उसका अनुपालन करते हैं। इसलिये जो संस्कार हम विद्यार्थियों के भीतर रोपना चाहते हैं वे संस्कार हमको अपने जीवन और व्यवहार में भी उतारना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें केवल अपने कर्तव्य पालन पर ध्यान देना चाहिए, अच्छे और भावना से किये गये कार्यों का सुफल ईश्वर से अवश्य ही मिलेगा। हम यदि कोई स्वार्थ रख कर परमात्मा की भक्ति करेंगे तो ईश्वर उसको नहीं सुनेगा। इसके अतिरिक्त अपने कर्तव्यों का पालन सही ढंग से करने के लिए व्यक्ति का स्वस्थ होना भी बहुत आवश्यक है। निरोगी व्यक्ति ही सुखी रह सकता है। उन्होंने इस बात पर दुःख व्यक्त किया कि कोविड महामारी से प्रत्येक व्यक्ति को समझना चाहिये कि जीवन क्षण-भंगुर है किंतु इसके बावजूद लोगों में दूसरों के प्रति संवेदना का अभाव है। दुख और सुख का अनुभव हमारा मन ही करता है और इंसान अपनी ग़ल्तियों से ही दुखी होता है। एक शिक्षक के लिए यह आवश्यक है कि वह सदैव अपनी वाणी में मिठास रखें एवं दूसरों के लिए सम्मान रखें। प्रतिशोध की अग्नि में जलने से शांति व आनंद चला जाता है, अत- हमेशा क्षमा करने का गुण अपने मन में विकसित करना चाहिए।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र का विषय था ड्ड' ' एन.ई.पी. के अन्तर्गत शिक्षकों का स्किल डेवेलपमेंट'' जिसके अंतर्गत नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नीकल टीचर्स ट्रेनिंग एण्ड रिसर्च के पूर्व डीन डॉ. वी. एच. राधाकृष्णन ने पॉवर पाइंट प्रेज़ेंट प्रस्तुतीकरण द्वारा एन.ई.पी.-2020 को विस्तार से समझाया। शिक्षकगणों के प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्कूलों में एन.ई.पी. लागू होने जा रही है। प्रत्येक शिक्षक को उसका अध्ययन करना अत्यावश्यक है। एन.ई.पी. का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के अलावा उन्हें कौशल सिखाना है ताकि वे केवल नौकरी पर निर्भर न रहें और विभिन्न प्रकार के अपने कौशल से आजीविका कमा सकें। इसके पूर्व डॉ. राधाकृष्णन का विस्तृत परिचय कर्नल नारायण पारवानी ने दिया।

इस कार्यक्रम में सोसाइटी के हीरो ज्ञानचदांनी (उपाध्यक्ष), ए.सी. साधवानी (सचिव), जयमूर्ति (अकेडेमिक हेड), भगवान बाबाणी (प्रशासनिक अधिकारी), मनोहर वासवानी, मिठ्ठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्या आशा चंगलानी, नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या एवं उप प्राचार्या अमृता मोटवानी एवं रेखा केवलानी, सी.एच.आई., गांधीनगर की प्राचार्या प्रिया जैन शर्मा, विद्यासागर पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यिापिका मिष्ठी वासवानी एवें केवलराय चैनराय पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजेश लालवानी, कोआर्डीनेटर्स एवं संस्था के आठों स्कूलों के लगभग 200 गुरुजन उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में हुए कई आयोजन



**भोपाल।** पूरी सृष्टि प्रकृति और पर्यावरण पर निर्भर है। जीने के लिए जिस हवा, पानी, खाद्य की जरूरत होती है, वह पर्यावरण की देन है। इनके बिना सृष्टि और किसी जीव की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इन्ही विचारों को ध्यान में रखते हुए मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेज एवं विभागों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। श्री साई इंस्टीट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद रिसर्च एण्ड मेडिसिन द्वारा भव्य वृक्षारोपण किया गया जिसमें स्टाफ मेंबर्स के साथ छात्र भी शामिल हुए और अपने एवं अपने माता-पिता के जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाने का संकल्प किया। मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के चरक वनऔषधि उद्यान में भी वृक्षारोपण किया गया। फैकल्टी ऑफ़ आयुर्वेद में भी वृक्षारोपण किया गया एवं समस्त फैकल्टी मेंबर्स ,हॉस्पिटल स्टॉफ और छात्र छात्राओं द्वारा पर्यावरण की रक्षा करने की प्रतिज्ञा ली गई।

# एलएनसीटी कॉलेज में युथ एंटरप्रिन्योर कॉन्क्लेव का आयोजन




**भोपाल।** रायसेन रोड एलएनसीटी कॉलेज में युवाओं ने एंटरप्रिन्योर स्किल्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एलएनसीटी ग्रुप्स ऑफ कॉलेज की ओर से 3 जून को एक दिवसीय युथ एंटरप्रिन्योर कॉन्क्लेव 2023 का आयोजन किया गया कॉन्क्लेव का आयोजन कॉलेज के एमबीए विभाग द्वारा किया गया जिसका उद्देश्य उद्यमशीलता की भावना के वातावरण को बढ़ावा देना और अगली पीढ़ी के बिजनेस लीडर्स को प्रेरित करना है। इस कॉन्क्लेव में भोपाल समेत सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के व्यवसाय के क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तियां शामिल हुई और छात्रों से अपनी व्यक्तिगत कहानियों, चुनौतियों और अपनी उद्यमशीलता की यात्रा से सीखे गए पाठों को साझा किया। इस दौरान प्रतिभागियों को प्रमुख उद्यमशीलता के विषयों पर विभिन्न दृष्टिकोणों का पता लगाने का अवसर भी मिला एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. अनुपम चौकसे ने कहा कि 21वीं शताब्दी में स्किल्स को देखते हुए स्टूडेंडस को वह पढ़ाई करनी चाहिए जोकि उनके प्रोफेशनल जीवन में काम आए और साथ ही जो इंडस्ट्री की डिमांड हो। वहीं कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोज भी किया गया छात्रों को म्यूजिक और स्टैंड अप कॉमेडी जैसे इवेंट्स में शामिल होने का मौका मिला।

# किताब लवर्स का बुक फेयर लोड द बॉक्स मानस भवन में आज से 11 जून तक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

शहर में किताब लवर्स द्वारा सस्ती कीमत पर किताबें बेचने में विशेषज्ञता रखने वाले, 4 दिवसीय बुक फेयर का आयोजन किया गया है बुक फेयर 8 जून से मानस भवन, श्यामला हिल्स में शुरू होगा और 11 जून को समाप्त होगा। 4 दिवसीय कार्यक्रम में 20 से अधिक शैलियों से लेकर 10 लाख से अधिक नई और पहले से पसंद की गई पुस्तकें प्रदर्शित होंगी किताब लवर्स बुक फेयर को जो खास बनाता है, वह इसका अभिनव लोड द बॉक्स कॉन्सेप्ट है जिसमें मेले में आने वाले ग्राहक एक बॉक्स के लिए एकमुश्त भुगतान कर सकते हैं और बॉक्स में जितनी किताबें आ सकती हैं उतनी किताबें भर सकते हैं। बॉक्स 1199 रुपये से लेकर 2999 रुपये तक तीन साइज में उपलब्ध हैं।

बुक फेयर के बारे में बात करते हुए किताब लवर्स के सह-संस्थापक और सीईओ राहुल पांडे ने कहा भोपाल में बुक फेयर की मेजबानी करते हुए हमें खुशी हो रही है। शहर में यह हमारा छठवाँ कार्यक्रम है और हम यहां वापस आकर बहुत खुश हैं। हमारा बुक फेयर सबसे सस्ती कीमत पर किताबें प्रदान करता है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पुस्तक पाठकों की एक विस्तृत श्रृंखला को सेवा प्रदान करता है। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, चाहे ग्राहक रहस्य, स्व-सहायता, रोमांस, फिक्शन या नॉन फिक्शन में हों, हमारे पास सभी के लिए किताबें हैं।

भारतीयों की किताब पढ़ने की आदतों के बारे में बात करते हुए राहुल ने कहा विशेष रूप से आज के डिजिटल युग में किताब पढ़ने की आदत में भारी गिरावट आई है जबकि इंटरनेट और सोशल मीडिया हमें जबरदस्त मनोरंजन प्रदान करते हैं वे कभी भी उस ज्ञान की संपत्ति को प्रतिस्थापित नहीं कर सकते जो एक अच्छी किताब पेश कर सकती है हम अधिक लोगों विशेष रूप से माता-पिता से हमारे बुक फेयर में भाग लेने का आग्रह करते हैं, हमारे पास प्रदर्शित पुस्तकों को ब्राउज करें, और देखें कि क्या आप फिर से पढ़ने के प्यार में पड़ सकते हैं। 2019 में अपनी स्थापना के बाद से, किताब लवर्स ने पूरे भारत में 20 शहरों में 50 से अधिक बुक फेयर की मेजबानी की है।

अपने लोड द बॉक्स अभियान के माध्यम से किताब लवर्स एक महत्वाकांक्षी मिशन पर है प्रत्येक भारतीय के लिए पढ़ने को सस्ता और सुलभ बनाना और पूरे देश में पढ़ने के लिए प्यार और आनंद का प्रसार करना। बुक फेयर में प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जा रहा है और विजेताओं को मुफ्त में पुरस्कृत किया जाएगा बुक बॉक्स और डिस्काउंट वाउचर। हमारे बुक फेयर में 500 से अधिक शीर्षकों का हिंदी पुस्तक खंड है एक रीडिंग कॉर्नर होगा जहां लोग किताब पढ़ते समय अपनी मानसिक और व्यक्तिगत जगह महसूस कर सकते हैं बुक फेयर में, हम देश भर के चयनित लेखकों को कवर करते हुए नए लॉन्च किए गए शीर्षकों के लिए अलग सेक्शन भी पेश कर रहे हैं

# कृष्णा गौर ने लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



गोविंदपुरा विधानसभा की विधायक कृष्णा गौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओं के लिए लाडली बहना सहित अनेकों योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने का कार्य कर रही है । शिक्षित युवाओं को 15 जून से शुभारंभ हो रही सीखो-कमाओ योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जायेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा देश एवं जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए आभार जताया। कृष्णा गौर ने जोन 16 की लाडली बहना योजना हितग्राहियों को स्वीकृत पत्र वितरण किया। कृष्णा गौर के साथ पार्षद गण शकुन सिंह लोधी, विकास पटेल, राजू राठौर, उर्मिला मौर्य, शिरोमणि शर्मा, मंडल अध्यक्ष गण निलेश गौर, छोटू पंडित, जिला मंत्री भीकम सिंह बघेल, पूर्व पार्षद एवं वरिष्ठ नेत्री तुलसा वर्मा, भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजू लोधी, विधायक प्रतिनिधि विनोद साहू, मंडल महामंत्री गण सुबोध साहू, विमलेश कुमार, लवकुश यादव, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र त्रिपाठी, विधि प्रकोष्ठ मंडल संयोजक एडवोकेट केपी पाठक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश गौर, समाजसेवी प्रकाश पटेल, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राहुल कुचबंदिया, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रमा कुशवाहा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पटेल, अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदिल सिद्दीकी मंचासिन थे एवं पत्र वितरण किया । संचालन सुबोध साहू एवं आभार राजू लोधी ने किया। कार्यक्रम में कैलाश सोनी, गायत्री गायकवाड, भागवती पटेल, किशनलाल चौरसिया, शिवदयाल मैथिल, रवि लोधी, पूरन माली, कमलेश गंगेले, चंद्रप्रकाश गौर, अभय यादव, अमन ठाकुर, अंकित पटेल, भगवानदास गंगेले, शुभम कोरी, रीना धाकड़, नारायण चंदेल, ज्योति विश्वकर्मा, सविता ठाकुर, राकेश यादव, दिव्या पटेल, सीता चौरसिया, विमलेश ठाकुर, संतोषी विश्वकर्मा तथा अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोक निर्माण विभाग में एक दर्जन अधिकारियों के तबादले

**भोपाल।** भोपाल। मध्य प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में दो चीफ इंजीनियर सहित एक दर्जन अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए गए हैं। रीवा क्षेत्र के प्रभारी मुख्य अभियंता आर एस भील को अब भोपाल में एमपीआरडीसी में पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर प्रमुख अभियंता कार्यालय के अधीक्षण यंत्री ए आर सिंह को रीवा का प्रभारी मुख्य अभियंता बनाया गया है। केपी लखेरा प्रभारी अधीक्षण यंत्री जबलपुर को अब प्रभारी अधीक्षण यंत्री शहडोल बनाया गया है। इसके अलावा 9 सहायक यंत्रियों को भी बदला गया है। इन्हें अब प्रभारी कार्यपालन यंत्री बनाकर जिलों में पदस्थ किया गया है।



# अब स्वच्छता गतिविधियों की महापौर खुद करेगी मॉनीटरिंग

## महापौर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं एनजीओ की बैठक में दिए निर्देश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महापौर मालती राय ने शहर की स्वच्छता की सभी व्यवस्थाओं को उच्च स्तरीय बनाने के दृष्टिगत स्वच्छता संबंधी गतिविधियों एवं कार्यों की निगरानी का जिम्मा पृथक-पृथक जोन क्षेत्रों में पृथक-पृथक एन.जी.ओ. को भी दिया है जो अपने कार्यों के साथ-साथ जोन क्षेत्रों में कचरा पृथक्कीकरण, परिवहन व पृथक-पृथक ही गार्बेज ट्रांसफर स्टेशनों तक पहुंचाने तथा सुलभ/सार्वजनिक शौचालयों की संपूर्ण व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत उक्त कार्यों की भी निगरानी भी करेंगे एवं किसी भी स्तर पर कमी पाए जाने पर निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रतिदिन अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत करायेंगे। उक्त आशय के निर्देश महापौर श्रीमती मालती राय ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं एन.जीओ. की बैठक आहूत कर दिए। महापौर श्रीमती मालती राय ने कहा कि वह स्वयं एवं महापौर परिषद में स्वच्छता एवं पर्यावरण विभाग के प्रभारी सदस्य तथा स्वास्थ्य विभाग के अपर आयुक्त स्वच्छता संबंधी समस्त कार्यों की मॉनीटरिंग करेंगी। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि स्वच्छता संबंधी गतिविधियों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 के निर्धारित मानकों अनुसार सुनिश्चित कराते हुए शहर की सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाना है और जन सहयोग से अपने शहर को स्वच्छता में नंबर 01 भी बनाना है।

महापौर श्रीमती मालती राय ने बुधवार को आई.एस.बी.टी स्थित कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं स्वच्छता से संबंधित कार्यों में संलग्न एन.जी.ओ. की बैठक आहूत की। महापौर श्रीमती राय ने जोनवार स्वच्छता की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की साथ ही एन.जी.ओ. से भी उनके कार्यों के संबंध में चर्चा की। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि स्वच्छता संबंधी सभी गतिविधियों को बेहतर से बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराए। श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि जितने भी एन.जी.ओ स्वच्छता कार्य से संलग्न है उनके दो-दो सदस्य पृथक-पृथक वार्ड क्षेत्रों में स्वच्छता संबंधी कार्यों के साथ ही गीला-सूखा कचरा पृथक्कीकरण के संबंध में जनजागरूकता तथा कचरा पृथक-पृथक एकत्र करने, पृथक-पृथक ही परिवहन कर कचरे को ट्रांसफर स्टेशनों तक पहुंचाने, जोन क्षेत्रों में विद्यमान सुलभ जनसुविधा केन्द्रों की सभी व्यवस्थाओं को समुचित ढंग से सुनिश्चित कराने के कार्य की निगरानी करें। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि एन.जी.ओ के सदस्य प्रतिदिन अपना प्रतिवेदन संबंधित क्षेत्र के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारियों को देंगे और प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी स्वच्छता संबंधी कार्यों में यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे दूर कराकर उच्च स्तरीय स्वच्छता सुनिश्चित करायेंगे। बैठक में अपर आयुक्त श्री एम.पी.सिंह, महापौर परिषद के सदस्यद्वय श्री आर.के.सिंह बघेल व श्री रविन्द्र यति, अधीक्षण यंत्री श्री आर.के.सक्सेना, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी तथा एन.जी.ओ. के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# आरडीएसएस के कार्य निर्धारित समय में गुणवत्ता से पूर्ण हों: प्रमुख सचिव

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे ने जबलपुर में एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी, पॉवर जनरेटिंग कंपनी, पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी एवं पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यों की समीक्षा की। श्री दुबे ने कहा कि विद्युत आपूर्ति और ट्रिपिंग वाले फीडर्स पर सतत् निगरानी और यह सुनिश्चित किया जाये कि राज्य शासन की मंशानुसार घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 24 घंटे एवं कृषिकार्य के लिए 10 घंटे सतत् और निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति की जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत वितरण कंपनी शून्य शकायतों का लक्ष्य ले कर कार्य करें। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने कहा कि रिवेम्पड डस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम अंतर्गत निर्धारित समय में सब स्टेशनों का निर्माण कर ट्रांसफार्मर स्थापित करें। श्री दुबे ने निर्देश दिए कि आरडीएसएस के कार्यों की गुणवत्ता की सतत् मॉनिटरिंग की जाये। उन्होंने पूर्व क्षेत्र कंपनी को मैदानी क्षेत्र में ट्रांसफार्मर्स के रख-रखाव और स्टोर में पर्याप्त ट्रांसफार्मर की उपलब्धता को सुनिश्चति करने के निर्देश भी दिये। प्रमुख सचिव ऊर्जा ने अगले 3 माह में प्रदेश में बिजली की माँग एवं आपूर्ति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश को आने वाले समय में नव एवं नवकरणीय ऊर्जा पूर्व की तुलना में और अधकि मिलना प्रारंभ हो जायेगी। उन्होंने विंड इनर्जी की अधकि से अधिक उपलब्धता को सुनश्चिति करने के निर्देश दिये। दुबे ने कहा कि पॉवर जनरेटिंग कंपनी के ताप एवं जल विद्युत गृह अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए बिजली उत्पादन करें। साथ ही अपने ताप विद्युत गृहों का रख-रखाव निर्धारित समय में पूर्ण कर उन्हें रबी मौसम के लिए तैयार रखें। प्रमुख सचिव ऊर्जा श्री दुबे ने कहा कि पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी गुणवत्तापूर्ण वोल्टेज से निर्बाध बिजली आपूर्ति की गति को बरकरार रखें। प्रदेश में निर्माणाधीन सोलर पॉवर परियोजनाओं में उत्पादित होने वाली विद्युत के पारेषण के लिए जरूरी कार्य प्राथमकिता से पूर्ण करें। दुबे ने आज रामपुर स्थित 33/11 के.व्ही. सब-स्टेशन का निरीक्षण कर पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा किये गये आधुनिकतम तकनीक एवं उपकरण का जायजा लिया। एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक श्री रघुराज राजेन्द्रन, पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री अनय द्विवेदी, पॉवर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी सहित ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधकिारी उपस्थित थे।

# अपैक्स बैंक प्रशिक्षण केंद्र में कर्मचारियों को सिखाया योग





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अपैक्स बैंक के प्रशिक्षण केंद्र पर पूरे प्रदेश से आयें हुए अधिकारी वर्ग के प्रशिक्षणार्थियों को तनाव प्रबंधन एवं व्यक्तित्व विकास में योग अभ्यास का महत्व विषय पर योग गुरु महेश अग्रवाल द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आर पी हजारी जी एवं संकाय सदस्य राजेश कुमार चौरागड़े ने कहा कि योगविद्या भारतवर्ष की सबसे प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति है तथा इसी विद्या के बल पर भारतवासी प्राचीनकाल में सुखी, समृद्ध और स्वस्थ जीवन बिताते थे। पूजा-पाठ, धर्म-कर्म से शान्ति मिलती है और योगाभ्यास से धन धान्य, समृद्धि और स्वास्थ्य। भारत में सुख, समृद्धि, शक्ति और स्वास्थ्य के लिए हर व्यक्ति को योगाभ्यास करना चाहिए।

योग गुरु महेश अग्रवाल ने योग आसनों एवं प्राणायाम के अभ्यास का प्रशिक्षण देते हुए कहा कि हमें योग अभ्यास के द्वारा वह जो मुझमें है, वही सबमें है। वह जो मैं हूँ, वहीं अन्य सभी में है। जीवन में इसी बोध को प्राप्त करना है और इसी का अनुभव करना है। समग्र सृष्टि का यह एक सार है। यह मेरा दृढ़ अनुभव होना चाहिए कि समस्त सृष्टि मुझसे अभिन्न रूप से जुड़ी हुई है, क्योंकि मुझे यह जानना और अनुभव करना चाहिए कि मन, शरीर और इन्द्रियों से बहुत परे एक अदृश्य सम्पर्क सूत्र है, जिसने दृश्य एवं अदृश्य जगत् के विविध मनकों को एक लड़ी में पिरो रखा है। हम रक्त-सम्बन्ध, सामुदायिक सम्बन्ध, सामाजिक सम्बन्ध और विभिन्न प्रकार के सम्बन्धों की चर्चा करते हैं।

# जैन राजनैतिक चेतना मंच का अधिवेशन जुलाई में

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जैन काला तथा उपाध्यक्ष राजीव जैन गिरधरवाल ने मंच के राष्ट्रीय संरक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य,राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष हुकम जैन काका कोटा तथा राष्ट्रीय महामंत्री ललित जैन झांसी के साथ झांसी में विराजित सुधासागर महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा मुनिवर को जैन राजनैतिक मंच के बारे में विस्तृत जानकारी देकर भविष्य की गतिविधि व रूपरेखा के विषय में बताकर गुरुजी के सानिध्य में माह जुलाई में एक वृहद राष्ट्रीय अधिवेशन झांसी में आयोजित करने के लिए निवेदन किया जिस हेतु गुरुजी ने तुरंत स्वीकृति दी। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष जैन काला ने आगे बताया कि माह जुलाई में एक राष्ट्रीय अधिवेशन झांसी में तथा एक इंदौर में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मध्यप्रदेश, राजस्थान तथा छत्तीसगढ़ में विधान सभा तथा बाद में होने वाले लोकसभा चुनावों में जैन समाज को राष्ट्रीय राजनैतिक पार्टियों से टिकिट प्राप्त करने की रूपरेखा पर गहन विचार विमर्श तथा चर्चा होगी साथ ही समाज को देश की सक्रिय राजनीति में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय जनगणना के समय समाज के लोगों के द्वारा फॉर्म में जैन शब्द न लिखने के कारण देश में हमारी संख्या तीन करोड़ से अधिक होने के बावजूद सरकारी रिकॉर्ड में सिर्फ 45 लाख दर्शाई जा रही है अत: अधिवेशन में समाज को जनगणना फॉर्म में जाति व धर्म के कालम में जैन लिखने के लिए जागरूक किया जाएगा।

# प्रदेश में पहली बार एम्स भोपाल में ट्रांसपेरिनियल प्रोस्टेट बायोप्सी सेवाएं शुरू



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स भोपाल के यूरोलॉजी विभाग ने प्रोस्टेट की ट्रांसपेरिनियल बायोप्सी सेवाएं शुरू कर दी है, जिससे प्रोस्टेट के संक्रमण और अन्य जटिलताओं का उपचार समय रहते संभव है । साथ ही प्रोस्टेट के कैंसर की शीघ्र जांच भी संभव है । अब भोपाल का एम्स यह सेवा प्रदान करने वाला मध्य प्रदेश का यह पहला अस्पताल बन गया है । इस अत्यधिक उन्नत उपकरण का उद्घाटन आज एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर (डॉ) अजय सिंह द्वारा किया गया । एम्स भोपाल के यूरो-सर्जन डॉ कुमार माधवन ने किंग्स कॉलेज अस्पताल, लंदन में इस तकनीक का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

डॉ देवाशीष कौशल, प्रभारी यूरोलॉजी विभाग ने कहा कि प्रो (डॉ.) अजय सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में यूरोलॉजी विभाग प्रोस्टेट कैंसर के लिए उन्नत डायग्नोस्टिक प्रणाली की सुविधा प्रदान करते हुए यूरोलॉजिकल सेवाओं में क्रांति ला रहा है । उन्होंने बताया कि प्रोस्टेट कैंसर दुनिया भर में पुरुषों में होने वाला सबसे आम कैंसर है और भारत में भी इसके मामले तेजी से बढ़ रहे हैं।

वृद्धावस्था की बीमारी होने के कारण हमारे देश में आबादी की उम्र बढ़ने के साथ प्रोस्टेट कैंसर रोग का बोझ बढ़ने की संभावना है । हालाँकि, यदि शीघ्र निदान किया जाता है, तो इस रोग का एक बेहतर पूर्वानुमान लगाया जा सकता है । प्रोस्टेट कैंसर के शुरुआती लक्षणों में पेशाब में खून आना, बार-बार पेशाब आना, पेशाब में खिंचाव और पेशाब की धारा का धीमा होना शामिल हैं । 45 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों को इनमें से कोई भी लक्षण दिखाई देने पर जल्द से जल्द किसी यूरोलॉजिस्ट से संपर्क करना चाहिए । यूरोलॉजी विभाग में यूरोलॉजिक कैंसर के लिए एक विशेष क्लिनिक भी है, जो प्रत्येक गुरुवार को दोपहर 2 बजे से चलाया जाता है ।विभाग ने यूरीनरी स्टोन और प्रोस्टेट के लिए हाई पावर लेजर उपचार की सुविधा भी शुरू कर दी है । एक हाई पावर लेजर उपचार में शरीर में कोई भी चीरा लगाए बिना पथरी का इलाज किया जाता है । यह उन बच्चों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जिनके अंग छोटे होते हैं और लेजर मिनी पीसीएनएल और आरआईआरएस जैसी उन्नत तकनीकों के उपयोग से न्यूनतम जटिलताओं के साथ उन्हें पथरी से छुटकारा मिल सकता है ।

# कांग्रेस के आरटीआई प्रकोष्ठ ने उठाया था संपत्ति की जांच का मामला

**भोपाल।** मप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं समस्त प्रकोष्ठों के प्रभारी जे.पी. धनोपिया और मप्र कांग्रेस के आर.टी.आई. प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टण्डन द्वारा बीते 30 मई 2023 को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में एक पत्रकार वार्ता में प्रदेश सरकार के मंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह पर उनके द्वारा चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत शपथ पत्रों, एडीआर रिपोर्ट एवं खसरा अभिलेखों के आधार पर अनुपातहीन संपत्ति होने के आरोप लगाये गये थे।

कांग्रेस नेताद्वय ने भूपेन्द्र सिंह पर यह भी आरोप लगाया था कि उनके एवं उनके परिवारजनों ने 10 वर्ष के भीतर लगभग 46 करोड़ की अकूत संपत्ति अर्जित की है तथा उनके द्वारा आश्चर्यजनक रूप से वर्ष 2018-19 में लगभग 7 करोड़ रूपये वार्षिक आय होने संबंधी रिटर्न प्रस्तुत किया गया था जो कि भूपेन्द्र सिंह द्वारा अर्जित अनुपातहीन एवं आय से अधिक संपत्ति को दर्शाता है। पुनीत टण्डन द्वारा जानकारी दी गई कि विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त द्वारा उक्त आरोपों के आधार पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा लोकसेवक रहते हुए अर्जित की गई संपत्ति के संबंध में जांच पंजीबद्ध करते हुए पंजी क्रमांक 572/सी/2023-24, जाँच क्रमांक 0035/ ई /2023-24 दिनांक 30.05.2023 में पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त को 8 अगस्त 2023 तक प्रतिवेदन उपलब्ध कराये जाने हेतु लिखा गया है। इस मामले में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त ने अनुपातहीन संपत्ति के मामले में जाँच पंजीबद्ध करने के आदेश दिये हैं और पुलिस महानिदेशक लोकायुक्त से 8 अगस्त 2023 तक मांगा जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है।

# निष्ठावान कार्यकर्ताओं की दम पर भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी: गोविंद सिंह राजपूत

### ग्राम पीपरा में आयोजित शक्ति केन्द्र की बैठक में शामिल हुये राजस्व एवं परिवहन मंत्री



**सागर।** ग्राम पीपरा में शक्ति केन्द्र की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पीपरा सहित आस पास के ग्राम के सभी भाजपा कार्यकर्ता एवं पदअधिकारी सम्मिलित हुये। बैठक में राजस्वं एवं परिवहन मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा अपने निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं की दम पर आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है जिसका श्रेय भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को जाता है। श्री राजपूत ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 09 साल बेमिशाल रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर वर्ग के लिये योजनायें बनाई सबका साथ सबका विकास हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चरितार्थ करके दिखाया जहां हर वर्ग को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिया गया इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णयों और दूरदर्शिता का लोहा आज पूरा विश्व मानता है पूरे विश्व में भारत की अलग पहचान है। श्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कदम से कदम मिलाकर हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिये एक बड़ी उपलब्धि दी है हमारी बहनों को हर महीने 1000 रूप्ये की राशि प्रदान की जायेगी जिससे वह अपने घर की आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हैं। र बैठक के दौरान राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं का भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया एवं किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह टिंकू राजा एवं आकाश सिंह राजपूत ने बैठक में आये सभी कार्यकर्ताओं को गमछा पहनाकर उनका सम्मान किया एवं राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया।

बैठक में डॉ. वीरेन्द्र पाठक एवं मंडल अध्यक्ष कमल पटैल, ग्राम पीपरा के शक्ति केन्द्र संयोजक हरिनारायण मिश्रा, संयोजक हैमेश सिंह राजपूत, कार्यसमिति के सदस्य अनिल श्रीवास्तव, बीएलओ राकेश पटैल, महामंत्री अवधेश दुबे, बूथ अध्यक्ष राजेन्द्र कन्हौआ, सेक्टर प्रभारी कमल सिंह, सेक्टर संयोजक अनिल तिवारी, बूथ अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता, राकेश पटैल, जनपद सदस्य जितेन्द्र कन्हौआ, सेक्टर संयोजक रोहित सिंह ठाकुर, मंडल मंत्री एवं पेज प्रभारी राधेश्याम लोधी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 5 राज्यों में वारदातों को अंजाम देने वाला अंतरराज्यीय गिरोह गिरफ्तार

### ट्रक को चोरी कर टुकड़ों में बेच देते थे आरोपी, तीन गिरफ्तार

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



प्रदेश में अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस पूरी सजगता और सतर्कता से कार्य कर रही है। इसी तारतम्य में नरसिंहपुर पुलिस ने तकनीक का प्रयोग कर 5 राज्यों में ट्रक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के हाथ लगे बदमाशों पर कई राज्यों में अपराध दर्ज हैं। नरसिंहपुर पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इनके साथियों की सजगता से तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है कि गिरोह के सदस्य ट्रक चोरी कर उसे टुकड़ों में बेच देते थे। ट्रक चोरी की दर्ज हुई रिपोर्ट: फरियादी पवन पिता परसराम परासर ने 17 मई 2023 को नरसिंहपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 मई 2023 को सुबह 10 बजे उनकी कंपनी का ड्रायवर जुम्मन खान निवासी ग्राम राकई, थाना करेली ट्रक में रेक प्वाइंट नरसिंहपुर से ग्राम अमाडा समिति का यूरिया भर लेकर गया था। उसी दिन शाम 7.30 बजे ट्रक ड्राइवर अमाडा से माल खाली करके जब करेली आया तब उन्होंने उसे फोन लगाकर कहा कि सुबह करेली बस्ती वेयर हाऊस से एफसीआई का गेहूं भरकर नरसिंहपुर ले जाना है, ट्रक को करेली बस्ती में कहीं पर खड़ा कर दो। उनके कहने पर ट्रक ड्रायवर ने ट्रक को कठल पेट्रोल पंप करेली बस्ती के सामने खड़ा कर दिया और घर चला गया। दूसरे दिन सुबह ड्रायवर ने उन्हें बताया कि कठल पेट्रोल पंप के सामने खड़ा ट्रक रात में कोई चुराकर ले गया है। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया ।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गठित की विशेष पुलिस टीम:** ट्रक चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तुरंत विशेष टीम का गठन किया और उनकी तलाश में जुट गई। पुलिस टीम द्वारा विवेचना के दौरान घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया एवं स्थानीय लोगों से पूछताछ की गई। साथ ही सीसीटीवी कैमरों का भी परीक्षण किया। जांच के दौरान पुलिस ने बदमाशों के आने-जाने का रूट चार्ट तैयार किया और टीमों को छिंदवाड़ा, नागपुर, अमरावती, काटोल, सावनेर एवं अन्य स्थानों में तलाश के लिए भेजा। घटना स्थल एवं अन्य जगहों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नंदकिशोर ठाकरे निवासी नागपुर को थाना करेली से गिरफ्तार किया।

**वारदात को अंजाम देने के पूर्व की थी रेकी:** गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर ठाकरे ने पूछताछ में बताया कि चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए उसने दो दिन पहले कृष्णा होटल, नरसिंहपुर में रूककर क्षेत्रीय जानकारियां एकत्रित की और सभी रास्तों में जाकर रेकी की। रेकी के दौरान उसे कठल पेट्रोल पंप एक ट्रक खड़ा दिखा, जिसमें चाबी रखी और डीजल टैंक भरा मिला। तब वह टोल बचाते हुए हर्रई, अमरवाड़ा, छिन्दवाड़ा, उमरानाला, सौसर, लोधीखेड़ा, सावनेर एवं सावरगांव होते हुए बैतूल एवं इंदौर पहुंचा। इस दौरान बैतूल में अखिलेश उर्फ अलकेश पासवान को ट्रक के टायर बेच दिए और ट्रक में पुराने टायर डालकर वह ट्रक को इंदौर ले आया। इंदौर के तेजाजी नगर में उसने सलमान, शाहरुख एवं इमरान से ट्रक को टुकड़ों में कटवा दिया और उनसे 1 लाख 80 हजार रुपए ले लिए।

**निशानदेही पर अन्य आरोपी गिरफ्तार:** आरोपी नंदकिशोर ठाकरे की निशानदेही पर आरोपी अखिलेश उर्फ अलकेश पासवान को बैतूल से एवं शाहरूख को इंदौर से गिरफ्तार कर चोरी गए ट्रक के पार्टस एवं टायर बरामद कर लिए गए। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

**आरोपी पूर्व में भी दे चुका है चोरी की घटनाओं का अंजाम:** पूछताछ में पुलिस को पता चला कि गिरफ्तार आरोपी नंदकिशोर ठाकरे पूर्व में विभिन्न प्रांतों में भी इस प्रकार की ट्रक चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है और उसके खिलाफ विभिन्न राज्यों में 13 चोरी के मामले पंजीबद्ध है। इन राज्यों में तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र आदि राज्य शामिल हैं।

# नपा का भ्रष्टाचार, टैंकर के बाद अब जाली चोरी, एफआईआर

**शिवपुरी।** नगर पालिका शिवपुरी में हाल ही में विधायक निधि से प्रदान किये गए चार टैंकरों की हाई प्रोफाइल चोरी मामले में अभी पूरे टैंकर बरामद भी नही हुए हैं, तब तक नगरपालिका की जालियां चोरी होने की एफआईआर दर्ज़ कराने से मामले ने एक नया मोड़ ले लिया है। बताया जा रहा है कि यह जालिया कोरोना काल में पॉजिटिव मरीजों को क्वारेंटाइन करने हेतु नपा द्वारा उनके घर के दरवाजे पर लगाने के लिए खरीदी गई थीं,इन जालियों की कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है।दूसरी तरफ नगर पालिका से जाली खरीद की फाइल भी गायब बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहन सिंह (50) पुत्र ख्याली कुशवाह (नपा भृत्य) ने कोतवाली थाना पुलिस को एक आवेदन दिया है जिसमें उल्लेख है कि वर्ष 2020-21 में कोरोना काल में बेरीकेड के लिए जालियों का निर्माण कराया गया था जो मरीजों को क्वारेंटाइन करने के लिए लगाई गईं थीं। उसके बाद सभी जालियों को सिटी प्लाजा, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस एवं विभिन्न स्थानों पर रखा गया था,वे अब गायब हैं। मीडिया द्वारा इस मामले को लगातार छापने के बाद सीएमओ केशव सिंह सगर ने जालियों की खरीदी की फाइल की तलाश की,लेकिन फाइल नही मिली। सीएमओ को बताया गया कि आपातकालीन बजट से कोटेशन के आधार पर जालियां आनन-फानन में खरीदी गई थीं,भुगतान कलेक्ट्रेट से हुआ था इसलिए फाईल वहीं है। बताया जा रहा है कि उक्त जालिया नगर पालिका के स्टाक रजिस्टर में नही चढ़ी हैं।

इस चोरी के खुलासे के बाद एक बात तो स्पष्ट है कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी यह संस्था कैसे -कैसे गैरजिम्मेदार अधिकारियों को झेलती आई है।अगर अंदर के सूत्रों की मानें तो नपा को इन भृष्ट अधिकारियों की मनमानी का बहुत बड़ा खामियाज़ा चुकाना पड़ा है। यदि बारीकी से जांच हो जाये तो ना जाने नगरपालिका की कितनी ही संपत्ति इस भृष्ट अफसरशाही की भेंट चढ़ी नज़र आएगी। इसी भ्र्ष्टाचार के चलते पिछले सीएमओ शैलेश अवस्थी को खुद मुख्यमंत्री ने जनता के बीच भरी सभा में सस्पेंड किया था।अब जब कलई खुलना शुरू हुई है तो कितनों के चेहरों से नक़ाब उतरेंगे,यह देखना वाली बात है।

स म्पा द की य

# सहमति नहीं पटाक्षेप हो

पहलवानों के मुद्दे पर लंबे इंतजार के बाद आखिर सरकार की ओर से पहल हुई और पहलवानों के साथ नए सिरे से बातचीत शुरू हुई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दखल देने के बाद बुधवार को केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के आमंत्रण पर पहलवान बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक उनके निवास पर गए। वहां दोनों पक्षों में करीब छह घंटे लंबी बैठक हुई। इसके बाद अनुराग ठाकुर ने पहलवानों को एक बार फिर चर्चा के लिए बुलाया है।

अनुराग ठाकुर कहते हैं कि खिलाड़ियों के साथ सकारात्मक माहौल में बातचीत हुई और 15 जून तक जांच पूरी कर चार्जशीट फाइल कर दी जाएगी। उनसे पहले बजरंग पूनिया ने सिर्फ इतना बताया था कि वे आपस में, किसान नेताओं और खाप पंचायत के प्रतिनिधियों से बातचीत कर आगे का कार्यक्रम बताएंगे, लेकिन यह साफ है कि उनके सामने सरकार की ओर से कुछ ऐसी बातें रखी गई हैं, जिन पर उन्हें साथियों के साथ बातचीत करनी है। खेल मंत्री का बयान इस बात के संकेत तो दे रहा है कि ज्यादातर मांगों पर सहमति बन गई है, लेकिन कहीं न कहीं कोई शर्त भी रखी गई है। पहलवानों की ओर से जो पांच मांगें रखी गई हैं, उनमें भारतीय कुश्ती महासंघ के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना, मौजूदा अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और उनके परिवार को इन चुनावों से दूर रखना, कुश्ती महासंघ की आंतरिक शिकायत समिति की प्रमुख किसी महिला को बनाना और पुलिस कार्रवाई के बाद पहलवानों पर दर्ज केस वापस लेना– इन चार में कोई बड़ी दिक्कत नहीं है।

खबरें भी बताती हैं कि सरकार इन मांगों पर स्वीकार करने को करीब–करीब तैयार हो गई है। मामला पांचवीं मांग को लेकर फंस रहा है, जिसे पहलवान अपनी मुख्य मांग के रूप में पेश करते आए हैं। वह है बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी। जहां पहलवानों के लिए इस मांग पर ढील देने का मतलब अपनी अब तक की लड़ाई को व्यर्थ कर देने जैसा है, वहीं सरकार की इस दिक्कत को भी खारिज नहीं किया जा सकता कि एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद पुलिस इस मामले को देख रही है। जिस तरह के सबूत मिल रहे हैं, उसी आधार पर जांच आगे बढ़ रही है और पुलिस की कार्रवाई भी उसी के अनुरूप होनी चाहिए। अगर किसी दबाव में उससे अलग कदम उठा लिया जाता है तो उसे तथ्यों की रोशनी में अदालत में सही साबित करना मुश्किल हो जाएगा। शायद इसीलिए सरकार की तरफ से यह भरोसा दिलाया गया कि दिल्ली पुलिस जांच पूरी होने के बाद मजबूत चार्जशीट पेश कर देगी। लेकिन पहलवानों के लिए यह तय करना मुश्किल है कि मजबूत चार्जशीट का ठीक–ठीक मतलब क्या निकलेगा।

सरकार किसी भी हालत में बृजभूषण शरण की गिरफ्तारी को टालना चाहती है। और यह बात शुरू से ही समझ में आ रही है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता कि सरकार ऐसा क्यों कर रही है। इसके पीछे बृजभूषण का केवल भाजपा सांसद होना है, या फिर एक बड़ी जाति का प्रतिनिधित्व करना है? नहीं कहा जा सकता। एक सांसद के लिए पार्टी ने पूरे देश में अपने खिलाफ एक तबके में माहौल खड़ा तो कर ही दिया है। वहीं खाप पंचायतों के माध्यम से यह मामला दूसरी जाति का होता दिख रहा है। यदि जाट समुदाय खिलाफ हो गया तो भाजपा के लिए यूपी, हरियाणा और राजस्थान में दिक्कत खड़ी हो जाएगी।

फिलहाल, पहलवानों की शिकायतों और उनके विरोध प्रदर्शन से जुड़ा यह पूरा प्रकरण बहुत लंबा खिंच चुका है। यह और लंबा चला तो देश की साख को वाकई नुकसान पहुंचा सकता है। अभी केवल सरकार के खिलाफ मामला दिख रहा है, भविष्य में खेलों पर भी इसका असर हो सकता है। देश की बदनामी इससे अधिक हो रही है। फिर जब अंतर्राष्ट्रीय स्तर की संस्थाएं ऐसे मुद्दे पर खुलकर भारत की आलोचना करती हैं, तो हम इसे अपने खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय मुहिम का हिस्सा मान लेते हैं। सत्ता में बैठी पार्टी हमेशा यही कहती है कि हमारे खिलाफ कई स्तर पर विरोध हो रहा है। लेकिन पहलवानों जैसे मामले में यदि लापरवाही बरती जाती है तो निश्चित तौर पर देश की साख तो खराब होना तय ही है। इसलिए इस मामले को दो जातियों के बीच का विवाद न बनाया जाए और न ही बनने दिया जाए। इसमें सहमति नहीं, इसका पटाक्षेप ही होना चाहिए।

# विदेशी वकालत के पेंचोंख़म जल्दी ही भारत में दिखेंगे

**–राकेश दुबे**

जल्दी ही देश के न्यायालयों में विदेशी अधिवक्ता/वकील पैरवी करते तो नहीं दिखेंगे, परंतु उनकी सलाह के नज़ारे नज़र आएँगे। सर्वोच्च न्यायालय की अनुमति मिलने के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया/बीसीआई ने इस बारे में नियमन तैयार करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि विदेशी वकीलों और कानून फर्मों को भारत में किस तरह का काम करना है, किस तरह से काम करना हैं और किस तरह का काम नहीं। अब यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि इस कानून के अस्तित्व में आने के बाद देश के अधिवक्ताओं/वकीलों की प्रैक्टिस में बहुत कुछ बदलने वाला है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के नए नियम के मुताबिक, विदेशी वकील और कानून फर्मों को भारत में प्रैक्टिस/अभ्यास करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के साथ पंजीकरण कराने की अनुमति दी गई है। साथ ही यह भी स्पष्ट कर दिया गया है कि इसके तहत वो सिर्फ अपने देश के कानून का अभ्यास करने के हकदार होंगे।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने विदेशी वकीलों की प्रैक्टिस/अभ्यास के लिए कुछ खास नियम बनाए हैं, बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी बीसीआई ने विदेशी वकीलों और कानूनी फर्म को भारत में प्रैक्टिस करने की इजाजत दे दी है। हालांकि अपने फैसले में उसने साफ कर दिया है कि कोई भी विदेशी वकील कोर्ट में पेश नहीं हो सकते हैं, बल्कि वे केवल कॉर्पोरेट लेनदेन से जुड़े हुए कामकाज करेंगे या फिर विदेशी कानून पर अपने मुवक्किल/क्लाइंट को सलाह देने का काम कर सकते हैं।

बीती 13 मार्च 2023 को, बार काउंसिल ऑफ इंडिया/बीसीआई ने एक आधिकारिक सूचना दी, कि अब विदेशी वकील और लॉ फर्म भारत में काम कर सकेंगे। इसके लिए विदेशी विधि पंजीकरण और नियमन–2022 के लिए नियम बनाया गया है। बीसीआई ने साफ कहा है कि कुछ पाबंदियों के साथ इस फैसले से सुनिश्चित किया जाएगा कि यह भारत और विदेशी वकीलों के हित में हो। बता दें कि बीसीआई अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जो भारत में कानूनी प्रैक्टिस और कानूनी शिक्षा की देखरेख करती है।

इस फैसले के बाद बीसीआई ने तर्क दिया है कि



उसके कदम से देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को लेकर होने वाली चिंताएं खत्म हो जाएंगी। इससे भारत अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक गतिविधियों के बीच मध्यस्थता का केंद्र बन जाएगा। ये नियम उन विदेशी लॉ फर्मों को कानूनी स्पष्टता प्रदान करेगा, जो वर्तमान में भारत में बहुत सीमित तरीके से काम करती हैं।

वैसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया देश में विदेशी वकीलों की एंट्री के किसी भी प्रस्ताव का विरोध करता आया है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने भी उसकी बात पर सहमति जताई थी कि मौजूदा कानून के तहत भारत में विदेशी वकीलों को प्रैक्टिस करने की इजाजत नहीं दी जा सकती है। हालांकि, अब नए फैसले से देश में विदेशी अधिवक्ताओं/वकीलों की एंट्री में ज्यादा पेशेवराना रवैया देखने को मिलेगा। विदेशी वकीलों के लिए सीमित दायरे में भी बड़ा मार्केट उपलब्ध होगा, क्योंकि देश में बड़ी संख्या में विदेशी कंपनियां काम कर रही हैं। वहीं, आगे भी कई कंपनियां निवेश करने वाली हैं।

नए नियम के अनुसार, विदेशी वकील और कानून फर्मों को भारत में अभ्यास करने के लिए बार काउंसिल ऑफ इंडिया/बीसीआई के साथ पंजीकरण कराने की अनुमति दी गई है। जिसके तहत वो अपने देश के कानून का अभ्यास करने के हकदार होंगे। इसलिए वे भारतीय कानून का अभ्यास नहीं कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, विदेशी अधिवक्ताओं/वकीलों या विदेशी लॉ फर्मों को किसी भी अदालत, न्यायाधिकरण या किसी भी वैधानिक या नियामक प्राधिकरणों के समक्ष पेश होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

नए नियम के अनुसार, विदेशी अधिवक्ता/वकील और लॉ फर्म केवल बिना मुकदमें वाले मामलों में ही प्रैक्टिस/अभ्यास कर पाएंगे। देश में अभ्यास/प्रैक्टिस करने के लिए विदेशी वकील या फर्मों को बीसीआई के साथ पंजीकरण कराना होगा। जिसके दृष्टिगत विदेशी वकील के लिए रजिस्ट्रेशन चार्ज 25,000 डॉलर है जबकि कानूनी फर्म के लिए 50,000 डॉलर है। ये रजिस्ट्रेशन केवल पांच साल के लिए वैध होगा। वहीं, विदेशी वकील या लॉ फर्म को 6 महीने के भीतर फॉर्म–बी में नवीनीकरण के लिए आवेदन करने की जरूरत है। इसके अलावा, विदेशी वकीलों को संयुक्त उद्यम, विलय और अधिग्रहण, बौद्धिक संपदा से संबंधित मामले, अनुबंध के मसौदे वगैरह मामलों पर प्रैक्टिस करने की इजाजत होगी। वहीं, एक या एक से ज्यादा विदेशी वकीलों या भारत में पंजीकृत विदेशी कानूनी फर्मों के साथ साझेदारी भी कर सकते हैं।

सर्वप्रथम विदेशी कानून फर्मों के भारतीय बाजार में प्रवेश करने का मुद्दा वर्ष 2009 में बॉम्बे हाईकोर्ट के समक्ष पेश किया गया था। तब %लॉयर्स कलेक्टिव बनाम यूनियन ऑफ इंडिया% मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने अनिवार्य रूप से कहा था कि केवल भारतीय कानून की डिग्री रखने वाले भारतीय ही भारत में कानून का अभ्यास कर सकते हैं। उच्च न्यायालय में अधिवक्ता अधिनियम की धारा 29 के अनुसार, केवल बीसीआई के साथ नामांकित अधिवक्ता/वकील ही कानून का अभ्यास कर सकते हैं। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि %अभ्यास% में वादी और गैर–वादी दोनों तरह की प्रैक्टिस/अभ्यास शामिल होंगी। इसलिए विदेशी कंपनियां न तो भारत में अपने ग्राहकों को सलाह दे सकती थीं और न ही अदालत में पेश हो सकती थीं। वहीं, साल 2012 में %एके बालाजी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया% मामले में यह मुद्दा मद्रास हाईकोर्ट के सामने आया था। वर्ष 2015 में, सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में विदेशी कानून फर्मों की प्रैक्टिस को थोड़ी मान्यता दी थी। एके बालाजी बनाम भारत सरकार मामले में मद्रास उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि विदेशी कंपनियां मुकदमेबाजी या गैर–मुकदमेबाजी पक्ष पर तब तक अभ्यास नहीं कर सकती हैं जब तक कि वे अधिवक्ता अधिनियम और बीसीसीआई नियमों को पूरा नहीं करती हैं। वहीं, नए फैसले में ये कहा गया कि विदेशी वकील भारतीय क्लाइंट को केवल अस्थायी आधार पर ही यानी 'फ्लाई इन एंड फ्लाई आउट' मोड पर सलाह दे सकते हैं। फैसले में यह भी कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक आर्बिट्रेशन से संबंधित अनुबंध से जुड़े विवादों के संबंध में आर्बिट्रेशन की कार्यवाही करने के लिए विदेशी वकीलों को भारत आने से कोई रोक–टोक नहीं होगी।

इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय आर्बिट्रेशन मामलों के लिए विदेशी वकीलों के भारत आने पर कोई ऐतराज नहीं है। बस शर्त यही है कि भारतीय कानूनी कोड के नियम उन पर भी लागू होंगे। इससे स्पष्ट हो जाता है कि सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता अधिनियम 1961 (एडवोकेट एक्ट 1961) के प्रावधानों में भी बदलाव किया है, जिसके तहत अंतरराष्ट्रीय कारोबारी मामलों में विदेशी वकीलों पर पूरी तरह से पाबंदी थी।

# जब भी परदे पर आया तो दिलों पर छाया लोक संगीत

जब से फ़िल्में बनना शुरू हुई, तब से अब तक के दौर में बहुत कुछ बदला। सरसरी नजर दौड़ाई जाए तो कई कालखंड ऐसे नजर आएंगे, जब गीतकारों ने हिंदी, उर्दू और पंजाबी के अलावा कई और भाषाओं और बोलियों के गीतों को अपने गीतों में जगह दी! सिनेमा के संगीत ने सिर्फ तुकबंदी वाले गीतों को ही कथानक का हिस्सा नहीं बनाया, बल्कि लोकगीतों को भी उसी शिद्दत से पिरोया गया! इसलिए कि लोक संगीत हमारी संस्कृति का एक सुरीला हिस्सा है! पर्व, तीज, त्यौहार और रस्मों–रिवाजों में गाए और बजाए जाने वाले गीतों को जब फिल्मों ने अपनाया तो वे अपनी सीमा से निकलकर दुनियाभर में छा गए।

इसलिए कि फ़िल्मी गीतों में सिर्फ शब्दों का ताना–बाना नहीं बुना जाता, इसके अलावा भी बहुत कुछ होता है। फिल्म के कथानक और पृष्ठभूमि के अनुरूप गीतों की रचना की जाती है। ऐसे में कई बार जब लोकगीतों को फिल्म के कथानक के अनुरूप पाया जाता है, तो उसे जगह दी जाती है। देखा गया है कि जब भी लोकगीतों और धुनों के प्रयोग किए, वे लोकप्रिय हुए। फिल्मों में बरसों से अलग–अलग प्रांतों का लोक संगीत सुना जा रहा है। लेकिन, सबसे ज्यादा लोकप्रियता मिली पंजाब, उत्तर भारत, राजस्थान और गुजरात के लोक संगीत को! ओपी नैयर, रवि, जीएस कोहली और इसके बाद में पंजाब की पृष्ठभूमि से आए संगीतकारों ने वहाँ के लोक गीतों को फ़िल्मी कलेवर में पिरोया!

1981 में आई 'लावारिस' में अमिताभ बच्चन के कवि पिता हरिवंशराय बच्चन ने अवधी लोकगीत से प्रेरणा लेकर 'मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है' गीत रचा था। ये गीत अपने दिलचस्प अंदाज के कारण बेहद लोकप्रिय भी हुआ। इतने सालों बाद आज भी इसे पसंद करने वालों की कमी नहीं है। इसी तरह यश चोपड़ा की फिल्म 'सिलसिला' का होली गीत 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली' में पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोकगीतों का रंग हैं। लोकगीतों में अजब सी मस्ती होती है, जो सुनने वाले के दिल को प्रफुल्लित कर देती है। होली पर कई गीत गाए जाते हैं, पर बात 'सिलसिला' के लोकगीत 'रंग बरसे' के बिना बात पूरी नहीं होती। अमिताभ के ही गाए 'बागबान' के गीत 'होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुबीरा' भी उतना ही पसंद किया जाता है। 'गोदान' के गीत 'होली खेलत नंदलाल बिरज में' को कोई भूल नहीं सकता! वी शांताराम की फिल्म 'नवरंग' के गीत 'अरे जा रे हट नटखट न खोल मेरा घूँघट' का जादू भी आज तक बरक़रार है।



मनोज कुमार की फिल्म 'क्रांति' के गीत 'चना जोर गरम बाबू' पर भी लोकरंग का प्रभाव स्पष्ट दिखाई दिया था। राजश्री की फिल्म 'नदिया के पार' में पूर्वांचल के एक पारंपरिक ब्राह्मण परिवार का कथानक था, तो वही प्रभाव गीतों में भी नजर आया। फिल्म के सभी गीत अवधी और भोजपुरी के लोकगीतों से प्रभावित थे। इस फिल्म के गीतों में कहीं न कहीं पूर्वांचल के लोकगीत सांस लेते सुनाई दिए थे। 'बहारों के सपने' फिल्म के गीत आजा पिया तोहे प्यार दूं, चुनरी संभाल गोरी उड़ी चली जाए रे में ब्रज के लोकगीतों का असर महसूस किया जा सकता है। 'मिलन' के गीत 'सावन का महीना पवन करे सोर' में भी गाँव के जीवन की निश्छलता दिखाई देती है।

किशोर कुमार की 'पड़ोसन' के गीत 'इक चतुर नार' तथा 'मेरे भोले बलम' गीतों में लोकांचल को कौन महसूस नहीं करता! 'सरस्वतीचंद्र' के गीत 'मैं तो भूल चली बाबुल का देस' और 'अनोखी रात' के गीत 'ओह रे ताल मिले नदी के जल में' भी लोक जीवन की झलक है। राज कपूर की फिल्म 'मेरा नाम जोकर' के गाने मोहे अंग लग जा बालमा, ए भाई ज़रा देख के चलो, तीतर के दो आगे तीतर और 'सावन भादों' के गीत 'कान में झुमका चाल में ठुमका' में तो गाँव महकता है। 'हीर राँझा' फिल्म के गाने तेरे कूचे में तेरा दीवाना, डोली चढ़के, नाचे अंग वे गीतों में तो साफ़ पंजाब की मिट्टी की सुगंध है। नितिन बोस की फिल्म 'गंगा जमना' के गीतों पर उत्तर प्रदेश और बिहार की बोलियों विशेषकर अवधी, भोजपुरी तथा ब्रज की छाप थी। नैन लड़ जइहैं तो मनवां, ना मानूँ ना मानूँ ना मानूँ रे, ढूंढो ढूंढो रे साजना, दो हंसों का जोड़ा, तोरा मन बड़ा पापी जैसे गीत से लोक जीवन से जुड़े थे।

उत्तर भारत की लोक धुनों का भी फिल्मों में जमकर उपयोग हुआ! 'सिलसिला' का होली गीत 'रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे' और 'लम्हे' का 'मोरनी बागा में बोले आधी रात को' अपने माधुर्य के कारण दिल के अंदर तक उतर जाता है। राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने भी 'दिल्ली–6' में छत्तीसगढ़ का लोकगीत शामिल किया था 'सैंया छेड़ देवे, ननंद चुटकी लेवे' को काफी पसंद किया गया! कल्याणजी–आनंदजी, इस्माइल दरबार और संजय लीला भंसाली ने भी अपने गीतों में गुजरात के लोक संगीत की मिठास घोली! गरबा और डांडिया गुजराती लोक संगीत का हिस्सा है। लेकिन, फिल्मों में गुजराती लोक संगीत की शुरुआत का श्रेय कल्याणजी–आनंदजी को दिया जाता है। 'सरस्वतीचंद्र' में लोक धुन पर बना गीत 'मैं तो भूल चली बाबुल का देस' फिल्म की जान बन गया था। उन्हें इस गीत की रचना पर राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। गुजराती लोक धुन पर ही उन्होंने 'जौहर महमूद इन हांगकांग' में 'हो आयो–आयो नवरात्रि त्यौहार हो अंबे मैया' गीत बनाया, जो आज भी सुनाई देता है। गुजरात के संगीत की लोकप्रियता ने ही इसे सिनेमा संगीत में ऊँचा स्थान दिलाया!

'इंग्लिश विंगलिश' की भावुकता 'नवराई माझी लाडा ची' के बिना दिल को पकड़ नहीं पाती। 'माचिस' को याद करते ही 'चप्पा चप्पा चरखा चले' अपने आप होंठों पर आ जाता है। 'मिशन कश्मीर' का गीत 'भुंबरो भुंबरो श्याम रंग भुंबरो' के बिना पूरी नहीं लगती। 'हम दिल दे चुके सनम' में 'निम्बुडा निम्बुडा' ही नायिका के भोलेपन और उसकी अल्हड़ता को उभार सकता है। इतना ही नहीं, फिल्म न चले लेकिन उसके लोकगीत उसे हमारे यादों में बसा देते हैं। चाहे वह 'दिल्ली–6' का 'ससुराल गेंदा फूल' हो या 'दुश्मनी' का 'बन्नो तेरी अखियां सुरमेदानी' गीत हो! 'तीसरी कसम' यदि अमर हुई है, तो वह भी उसके लोक संगीत के कारण। फिल्म संगीत से लोक संगीत की हिस्सेदारी को अलग कर दिया जाए, तो सुरों की ये दुनिया विधवा की जिंदगी की तरह बेरंग हो जाएगी।

'गोदान' का गीत 'पिपरा के बतवा सरीखे मोर मानव के हियरा में उठत हिलोर' नायक के मन में अपने गाँव की हूक जगाता है और गांव की सौंधी सुगंध याद दिलाता है। वैसे ही जैसे 'मेरे देश में पवन चले पुरवाई ओ मेरे देश में' कराता है। 'मेरा रंग दे बसंती चोला मेरा रंग दे चोला' पंजाब का बच्चा–बच्चा गाता है। ऐसा कौन होगा जो 'ए मेरे प्यारे वतन, ऐ मेरे बिछड़े चमन, तुझ पे दिल कुर्बान' पर आँखें नम न करता हो। खासकर वे जो अपने वतन से दूर है तो! क्योंकि, इस गीत में मिट्टी की महक है। ये लोक संगीत की ही तरंग है कि नौशाद एक ही फिल्म में ठेठ भोजपुरी में सुनाते हैं 'नैन लड़ गई हैं तो मनवा मा खटक होई बे करी' तो उसी नायक से पंजाबी ताल पर भी गंवा देते हैं 'उड़े जब जब जुल्फें तेरी' और किसी दर्शक को यह बात खटकती भी नहीं। आज दशकों बाद भी ये दोनों गाने हमें आनंदित करते हैं।

कुछ संगीतकारों के गीतों में तो लोक संगीत की खुशबू ही महकती रही है। नौशाद के गीतों में उत्तर भारत का लोक संगीत महकता था, तो अनिल बिस्वास और सलिल चौधरी के गीतों में रवींद्र संगीत हिलोरें मारता था। खय्याम ने पहाड़ी लोक संगीत से अपने गीतों को समृद्ध किया, तो सचिन देव बर्मन के गीतों में तराई का लोक संगीत था। ओपी नैयर, उनके सहायक जीएस कोहली और उषा खन्ना के गीतों में पंजाब की मस्ती साफ़ सुनाई देती थी जिसे लक्ष्मीकांत प्यारेलाल ने भी कुछ हद तक अपनाया। कल्याणजी–आनंदजी ने गरबे पर आधारित गीतों से चाशनी घोली तो आनंद मिलिंद के पिता चित्रगुप्त ने पूर्वी और उत्तर भारत के लोक संगीत से सिने गीतों को सरोबार किया।

हरिप्रसाद चौरसिया और शिव शर्मा के साथ साथ विशाल भारद्वाज ने उत्तर भारत और कश्मीर के लोकगीतों का सुंदर उपयोग किया है। लक्ष्मीकांत प्यारेलाल और आरडी बर्मन ने गोवा के लोक गीतों को भी अपनाया। बॉबी का 'है है है है रे साहिबा' और 'सागर' का 'ओ मारिया ओ मारिया' ऐसे ही गीत हैं। राजेश रोशन ने इसी तर्ज पर मूंगड़ा रे मूंगड़ा में गुड़ की डली' गीत रचा था। ख़ास बात तो यह कि फिल्मों के गीतों में लोक गीतों का यह घालमेल इतनी सफाई से किया कि दर्शक समझ ही नहीं पाए। 'नया दौर' में धोती–कुर्ता पहने दिलीप कुमार और घाघरा चोली पहने वैजयंती माला पंजाब के लोक गीतों पर क्यों थिरकी या फौजी ड्रेस पहने मिथुन के साथ राजस्थानी वेशभूषा में अनिता राज 'गुलामी' में 'जिहाल ए मस्कीं मकुन ब रंजिश' पर क्यों झूमे! यह लोक संगीत का जादू ही था, जिसने प्रांत और भाषा की दीवार ढहाकर कानों में माधुर्य और पैरों में थिरकन भरने का कमाल किया।

# 'इलेक्ट्रानिक मीडिया'' द्वारा महिला पहलवानों की ''अस्मिता'' को तार-तार करने का प्रयास!

**राजीव खंडेलवाल**

क्या यह कानून का मजाक नहीं है अथवा कानून का खौफ व डर खत्म हो गया है, जहां बृजभूषण शरण सिंह ''पीड़िताओं के शिकन भरे चेहरों'' की तुलना में एक ''सिर झुकाये'' अपराधी का चेहरा लिए बजाए जिस ''बॉडी लेंगवेज''(शरीर की भाषा) के साथ मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मस् पर दर्भीय गॅर्वान्मुक्त मुस्कराहट के साथ महिलाओं पर तंज पूर्वक हंसते हुए धूम रहा है। जिसे कानून, उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रतिपादित सिद्धांत एवं सब नागरिक बराबर है, के संवैधानिक सिद्धांत के अनुसार एक सामान्य नागरिक की हैसियत से झेल रहे यौन शोषण के आरोपों के तहत कभी का गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाना चाहिए था। परन्तु मीडिया तो उसे ''हाथों–हाथ'' झेल रहा है। क्या यह सभ्य समाज पर एक 'तमाचा' नहीं है? अमित शाह से अचानक हुई रात्रि में मुलाकात के बाद कई मीडिया हाउसेस ने खुद को ''सुरक्षित कर'' सूत्रों (विश्वस्त नहीं?) के हवाले से ''प्लांट न्यूज'' ब्रेकिंग न्यूज के रूप में यह समाचार बार–बार प्रसारित किया कि पहलवानों द्वारा आंदोलन समाप्त कर दिया गया है। नाबालिग ने शिकायत वापस ले ली है। धारा 164 के अंतर्गत मजिस्टेड के समक्ष पुन: बयान हो गये है। उक्त समाचार शाम आते–आते तक पहलवानों द्वारा किये गए ट्वीटों से ''सफेद नहीं काला झूठ'' सिद्ध हो गया। यद्यपि नाबालिक के मजिस्ट्रेट के समक्ष पुन: बयान होने के मामले में संशय की स्थिति बरकरार है। परन्तु बेशरम मीडिया ने तथाकथित सूत्रों के हवाले से दिये गये उमरा करने वाले गलत समाचारों के लिए पहलवानों से लेकर देश से माफी तक नहीं मांगी, न खेद व्यक्त किया। शायद इसलिए कि वे समाचार प्रसारित न कर एजेंडा चला रहे थे, जो चल गया। एक बार बंदूक से निकली गोली वापस नहीं आती है।

''एजेंडा मीडिया'' के बीच अपना दायित्व संजीदगी से निपटने के लिए निश्चित रूप से ''द इंडियन एक्सप्रेस'' बधाई का पात्र है। एक्सप्रेस में शुरू से लेकर आज तक महिलाओं की आन, बान व शान बनाए रखते हुए दिन–प्रतिदिन घट रही संबंधित घटनाओं को प्रमुखता से छापा है। अंतत: परिणाम स्वरूप कुछ मीडिया हाउसेस, राजनेताओं व सत्ताधारी दल की कुछ महिला नेत्रियों को भी इन महिला पहलवानों का पक्ष लेना पड़ रहा है। आपको याद होना चाहिए, यह वही इंडियन एक्सप्रेस ग्रुप है, जिसका हिन्दी संस्करण जनसत्ता तथा द स्टेट्समैन आपातकाल में देश के नागरिकों को सही न्यूज मिलने का एक बड़ा माध्यम बना था। जहां जनसत्ता ने विरोध स्वरूप अपना संपादकीय पेज खाली छोड़कर काला पेज छापा था। दिल्ली में घटी वीभत्स साक्षी हत्या कांड को लेकर नारी शक्ति को लेकर मीडिया ने टीआरपी के चलते बहुत बवाल किया। परंतु देश को विश्व में सम्मान दिलाने वाली मेडल लाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवानों के साथ हुए यौन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने की जरूरत नहीं समझी, सिर्फ इसलिए कि आरोपी सत्ताधारी पार्टी का महत्वपूर्ण सांसद (जिसे सरकार का समर्थन प्राप्त है) होकर सरकार से करोड़ों रुपये का विज्ञापन पाने वाले न्यूज चैनल कैसे हिम्मत कर सकते है?

घटना का दूसरा चिंताजनक पहलू ''मीडिया'' से लेकर सोशल मीडिया व समस्त राजनीतिक दल एक ही बात कह रहे है कि बृजभूषण शरण सिंह छ: बार का चुना हुआ सांसद ''माननीय'' है। उत्तर प्रदेश के लगभग छ: लोकसभा क्षेत्रों में वह दबदबा व प्रभाव रखता है। राजनीतिक हितों के कारण उसके विरुद्ध ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही है। कुछ राजनीतिक पंडितों की नजर में सरकार की ''सेहत'' विगत कुछ समय से शायद ठीक नहीं लग रही हैं। इसलिए एक–एक सांसद की कीमत (महत्व) होने के कारण सरकार उनको किसी भी तरह ''टच'' नहीं करना चाहती है, भले ही सांसद को ''टच'' करने का ''पूरा अधिकार'' दे दिया गया हो। सरकार निश्चित रूप से छुआछूत पर विश्वास नहीं करती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को छुआछूत दूर करने के लिए 'टच करने का अधिकार' होना चाहिए? फिर चाहे वह बृजभूषण का ''बैड टच'' ही क्यों न हो? इससे एक बड़ा गंभीर निष्कर्ष शायद यह निकलता है, जो बहुत ही चिंताजनक है कि, क्या जनता की नजर में एक नागरिक जो प्रभावी होकर रसूखदार राजनेता बन जाता है, का चरित्र व नैतिक मूल्यों से ज्यादा उसकी, दादागिरी, डॉनगिरी, बाहुबली, 'जाति' अथवा अकूट धन ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है? ''प्रभुता पाई जाहि मद नाहीं''। इस तरह का कोई ''परसेप्शन या नोशन'' बन जाता है। जैसा कि कहा जाता है, ''परसेप्शन्स आर मोर इंपॉर्टेंट देन द ट्रुथ''।

इस कारण से चुनावी राजनीति में वोटरों पर उसकी तथाकथित मजबूत पकड़ बने रहने के कारण राजनैतिक दलों की ''मजबूरी'' उन्हें हर हालत में अपने साथ बनाए रखने की होती है। यह मजबूरी राजनैतिक दलों से ज्यादा क्या उस जनता की लाचारी, कमजोरी व ''अनैतिकता'' को नहीं दर्शाती है? जिसके चलते ऐसा रसूखदार व्यक्ति अपनी दोनों जेबों में हजारों की संख्या में 'जनता' को रखने का दंभ, उसी जनता के ''विश्वास'' के आधार पर भरता हैं। जनता चुनाव में ऐसे व्यक्ति की जमानत क्यों नहीं जब्त करा देती है? चाहे उसका कद कितना ही बड़ा क्यों न हो? क्योंकि ''पहाड़ से छाया तो वैसे भी नहीं मिलती है''। ऐसा ''परसेप्सन व नरेशन'' वहां की जनता कब देगी? जब एक्शन होगा? कब होगा? क्या चुनाव से पहले इसका कुछ आभास सा होगा? जनता के नैतिक बल व नैतिकता को बढ़ाने के लिए स्वयं को शिष्यों द्वारा भगवान मनवाने, कहलाने वाले वे समस्त आध्यात्मिक धर्मगुरु, संत, महात्मा, महाराज, पंडित, स्वामी, समाज के ठेकेदार व स्वयं जनता का सेवक कहलाने वाले नेता कहां हैं? तब ऐसी जनता का ''नैतिक स्तर'' को गिरने से कौन रोकेगा? ये आध्यात्मिक गुरू देश में धूमधाम से अपने भक्तों, शिष्यों, अनुयायियों को धार्मिक ग्रंथों को सुनाते है, पढ़ाते है और आचार–विचार को सीखने के लिए प्रेरित करते है, वे सब ''नैतिकता का एक पाठ'' साथ में क्यों नहीं पढ़ाते हैं? जो बढ़ती अनैतिकता ही देश की विभिन्न समस्याओं का मूलभूत कारण है। क्या समाज सुधारक का दावा करने वाले ऐसे संतों का यह दायित्व नहीं है? विपरीत इसके पास्को एक्ट के विरूद्ध उसमें संशोधन के लिए व बृजभूषण शरण सिंह के समर्थन में अयोध्या में पांच जून को होने वाली संतो की 'जन चेतना महारैली' को इंडियन एक्सप्रेस में दर्ज दोनों प्राथमिकी में दिये गये के आधार पर यौन शोषण को विस्तृत जानकारी छपने के बाद बढ़ते राजनैतिक, सामाजिक व मीडिया के दबाव के चलते कुछ दिनों के लिए स्थगित करना पड़ गया। क्या ऐसी कार्रवाई उन संतों की भी ब्रजभूषण की श्रेणी में लाकर खडा नहीं कर देते हैं? ऐसे संत समाज पर शर्म आती है। अन्य आध्यात्मिक गुरुओं, संतों की उक्त संतों की इस तरह की हरकत पर ''चुप्पी'' भी क्या देश के प्रबुद्ध जागरूक नागरिक को भी ''चुप्प'' रहने का संकेत तो नहीं दे रही है? दुखद पहलू यह भी है देश की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने वाली देश की सबसे बड़ी सांस्कृतिक संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन महिलाओं के सम्मान की रक्षा के लिए आगे बढ़कर अपने प्रभावों का उपयोग नहीं किया लगता है। इस मामले में राजनीति घुस गई हो।

यौन शोषण के अपराधों में लिप्त राजनेताओं व संतों के मामले में एक बात बड़ी कामन (सामान्य) है वह यह कि दोनों जगह वे माननीय, पूज्यनीय, श्रेष्ठ लोग जनता के बीच अपनी पैठ बनाने या बनाये रखने के लिए जनता के हितों के लिए कुछ कार्य जैसे स्कूल, अनाथालय, गौशाला, हास्पिटल तथा व्यक्ति रूप से गाहे–बगाहे समय–समय पर सहायता देते रहते है। इससे उनकी एक जनसेवक की छवि बनकर उस छवि की आड़ में उन्हें ''महिलाओं की अस्मिता'' से खेलने का ''सुरक्षित अवसर'' मिल जाता है। फिर चाहे वे बृजभूषण शरण सिंह हो या आसाराम बापू जैसे नामों की फेहरिस्त गुजरते समय के साथ बढ़ती ही जा रही है। संतों सहित सभ्य समाज के लिए यह भी चिंतनीय स्थिति है।

अब देश की सेलिब्रिटीज की भी बात कर लेते हैं। खासकर खेलों के सेलिब्रिटीजों की। किसी भी खेल में जहां महिला खिलाड़ी है, और उस खेल संगठन के पदाधिकारी पुरुष होते है, वहां पर जैसा कि कुछ समय पूर्व फिल्म इंडस्ट्रीज में कार्य पाने के लिए 'मीटू' पर पूरे देश में बहस व चर्चा हुई थी, ठीक उसी तरह खेलों में भी आगे बढ़ने के लिए खेल संगठन के कुछ पदाधिकारियों की ''गैर जायज मांगों'' को मानना कई महिला खिलाड़ियों की अपने खेल जीवन को आगे बढ़ाने के लिए मजबूरी हो जाती है, इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। यह मजबूरी उनके लिए ''अंगारों पर लोटने के समान'' होती है। इसलिए खेल जीवन में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना है, तो इन खेल संगठनों के पदाधिकारियों को नाराज करके अपवाद स्वरूप छोड़ कर खिलाडी आगे बढ़ नहीं पाते है, जिसका उल्लेख महिला खिलाड़ियों ने अपनी ''प्राथमिकी'' में भी किया है। इस कटु सत्य की आड़ में उन्हें कई बार जहर पीना पड़ता है। इसलिए हर कोई खिलाडी ऐसे पदाधिकारियों की काली करतूतों के विरूद्ध आवाज तुरंत अथवा सालों–साल तक नहीं उठा पाते हैं। जब इन महिला पहलवान के साथ अति हो गई और उन्होंने यह सोच लिया कि अति शक्तिशाली अध्यक्ष का विरोध करने के लिए अब खिलाडी जीवन को दांव पर लगाने के अलावा अब कोई चारा नहीं बचा है, तब उनकी हिम्मत बढ़ाने का कार्य अन्य खिलाड़ी सेलिब्रिटीज को क्यों नहीं करना चाहिए? जो आमतौर पर नहीं कर रहे हैं। यह इस बात को सिद्ध करता है कि हमारे खिलाड़ियों की नैतिकता खेल के चकाचौंध व आकर्षण के तले दब गई है। वक्त आ गया है, खेल, फिल्म व कला क्षेत्र के अन्य सेलिब्रिटीज अपने अंदर गिरेबान में झांके और इन महिलाओं की ''सशक्त आवाज'' बने। ताकि खेल संगठनों के पुरुष पदाधिकारी व कला फिल्मी क्षेत्रों के 'रहनुमा' भविष्य में अन्य लोगों के साथ इस तरह का दुराचार करने का कोई भी प्रयास करने की हिम्मत न कर सके, जो अंतत: एक नजीर बन सकें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## पीतांबरा पीठ में बीएसएफ जवानों ने योग किया : रिशिता शर्मा




दतिया । पीताम्बरा पीठ में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान अंतर्राष्ट्रीय योग माह मनाने के लिए एक साथ शामिल हुए हैं। यह एकजुटता और प्रतिबद्धता का एक शानदार प्रदर्शन है। सीमा सुरक्षा के प्रति अपने दृढ़ समर्पण के लिए पहचाने जाने वाले 200 से अधिक साहसी पुरुषों और महिलाओं ने योग के प्राचीन अभ्यास में आराम और शक्ति पाई है। अपने कठोर दायित्वों के बावजूद, उन्होंने प्रसिद्ध स्थलों पर योग सत्रों में भाग लेकर शांति और सद्भाव का संदेश फैलाकर अपनी भलाई को प्राथमिकता दी है। आज योग सत्र का आयोजन पीताम्बरा पीठ दतिया में किया गया। जवानों ने योग माह मनाने के लिए 10 किमी तक साइकिल चलाई। कार्यक्रम का आयोजन कमांडेंट ए.के. तिवारी, सेनवेस्टो, बीएसएफ अकादमी टेकनपुर द्वारा किया गया। लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए आईजी/संयुक्त निदेशक श्री बी.के. झा बीएसएफ अकादमी टेकनपुर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे.

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं की जिंदगी बदलने का अभियान



छतरपुर। छतरपुर जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत हितग्राही महिलाओं को स्वीकृति पत्र वितरित किये जा रहें हैं। 10 जून को महिलाओं के बैंक खातों में 1 हजार रुपए की राशि आएगी। इसके बाद आगे की राशि हर महीने की 10 तारीख को आएगी। बुधवार को बिजावर विधायक राजेश शुक्ला ने लाड़ली बहना योजना अंतर्गत बिजावर के विभिन्न वार्डों में घर-घर जाकर लाभार्थी महिलाओं को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। चंदला विधानसभा की ग्राम पंचायत सूरजपुर और बछौन में विधायक राजेश प्रजापति ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 190 हितग्राही लाड़ली बहनों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किये। सभी से अपील करते हुए कहा कि जिन लाड़ली बहनों ने अभी तक डीबीटी नही कराया है वह बैंक जाकर तत्काल करवाएं। यह महिलाओं की जिंदगी बदलने का अभियान है।

## गौरिहार की पंचायत गोयरा में सरपंच पद पर 13 को होगा मतदान

छतरपुर। म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रमानुसार त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 पूर्वाध हेतु छतरपुर जिले की जनपद पंचायत गौरिहार की ग्राम पंचायत गोयरा के सरपंच पद हेतु मतदान ईव्हीएम के माध्यम से 13 जून को प्रातः 7 बजे से शाम 3 बजे तक संपन्न होगा। जिसके लिए गोयरा मे चार मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मतगणना समाप्ति के तुरंत बाद सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा की जायेगी। ई.व्ही.एम. के माध्यम से 17 जून को प्रातः 8 बजे से तहसील कार्यालय गौरिहार में मतगणना की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिये संबंधित ग्राम पंचायत के समस्त प्रकार के आग्नेय शस्त्रों पर 14 जून तक प्रतिबंधित करते हुए ग्राम पंचायत की सीमा अंतर्गत धारा-144 लगाई गई है। साथ ही एसडीएम, तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर, सीईओ जनपद तथा संबंधित अधिकारियों को म.प्र. सम्पत्ति विरूपण अधिनियम अंतर्गत ऐसा व्यक्ति जो सम्पत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना स्याही, रंग से लेखन कार्य करेगा तो संबंधित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। ग्राम पंचायत से संबंधित मतदान दिनांक के दो दिन पूर्व से ही मतदान समाप्ति तक शराब की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। 19 मई से चुनाव आदर्श आचरण संहिता लागू होने पर एसडीएम के द्वारा निर्वाचन अवधि में आमसभा, प्रचार प्रसार हेतु वाहन की अनुमति प्रदान की जाएगी।

## महालक्ष्मी मंदिर में निशुल्क नेत्र शिविर 12 जून को

छतरपुर। नगर अग्रवाल समाज एवं नवयुवक मंडल छतरपुर द्वारा सदगुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुण्ड चित्रकूट धाम के सहयोग से जयनारायण अग्रवाल (जय भैया) की पत्नी गायत्री देवी अग्रवाल की स्मृति में कल्याण परिवार के सौजन्य से आगामी 12 जून को सरानी गेट बाहर स्थित महालक्ष्मी मंदिर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि सदुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के डॉक्टरों की टीम द्वारा 12 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मरीजों की आँखों की जांच कर मोतियाबिंद पाए जाने पर मरीजों को निशुल्क ही वाहन से चित्रकूट ले जाकर लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा और मरीजों को वापस छतरपुर लाया जाएगा। मरीजों के ठहरने व भोजन की भी निशुल्क व्यवस्था रहेगी। शिविर में मरीजों को आधार कार्ड लाना जरूरी होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए मरीज अग्रवाल समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर दाऊ 9425839120, संरक्षक हरि अग्रवाल 9425304645, जिलाध्यक्ष प्रभात सर्राफ 7000959082, नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल 9584615487 और नवयुवक मंडल अध्यक्ष शिवम् अग्रवाल शानू 8962701434 से संपर्क कर सकते हैं।

# बरेली के मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन, बम्होरी में लाडली बहना सम्मेलन हुआ

### उदयपुरा में खुलेगा एसडीएम कार्यालय



बरेली। रायसेन जिले के बम्होरी कस्बा गांव में लाडली बहना सम्मेलन तथा आवासीय भू-अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में महिलाए पहुंची

मुख्यमंत्री ने सिलवानी तथा उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र की जनता को 328 करोड़ चार लाख 20 हजार रुपये के विकास कार्यो की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि लाडली बहना योजना सहित महिला सशक्तिकरण की अनेकों योजनाओ से अगले 5 वर्ष में अन्याय, अशिक्षा और गरीबी को पछाड़कर नया जमाना आएगा , 13 जून को किसानों को 2100 करोड़ का ब्याज माफ होगा, फसल बीमा और किसान सम्मान निधि भी मिलेगी किसानों को मुख्यमंत्री श्री चौहान ने हर गांव में लाडली बहना सेना के तत्काल गठन किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सेनाएं सरकार की आंखे होंगी जो विकास और हितग्राहीमूलक योजनाओ की निगरानी कर उन्हें लागू करवाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटे गांव में 11 और बड़े गांव में 21 बहनों की सेना होगी। उन्होंने कहा कि यह सेना और सभी बहने अब लाडली परिवार होंगी जो सहयोग और संगठन के साथ गरीबी दूर करने का हथियार बनेगी। मुख्यमंत्री ने बहनों को भरोसा दिलाया कि वे अपनी अंतिम सांस तक बेटियों, बहिनों और माताओं के सम्मान के लिए काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि लाडली बहना योजना सामाजिक क्रांति है और महिला सशक्तिकरण के लिए यह नए युग का सूत्रपात है।

कार्यक्रम में बरेली नगर की मुख्य मार्ग की सड़क का भूमि पूजन का कार्य संपन्न हुआ इस बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बरेली नगर परिषद के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री

### यह की घोषणा ---

मुख्यमंत्री ने आयोजित कार्यक्रम मैं विधायक रामपाल सिंह राजपूत के मांग पत्र पर मोहर लगाते हुए बम्होरी को तहसील बनाने एवं बम्होरी में 30 बिस्तर का अस्पताल बनाने की घोषणा की एवं सुल्तानगंज को तहसील का दर्जा और उदयपुरा में एसडीएम कार्यालय खोलने की घोषणा की कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्री डा प्रभुराम चौधरी, सांसद रमाकांत भार्गव, विधायक रामपाल सिंह , विधायक सुरेन्द्र पटवा एवं जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री को लाड़ली बहनो भेंट की राखी

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लाड़ली बहनों के बीच पहुंचकर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। बहनों ने भी मुख्यमंत्री श्री चौहान को राखी भेंट कर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी, हरनाम सिंह राजपूत,संभागायुक्त मालसिंह भयडिया, कलेक्टर अरविंद दुबे, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल तथा जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे।



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक प्रदीप टमटा के सागर प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने उनका आत्मीय स्वागत कर सागर जिले की राजनीतिक परिस्थितियों पर विस्तृत चर्चा की।

## खाद्य सामग्री अमानक होने पर 3 आरोपियों पर 1-1 लाख रूपए का अर्थदण्ड अधिरोपित

छतरपुर,। अपर जिला मजिस्टेऊ्ट एवं न्याय निर्णयन अधिकारी नमः शिवाय अरजरिया द्वारा आदेश पारित करते हुए संबंधित व्यवसायि द्वारा बेची जाने वाली खाद्य सामग्री के सेंपल लिए जाकर राज्य खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भोपाल को परीक्षण के लिए भेजा गया था। नमूना जांच उपरांत मिथ्याछाप अमानक पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी छतरपुर द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(2)(पप).26(2)(अ)की सहपठित धारा 52 धारा 31 (2) की सहपठित धारा 58 का उल्लंघन होने से अनावेदक पीयूष बरसैया तनय राजेन्द्र वरसैंया निवासी सीताराम कॉलोनी छतरपुर अनाया पैकेज ड्रिंकिंग वाटर प्लांट एवं पुरूषोत्तम यादव तनय श्रीराम यादव निवासी ग्राम झींझन थाना नौगांव मे0 श्रीरामदूध डेयरी नौगांव और ओमप्रकाश रैकवार तनय महेश रैकवार निवासी वार्ड क्रमांक 09 स्टेशन मुहलला हरपालपुर तहसील नौगांव मे0राजवीर स्वीट्स के अलग-अलग सेंपल जांच के लिए भेजे गए थे, जो अमानक पाए गए।

## लाडली बहना योजना के हितग्राहियों का हुआ सम्मेलन



बैरसिया। बैरसिया क्षेत्र के ग्राम ललारिया एवं सोहाया में लाड़ली बहना योजना के पात्र हितग्राहियों का सम्मेलन आयोजित किया गया जहां विधानसभा की लाड़ली बहनों को बैरसिया विधायक विष्णु खत्री, जिलाध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि व भाजपा जिला महामंत्री कुबेर सिंह गुर्जर एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा योजना के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में विधायक खत्री ने कहां की हम शासन की सभी हितग्राही योजनाओं को सभी तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं आगामी 10 जून को प्रदेश में इतिहास बनने जा रहा है जब प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जबलपुर में आयोजित एक विशाल महिला सम्मेलन में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश की लाड़ली बहनों के खाते में एक-एक हजार रु ट्रांसफर किए जायेंगे। आगामी समय में लाड़ली बहना सेना का भी गठन किया जाएगा जिसका उद्देश्य शासन की लोककल्याणकारी नीतियों को नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सोहाया, ललरिया, धतूरिया, हिंगोनी, बराई आदि ग्रामों की महिलाओं ने अतिथियों को स्वागत कर इस योजना लिए प्रदेश सरकार का आभार माना।

# हिजाब मामले को लेकर चर्चा मे आये गंगा जमुना स्कूल प्रबंधन पर हुई प्राथमिकी दर्ज

### प्रथमदृष्टया कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा दी क्लीनचिट संदेह के घेरे में

दमोह नगर का गंगा जमना स्कूल में गैर मुस्लिम छात्राओं को हिजाव पहनने मजवूर करने, मुस्लिम पूजा पद्धति और इवादत करने जोर देने के साथ साथ धर्मांतरण के आरोप की जांच और सजा के दायरे में आ रहे गंगा जमना स्कूल संस्थान अव प्रदेश सरकार के मुखिया और गृहमंत्री के सीधे हस्तक्षेप के वाद अव उच्च अधिकार प्राप्त कमेटी की जांच के दायरे में है और रोज नये नये खुलासे सामने आ रहे हैं। और अव विगत दिवस बुधवार को गंगा जमुना स्कूल प्रबंधन पर धारा 295, 506 आईपीसी एवं किशोर न्याय अधिनियम जेजे एक्ट के तहत कोतवाली थाना दमोह में एफआईआर कर ली गयी है।

एफआईआर के वाद अव पूर्व में मामला सामने आने पर दमोह कलेक्टर मयंक अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह की स्कूल प्रबंधन को मामले में क्लीन चिट देने संबंधी कार्यप्रणाली पर प्रश्न उठ खडे हुए हैं क्योंकि विगत दिवस मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला शिक्षा अधिकारी एस के मिश्रा के ऊपर मामले में लीपापोती से नाराज बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा स्याही फेंकने के वाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कोतवाली में घटना की शिकायत करने के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए वताया था कि 30 मई को कलेक्टर द्वारा गंगा जमना



स्कूल को क्लीन चिट देने के संवंध में मैं नहीं जानता हूं ना ही मेरे द्वारा कोई जांच की गयी थी। हमलोगों ने स्कूल में जाकर केवल फ्लैक्स देखा था जो वास्तव में वहां लगा था जिसे हमलोगों द्वारा उतरवा दिया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी के मीडिया में दिये गये इस कथन के वाद कलेक्टर दमोह मयंक अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के 30 मई को ट्वीट कर गंगा जमना स्कूल को क्लीन चिट देने के मामले में उंगली उठने लगी है कि आखिर जिला शिक्षा अधिकारी ने यदि कोई जांच नहीं की तो दमोह कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा गलत ट्वीट क्यों किया गया। ट्वीट में कलेक्टर मयंक अग्रवाल का कहना था कि गंगा जमुना स्कूल के एक पोस्टर को लेकर कुछ लोगों द्वारा फैलाई जा रही जानकारी को लेकर थाना प्रभारी कोतवाली और जिला शिक्षा अधिकारी से जांच कराने पर तथ्य गलत पाए गए, जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसी पर पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा ट्वीट करते हुए कहा गया कि जांच पर आरोप सिद्ध नहीं हुए।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के ट्वीट के वाद प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा द्वारा भी मीडिया को वताया दिया गया था कि जिला शिक्षा अधिकारी को प्रथमदृष्ट्या जांच के लिए भेजा गया था जिसमें छात्रों के परिवार वालों ने कोई शिकायत नहीं की है। इसके बावजूद मैंने पुलिस अधीक्षक को मामले की गहन जांच हेतु वोला है।

ज्ञात हो कि प्रदेश शिक्षा मंत्री ने इंदर सिंह परमार ने भी कहा था कि कलेक्टर पर संदेह हो रहा है क्योंकि कलेक्टर वार वार आगे आकर गंगा जमुना संस्था के वचाव में मीडिया में वयान दे रहे हैं इसका मतलब है कि कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी के संरक्षण में ये गतिविधियां संचालित हो रही थीं।

अव देखना होगा कि प्रदेश के मंत्रियों द्वारा भी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की गंगा जमुना स्कूल मामले में कार्यप्रणाली पर संदेह जताने और अव जांच के बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक की प्रथमदृष्ट्या क्लीनचिट गलत निकलने पर शासन क्या कार्रवाई करता है।

## महाकाल कारीडोर विध्वंस से सहमा प्रशासन सीएम राइज के निरीक्षण में मिली गड़बड़ी

बाड़ी । शहर में मुख्यमंत्री शिवराज जी की सपनों का सीएम राइज स्कूल बन रहा हैं जिसमें ठेकेदार द्वारा निर्माण में बरती जा रही लापरवाही पर बुधवार को पीडब्ल्यूडी प्रमुख अभियंता एस एस ठाकुर ने शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आज निर्माणाधीन स्कूल का निरिक्षण किया ।

स्टाक की रेत पर जाहिर की नाराजगी। मौके पर निरिक्षण के दौरान रेत को हाथ में उठाकर देखते ही प्रोजेक्ट मेनेजर को रेत दिखाते बोले यह रेत की एक बोरी को भोपाल की लेब में चेक होगी क्योंकि यह रेत पुरानी और मिट्टी मिली हुई हैं हिदायत देते हुए कहा कि यह रेत को चार छन्ने में छानने के बाद ही उपयोग में लाई जाए और दूसरे ढेर में शंख कंकर पत्थर अधिक होने से उसमें दो छन्ने लगाकर ही उपयोग में लाए अगर मेरे पास फिर कोई ऐसी शिकायत आई तो में अपनी कार्यवाही करने के स्वतंत्र रहूंगा।

वोड न लगने पर भी नाराजगी जताई । जब हमने अभियंता एस एस ठाकुर से सीएम राइज स्कूल निर्माण ऐजेंसी लागत व ड्राइंग एवं समयावधि का वोड निर्माण स्थल पर नहीं होने का कारण पूछा तो उन्होंने इस पर भी प्रोजेक्टर मेनेजर की खिंचाई करते हुए पूछा कि कब तक लगेगा ..इस पर प्रोजेक्टर ने कहा सर तैयार रखा हैं कल लग जायेगा। गौरतलब हैं कि इस सीएम स्कूल का काम शुरु होने से पूर्व ही इसके ठेकेदार ने नेताओं व कुछ चर्चित पत्रकारों से गोपनीय समझोता कर लिया और नींव से ही भ्रष्टाचार के



साथ काम शुरु कर दिया। इसमें लगने बाली रेत जो वर्तमान में क्षेत्र में रेत खदाने चल रही है बहाँ से न लेकर समझोते में कम कीमत में स्टाक की रेत डलवाई जा रही जिसकी खबर सांध्यप्रकाश में 13 मई को सचित्र प्रकाशित की गई जिस पर संज्ञान लेते हुए बुधवार को भोपाल से पीडब्ल्यूडी अभियंता प्रमुख एस एस ठाकुर निरिक्षण के लिए आये और उन्होंने फिलहाल ठेकेदार की गैर मौजूदगी में प्रोजेक्टर मेनेजर को सख्त हिदायत दी । अब देखना है कि यह चैतावनी कितनी कारगर साबित होती हैं ।

## पद वाले भूतपूर्व हो जायेंगे भाजपा कार्यकर्ता हमेशा रहेगाः कैलाश विजयवर्गीय

### भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विजयवर्गीय व युवा आयोग अध्यक्ष खरे ने जिले में दो बैठक को संबोधित किया

धार। मनावर । गंधवानी विधानसभा के ग्राम जिराबाद में संगठन की महत्वपूर्ण बैठक के पश्चात भाजपा मनावर विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक सांई रेसीडेंसी पर आयोजित की गई 7 विधानसभा चुनावों के अंतर्गत शंखनाद स्वरूप भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाश विजयवर्गीय , युवा आयोग अध्यक्ष श्री निशांत खरे, इंदौर प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी,प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, सांसद छत्तरसिंह दरबार , बड़वानी सांसद गजेन्द्र पटेल, पूर्व मंत्री रंजना बघेल , जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार मेडा,जिला महामंत्री मंडल अध्यक्ष आदि नेता मंचासीन थे 7 भाजपा जिलाध्यक्ष सोमानी ने स्वागत भाषण में सभी विशीष्ट अतिथियों का परिचय देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया और अतिथियों के उच्च पदो पर पहुंचने के पीछे पहले उनकी अथक जमीनी मेहनत जनसेवा मुख्य कारण है 7 युवा आयोग के निशांत खरे ने युवाओं को केन्द्र व राज्य की जनहितैषी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने की बात कही 7 कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वक्ता भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी पराजय से घबराने की बजाय उसको स्वीकार कर भविष्य में विजय का परचम लहराने की बात कही 7 आपने कार्यकताओं से सरल वार्तालाप करते हुए सिर्फ सोशल मीडिया पर सेल्फ़ी लेने के चलन से बचते हुए वास्तविक संगठन के कार्यो को शत प्रतिशत उनके उद्देश्य को पूरा करने का संकल्प दिलाया और कहा कि हम तय समय में लक्ष्य प्राप्त करेंगे तो हमें भारत माँ के वैभव को चरम पर ले जाने से कोई नहीं रोक सकता 7 संगठन व जनप्रतिनिधि पद वाले भूतपूर्व हो जायेंगे लेकिन भाजपा कार्यकर्ता हमेशा रहेंगा 7 विजयवर्गीय का मनावर विधानसभा की ओर से मंडल अध्यक्ष सचिन पाण्डेय, विक्रम निंगवाल, अजय सोलंकी व सचिन जायसवाल ने पुष्प हार से स्वागत किया 7 अतिथियों का स्वागत जनपद सदस्य शिवराम कन्नौज , गणेश जर्मन, कपिल सोलंकी , सौरभ शर्मा, रामेश्वर पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार भाजपा जिला पदाधिकारियों ने किया 7 अतिथियों को कृमशः माझी कहार समाज, विधानसभा संयोजक राजेन्द्र श्रीमाली , विधानसभा विस्तारक नितीन पाठक, नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, जिला अंत्योदय प्रकोष्ठ राजेश तोमर, पार्षद कैलाश राठौड़, नारायण सोनी, लोकेश मुकाती, मांगीलाल, रूपेश नेता , रेणु शर्मा, ममता नामदेव, रीतु मुकाती, सभी मोर्चा व मंडल पदाधिकारी आदि ने स्मृति चिह्न भेट किये 7 लाडली बहना के स्वीकृति पत्र भी अतिथियों ने लाभार्थियों को भेट किये।

## पूर्व सैनिकों व विधवाओं को जमा करानी होगी समग्र आईडी

छतरपुर। छतरपुर जिले के पूर्व सैनिकों एवं विधवाओं को सूचित किया जाता है जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में आपनी समग्र आईडी एवं समस्त जानकारी जल्द से जल्द अनिवार्य रूप से जमा करायें, ताकि सभी पूर्व सैनिकों का डाटा नये ई-पोर्टल में दर्ज किया जा सके, जिससे आपकों जिला सैनिक कार्यालय से मिलने वाले लाभ योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सायक्लोथान का आयोजन

ग्वालियर। बढ़ते तापमान, अप्रत्याशित तूफानों, और धरती माता को हुए अपरिवर्तनीय नुकसान की लगातार याद दिलाने के बीच, विश्व पर्यावरण दिवस आशा की किरण और व्यक्तियों को बदलाव लाने का अवसर प्रदान करता है। इस भावना के साथ, कॉस्मो ग्रुप, दैनिक भास्कर, और ग्वालियर नगर निगम ने साइक्लोथॉन 2023 का आयोजन किया। इस आयोजन का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और ग्वालियर को क्लीन-अप लीडर बनाना है।

साइक्लोथॉन 2023 कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में मुख्य अतिथि महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, संभागीय आयुक्त दीपक सिंह, विशिष्ट अतिथि कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, और नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह की विशिष्ट उपस्थिति के साथ एक भव्य आयोजन होने का वादा करता है। साइक्लोथॉन 2023 एक शानदार आयोजन होने का वादा करता है जो इसकी प्रासंगिकता पर जोर देता है।

चयन प्रक्रिया में निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता सुनिश्चित करते हुए विजेताओं का निर्धारण लकी ड्रॉ द्वारा किया जाएगा। यह रणनीति अलग-अलग कौशल स्तरों और शारीरिक क्षमताओं वाले व्यक्तियों को सफलता के समान अवसर प्रदान करती है। आयोजक सभी पृष्ठभूमि के लोगों को इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने, एकजुटता की भावना और पर्यावरण के लिए साझा जिम्मेदारी का निर्माण करने में विश्वास करते हैं। दौड़ के रोमांच से परे, साइक्लोथॉन 2023 का गहरा महत्व है। प्रतिभागी ग्वालियर को स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाने की शपथ लेंगे। यह वादा पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार प्रथाओं और प्रबंधन की आवश्यकता पर बल देता है।

सामूहिक रूप से इन आदर्शों का पालन करके, दूसरों को सूट का पालन करने और शहरी स्वच्छता और पर्यावरण की चिंता के लिए नए मानक स्थापित करने के लिए ग्वालियर एक रोल मॉडल शहर बनने की उम्मीद करता है। साइक्लोथॉन 2023 का उद्देश्य एक उल्लेखनीय आयोजन होना है जो न केवल पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देता है बल्कि एक स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति ग्वालियर के समर्पण को भी प्रदर्शित करता है। यह आयोजन, जिसमें प्रतिष्ठित अतिथि, प्रसिद्ध नेता और एक उत्सुक समुदाय शामिल होंगे, से व्यापक जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को पर्यावरण सुधार में योगदान करने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद है।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल
जोन क्रमाक - 02, यांत्रिक विभाग

क्रं. 14 /यां.वि./23 भोपाल दिनांक 05.06.2023

निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है।

Tender start Date 05.06.2023 Bid Submmision end Date 19.06.2023 Open Date 20.06.2023

| क्रं. | आनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एसओआर | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_281499_1 | P/F M.S. Chamber and Repairing and Drain Work At Diffrent PLACES WARD No.07, Z-02 | 237841/- | 2378/- | 2000/- | BUILDING ISSR 2021 | 02 month |

1. निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एंव धरोहर राशि एंव अन्य आवश्यक दस्तावेज आनलाईन प्रस्तुत करने होंगे एंव अन्य समस्त विस्तृत जानकारी website htts://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी निविदा के स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास सुरक्षित होगा ।

नि.क्र. 439/023/024

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रं.02, नगर निगम भोपाल

## सैमसंग ने 27,999 रु. में गैलेक्सी एफ54 5जी का अनावरण किया

**गुरुग्राम, एजेंसी।** भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज गैलेक्सी एफ54 5जी के लॉन्च की घोषणा की। यह गैलेक्सी का सबसे प्रीमियम एफ सीरीज़ स्मार्टफोन है। गैलेक्सी एफ54 5जी में स्लीक और प्रीमियम एस्थेटिक्स के साथ आईकोनिक गैलेक्सी सिग्नेचर डिज़ाईन भी है, जो इसे बहुत आकर्षक बनाता है। गैलेक्सी एफ54 5जी में श्रेणी की अग्रणी विशेषताएं, जैसे 108 मेगापिक्सल का नो शेक कैमरा, फ्लैगशिप कैमरा फीचर्स, जैसे एस्ट्रोलैप्स और नाईटोग्राफी, 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी, और शानदार सुपर एमोलेड+ 120 हर्ट्ज़ डिस्प्ले है, जिसके कारण यह उपभोक्ताओं की सर्वोच्च पसंद है। राजू पुल्लन, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट, एमएक्स डिवीज़न, सैमसंग इंडिया ने कहा, ''सैमसंग में हम शक्तिशाली डिवाईसेज़ द्वारा ग्राहकों को सशक्त बनाना चाहते हैं। गैलेक्सी एफ54 5जी का लॉन्च सार्थक इनोवेशन लाने की हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, ताकि यूज़र्स अपनी पूरी क्षमता का विकास कर सकें।

## सर्वोच्च एमएफआई 1 ग्रेड के साथ आरोहण फाईनेंशल सर्विसेज़ को अपने टेक्नॉलॉजीइनोवेशंस के लिए सम्मानित किया गया

कोलकाता , एजेंसी। सर्वोच्च एमएफआई 1 ग्रेड के साथ आरोहण फाईनेंशल सर्विसेज़ ने हाल ही में स्कॉच फिनटेक अवार्ड्स में माईक्रोफाईनेंस ग्राहकों के लिए उद्योग में प्रथम डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म, आरोहणप्रिविलेज़ के लिए ''इनोवेशन इन लेंडिंग''; उद्योग के अग्रणी क्रेडिट स्कोरिंग सिस्टम, निर्णय के लिए ''लेंडिंग सॉल्यूशंस'' और अपना आरोहण के लिए ''फाईनेंशल इंक्लुज़न प्रोग्राम'' की श्रेणियों में पुरस्कार जीता है। आरोहण का क्रडिट स्कोरिंग सिस्टम 'निर्णय' उद्योग में प्रथम है, और अपनी एडवांस्ड एलगोरिद्म एवं समग्र मूल्यांकन के साथ पारंपरिक क्रेडिट मीट्रिक्स के मुकाबले काफी विस्तृत तथ्यों का आकलन करता है।अपना आरोहण कस्टमर ऐप आरोहण के लाखों ग्राहकों के लिए एक 360डिग्री मोबाईल ऐप है। क्षेत्रीय भाषा की क्षमताओं के साथ यह ऐप ग्राहकों को उनके मौजूदा लोन, भविष्य के लोन के लिए पात्रता, और विभिन्न क्रॉस-सेल उत्पादों जैसे बीमा की जानकारी प्रदान करता है, और उन्हें अपनी ईएमआई का भुगतान सीधे ऐप से करने में समर्थ बनाता है।

## रिलायंस ज्वेल्स ने अपने विवाहम संग्रह का अनावरण किया

**मुंबई, एजेंसी।** आभूषण उद्योग में एक प्रसिद्ध नाम, रिलायंस ज्वेल्स को अपने बहुप्रतीक्षित विवाहम संग्रह के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, शादी के गहनों की एक उत्कृष्ट श्रृंखला हर दुल्हन को उसके खास दिन पर रानी की तरह महसूस कराने के लिए डिज़ाइन की गई है, चाहे वह जिंदगी के किसी भी स्तर से आती हो। यह संग्रह भारत भर में क्षेत्रीय दुल्हनों की विविधता और भव्यता को सम्मान प्रदान करता है और उनकी अनोखी शैलियों और प्रेरणाओं को दर्शाता है। अलग-अलग क्षेत्रों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को शामिल करने के साथ, विवाह संग्रह में 15 से ज्यादा विशिष्ट ब्राइडल लुक को भी प्रदर्शित किया गया हैं, जिनमें से प्रत्येक भारत के एक अलग हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। धनी बंगाली दुल्हन से देदीप्यमान ओडिशा दुल्हन तक, आकर्षक महाराष्ट्रीयन दुल्हन से सुरुचिपूर्ण राजस्थानी दुल्हन तक, फैशनेबल मेट्रो दुल्हन से चमकदार पंजाबी दुल्हन तक, सुरुचिपूर्ण तेलुगू दुल्हन से भव्य बिहारी दुल्हन और अन्य सम्मोहक करने वाले और जटिल रूप जो हमारे देश की समृद्ध संस्कृति और शादियों की परंपराओं का उत्सव मनाते हैं। रिलायंस ज्वेल्स ने हर दुल्हन के पहनावे को पूरा करने के लिए गहनों को सावधानीपूर्वक क्यूरेट किया है, जिससे यह सभी ब्राइडल ज्वैलरी की जरूरतों के लिए वन स्टॉप शॉप बन गया है।

## आईआईएम लखनऊ से उद्यम शीलता और नवाचार में एमबीए करने के लिए 30जून 2023 तक कर सकते हैं आवेदन

**लखनऊ।** भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ द्वारा शुरू किए गए उद्यमशीलता और नवाचार में नए एमबीए प्रोग्राम का उद्देश्य संभावित उद्यमियों को अपने स्वयं के उद्यम को सफलतापूर्वक प्रारंभ करने और संचालित करने के लिए पर्याप्त कौशल, ज्ञान और उद्योग का अनुभव प्रदान करना है। यह उद्यमशीलता और नवाचार में अपनी तरह का पहला 16 महीने का एमबीए प्रोग्राम है। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से30 जून 2023 तक या उससे पहले इस प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकते हैं आईआईएम लखनऊ द्वारा शुरू किया गया उद्यमशीलता और नवाचार में एमबीए एक केंद्रित, गहन, और व्यावहारिक प्रोग्राम है जिसका एकमात्र उद्देश्य छात्रों को अपने स्वयं के उद्यम की कल्पना, डिजाइन, निर्माण और लॉन्च करने के योग्य बनाना है। यह पाठ्यक्रम ऐसे व्यक्तियों के लिए तैयार किया गया है जो उद्यमी बनकरअपने स्वयं के उद्यम को लॉन्च करना और उसका प्रबंधन करना और उसे ऊंचाइयों के नए शिखर पर ले जाना चाहते हैं।

## अमेरिकन टूरिस्टर ने अपने नए कैंपेन ‘बॉर्न टू क्रॉस बाउंड्रीज़’ के साथ अनएक्सप्लोर्ड को एक्सप्लोर करने और अपनी लिमिट को चैलेंज करने की कर रहा गुजारिश

**मुंबई।** अमेरिकन टूरिस्टर एक प्रसिद्ध इंटरनेशनल लगेज ब्रांड है, जो पिछले 90 वर्षों से मजबूती के साथ खड़ा है। अमेरिकन टूरिस्टर बैग अपने डिजाइन के साथ, वाइब्रेंट, जॉयफुल और ट्रेंडी बैकपैक्स के साथ-साथ लगेज को दर्शाते हुए, ब्रांड रेसिलेंट, एफीशिएंट और ट्रेंडी प्रोडक्टस का संकेत देता है। इसके अलावा, यह ट्रैवलिंग को फन और एडवेंचर्स बनाने पर जोर देता है। पिछले 7 वर्षों से अमेरिकन टूरिस्टर और उसके ब्रांड एंबेसडर के रूप में दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली की पार्टनरशिप मजबूत होती जा रही है और दोनों ने शानदार और ऑफ बीट कैंपेन को निर्बाध रूप से अंजाम दिया है। पहले के काफी पसंद किए गए कैंपेन की तरह, नया कैंपेन ट्रैवलर्स को उनके प्रतिबंध को खत्म करके अपने एडवेंचर्स साइड को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

## एवीजी लॉजिस्टिक्स ने वित्त वर्ष 23 में 8.33 करोड़ का मुनाफा दर्ज किया

**मुंबई।** रेल, कोल्ड चैन, पीटीएल ट्रांसपोर्टेशन और वेयरहाउसिंग में स्पेशलाइजेशन रखने वाली एक प्रमुख लॉजिस्टिक कंपनी, एवीजी लॉजिस्टिक्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 23 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है।

इस पर टिप्पणी करते हुए कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ,श्री संजय गुप्ता ने कहा,÷हम सहर्ष वित्त वर्ष 23 के मुनाफा में जोरदार वृद्धि की रिपोर्ट दे रहे हैं 7उच्च मार्जिन रिफर और रेल ट्रांसपोर्ट बिजनेस की बढ़ी हुई आय के कारण यह संभव हुआ है।

कंपनी ने क्यूएसआर और कोल्ड चैन साल्यूशंस स्पेस में अपनी क्षमता बढ़ायी है 7 कंपनी ने एफएमसीजी सेगमेंट के लीडरों और क्यूएसआर खिलाड़ियों के साथ कांट्रेक्ट साइन किया है और आइसक्रीम क्षेत्र में प्रवेश किया है 7 उत्तर- पूर्व क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बढ़ाते हुए हमवित्त वर्ष 24 में उच्च मार्जिन रिफर की क्षमता बढ़ा रहे हैं, जिससे हमारी बॉटम लाइन में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सप्लाई चैन बिजनेस को बढ़ाने के लिए हम हमारी वेयरहाउसिंग क्षमता 7 लाख वर्ग फिट क्षेत्र से 9 लाखवर्ग फीट क्षेत्र तक बढ़ाने के लिए भी देख रहे हैं 7 इसमें गोवा में 85,000 वर्ग फिट के वेयरहाउस के अधिग्रहण का समावेश है।

# राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ



**भोपाल।** स्कूल शिक्षा, खेल एवं युवक कल्याण विभाग और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मध्यप्रदेश के 2 शहर भोपाल एवं ग्वालियर में 66वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिताओं का आयोजन 6 से 13 जून तक किया जा रहा है। खेल प्रतियोगिता का ध्येय वाक्य जीत से बढ़कर खेल भावना।

खेल एव युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने 66वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। अध्यक्षता स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसजीएफआई के उपाध्यक्ष श्री मुखतेज सिंह बंदेशा एवं महासचिव अमरजीत शर्मा थे।

मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि आजादी के अमृत काल में भारत ने खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है। यदि शाला स्तर से ही प्रतिभा को पहचान लिया जाए, तो भारत एशियन एवं ओलंपिक खेल में और अधिक पदक प्राप्त कर सकता है। प्रदेश की खेल अकादमी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई खिलाड़ी तैयार किए हैं। पुरातन खेलों को बढ़ावा देते हुए मलखंब को राज्य खेल का दर्जा दिया है। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में खेलों को पाठ्यक्रम में स्थान दिया गया है। अकादमिक के साथ स्कूल स्तर पर खेलकूद गतिविधियों को विस्तार दिया जा रहा है। आधुनिक, परंपरागत एवं ग्रामीण खेलों के प्रोत्साहन के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। मंत्री श्री परमार ने स्वामी विवेकानंद के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि खिलाड़ी किसी भी देश की ताकत होते हैं।

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा श्रीमती रश्मि अरुण शमी ने कहा कि 6 से 13 जून के मध्य विभिन्न राज्यों के लगभग 5256 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। भोपाल एवं ग्वालियर के विभिन्न खेल मैदानों में एथलेटिक्स, फुटबाल, बालीबॉल, बॉक्सिंग, जूडो, टेबल टेनिस, हॉकी एवं बेडमिंटन की प्रतियोगिताएँ होंगी।

विशिष्ट अतिथि एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री अमरजीत शर्मा ने कहा कि शालेय खेलकूद के विस्तार एवं स्कूल स्तर से ही प्रतिभा को पहचानने में खेलकूद की महती भूमिका है। खेल प्रतिभाओं के उचित प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन से कई अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भारत को मिले हैं। मध्यप्रदेश में होने वाली खेल प्रतियोगिताओं से भी कई उत्कृष्ट खिलाड़ी प्राप्त होंगे, जो आने वाले समय में भारत का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर सकेंगे। मशाल प्रज्वलन के साथ ही खेलों का औपचारिक शुभारंभ हुआ। सभी राज्यों के दलों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया। खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई एवं खेल ध्वज खिलाड़ियों को सौंपा गया। रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गये।

स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और खिलाड़ियों ने मलखंब की उत्कृष्ट प्रस्तुति दी। संचालक खेल एवं युवक कल्याण रवि गुप्ता द्वारा ने आभार माना। सचिव खेल एवं युवक कल्याण पी. नरहरि, आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव, अपर मिशन संचालक श्रीमती मनीषा सेतिया, संचालक लोक शिक्षण के.के. द्विवेदी, संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा भोपाल संभाग अरविंद चोरघड़े एवं जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल अंजनी कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे।




डब्ल्यूडब्ल्यूएसओ सिक्यूरिटी एंड फेसिलिटी लिमिटेड ने छात्रों के प्लेसमेंट और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए कर्नाटक विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कंपनी के आउटरीच प्रोग्राम में अच्छा कदम साबित होगा। इस मौके पर वीके पोरवाल, वी पी सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## अपनी कमाई का अधिकांश हिस्सा दान करेंगे निखिल कामथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की बड़ी वित्तीय सेवा प्रदाता कंपनी जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामथ ने अपनी कमाई का अधिकांश हिस्सा दान करने का एलान कर दिया है। इसी एलान के साथ अब कामथ का नाम वारेन बफेट, मेलिंडा फ्रेंच गेट्स और बिल गेट्स की द गिविंग प्लेज में शामिल हो गया है। अजीम प्रेमजी, किरण मजूमदार-शॉ, और रोहिणी व नंदन नीलेकणि के बाद द गिविंग प्लेज लिस्ट में शामिल होने वाले निखिल कामथ चौथे भारतीय व्यक्ति हैं।

## एंड्रॉयड डिवाइस में अब बिना पासवर्ड के मिलेगी हाईटेक सिक्योरिटी, गूगल ने लॉन्च किया ये नया फीचर




गूगल भी समय-समय पर कई तरह के बदलाव करता रहता है। ऐसे में अब एक बार फिर गूगल की तरफ से एंड्रॉयड डिवाइस का इस्तेमाल करने वालों को बड़ी राहत दी है। दरअसल गूगल एंड्रॉयड डिवाइस का इस्तेमाल करने वाले लोगों के लिए साइन अप ऑप्शन के लिए पास की सपोर्ट जारी किया है। गूगल की तरफ से इसको पर्सनल अकाउंट के लिए अतिरिक्त साइन इन ऑप्शन के रूप में पेश कर दिया है। गूगल ने इस नए फीचर्स को वर्क स्पेस अकाउंट और गूगल क्लाउड अकाउंट के लिए भी जारी किया है। इसे अब बिना किसी पासवर्ड की मदद से लॉगिन कर सकते हैं।

**जानिए क्या है पास की डिवाइस-** गूगल की तरफ से जो पास की लॉन्च की गई है ।इसे यूनिक डिजिटल आईडेंटिटी के रूप में पेश किया है, जोकि स्टोर पर रह सकती है। यूएसबी सिक्योरिटी की तरह ही यह डिवाइस काम करेगी। वही आसानी से लॉगिन कर सकते हैं। पास की फीचर्स पासपोर्ट से अधिक सुरक्षित होगी। वही बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन के लिए टच आईडी या फेस आईडी का इस्तेमाल किया जा सकेगा।

**जानिए 'पास की' की खासियत-** बता दें कि यह फीचर्स काफी शानदार है। यह डिवाइस पासवर्ड रहे थे साइन इन मेथड फिशिंग और अन्य सोशल इंजीनियरिंग हमलों के प्रभाव को कम करती है। वही ओपन बीटा लॉन्च के साथ 9 मिलियन से अधिक ऑर्गेनाइजेशन अपने यूजर्स को पासपोर्ट की बजाए पास की का इस्तेमाल करने की अनुमति दे रहा है। जिससे यूजेस गूगल वर्कप्लेस और गूगल क्लाउड अकाउंट में साइन इन कर सकते हैं।

# 2000 के नोट को लेकर इस बैंक ने जारी किया अपडेट, ग्राहकों को डिपॉजिट में नहीं आएगी परेशानी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से 2000 के नोट को चलन से बाहर कर दिया गया है। साथ ही लोगों अपने पास मौजूद 2000 के नोट को बदलवाने के लिए 30 सितंबर तक समय दिया है।

इसे लेकर देश के निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक की ओर से ग्राहकों को एक मेल भेजा गया है, जिसमें तीन बिंदुओं आरबीआई की ओर से लिए गए फैसले को समझाया गया है।

**एचडीएफसी बैंक ने मेल में क्या कहा-** एचडीएफसी बैंक की ओर से ग्राहकों को कहा गया कि आपकी सुविधा और विश्वास हमारे लिए सर्वोपरि है। हम आपको आरबीआई की ओर से जारी किए गए 2000 के बैंकनोट के बारे में अपडेट देना चाहते हैं।

**1. कानूनी रूप से वैध-** बैंक की ओर से कहा गया कि 2000 का नोट अभी भी लीगल टेंडर है। आप लेनदेन करने के लिए कहीं भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं और किसी अन्य व्यक्ति से भुगतान के रूप में स्वीकार भी कर सकते हैं।

**2.आसानी से डिपॉजिट-** एचडीएफसी बैंक की ओर से ग्राहकों को कहा कि किसी भी संख्या में 2000 के नोट बैंक में 30 सितंबर तक डिपॉजिट कर सकते हैं। हालांकि, आपको यहां पर नोट जमा करने के लिए आरबीआई के नियमों का पालन करना होगा। 50,000 से अधिक के नोट जमा करते हैं तो पैन दिखाना होगा।

**3.आसानी से एक्सचेंज-** बैंक की ओर से कहा कि देश भर में मौजूद किसी भी ब्रांच पर जाकर आसानी से 23 मई,2023 से लेकर 30 सितंबर, 2023 के बीच जाकर अधिकतम 20,000 रुपये या 10 दो हजार रुपये के नोट बदल सकते हैं।

**एसबीआई और पीएनबी भी जारी कर चुके हैं एडवाइजरी-** देश के दो बड़े सरकार बैंक एसबीआई और पीएनबी भी 2000 रुपये का नोट बदले को लेकर एडवाइजरी जारी कर चुके हैं। बैंक की ओर से कहा गया है कि 2000 नोट एक्सचेंज करने के लिए कोई भी फॉर्म या स्लिप नहीं भरनी होगी और न ही कोई भी आईडी कार्ड दिखाना होगा।

## ट्रेन हादसे में मृत लोगों को दी श्रद्धांजलि




**ओबैदुल्लागंज संवाददाता।** उड़ीसा के बालासोर में हुए भीषण ट्रेन हादसा से पूरा देश मर्माहात है। मंगलवार को युवा कांग्रेस जिला महासचिव विशाल मदान के नेतृत्व में कैंडल जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि दी।

जिसमें युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव आदिल सिद्दीकी सिमराई , संजय सिंह चौहान, संजय मदान शेंकी, उत्तम यादव, साधु गौर, सामाजिक कार्यकर्ता राजू किंगर ,मटरू मियां कृष्ण गोपाल वैष्णव, सोनू यादव, आशीष यादव ,साबिर भाई, राजा मंसूरी, हाजी भाई, सुनील गुप्ता, पूर्व पार्षद मनीराम कोकोडे ,सचिन चौरसिया, उबेद खान आदि लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## प्रियंका गांधी के जबलपुर आगमन पर अहम बैठक

**सिवनी।** आगामी 12 जून दिन सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की महासचिव श्रीमति प्रियंका गाँधी जी द्वारा मध्यप्रदेश में चुनावी शंखनाद करने महाकौशल की संस्कारधानी जबलपुर आगमन होने जा रहा है। श्रीमति गांधी के आगमन के तैयारियो के संबंध में महिला काँग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमति विभा पटेल जी का आगमन इंदिरा भवन कार्यालय जिला काँग्रेस कमेटी सिवनी में हुआ। जिला काँग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिला महिला काँग्रेस अध्यक्ष श्रीमति चित्रलेखा शाह नेताम के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात इंदिरा भवन प्राँगण स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर श्रीमति विभा पटेल ने माल्यार्पण कर नमन किया एवं उपस्थित समस्त महिला कांग्रेस की पदाधिकारीयों ने पुष्प अर्पित कर पूज्य बापू का स्मरण किया तत्पश्चात जिला महिला कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक को मुख्य रूप से प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती विभा पटेल जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिले के प्रभारी चौधरी गंभीर सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती चित्रलेखा शाह नेताम ने संबोधित किया गया। एवं समस्त कांग्रेस जनों ने प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीया श्रीमती विभा पटेल जी का जन्मदिन केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बैठक में मंच का संचालन श्रीमति अल्पना राणा ने किया एवं पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती कविता कहार द्वारा बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया गया।

# पेज 1 का शेष

### ए.सी. सी. सीमेंट पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति

अधिनियमों के तहत सम्मतियां नहीं लेने की जांच क्यों नहीं की गई । दूसरा, जो विभाग पर्यावरणीय स्वीकृति जारी करता है, वह हर साल मॉनिटरिंग क्यों नही कर रहा था? जो विभाग किसी आरटीआई आवेदन लगने के बाद फिर कंपनियों से प्रतिवाद अनुपालन प्रतिवेदन की मांग करें तो सवाल खड़े होते हैं। जब स्वीकृति की शर्तों में साफ लिखा है कि पर्यावरण मंत्रालय और प्रदूषण नियंत्रण मंडल ? मॉनिटरिंग करेंगें तो वर्ष 2009 से वर्ष 2018 तक प्रोजेक्ट की मॉनिटरिंग क्यों नहीं की गई। तीसरा, क्यों केंद्रीय भूजल मंडल मे भूजल की वार्षिक रिपोर्ट या एनओसी की जांच नही करी ? इस प्रकरण में पर्यावरण स्वीकृति का उल्लंघन तो हुआ है जिस पर एनजीटी ने पेनाल्टी का आदेश भी दिया हैं, मगर यह भी सच है कि संबंधित विभाग भी अपनी तरफ से मॉनिटरिंग करने में सक्षम नही रहे। एसीसी ने अपनी दलील में यह भी कहा है कि जो विभाग मॉनिटरिंग के लिए जिम्मेदार थे, वे अपनी गल्तियों को न मानते हुए ईसी को रिवोक करने तथा यूनिट को बंद करने का फैसला लिया।

जाहिर है, कि इतनी बड़ी यूनिट बंद होने से अर्थव्यवस्था यह भी असर पड़ा होगा। अपनी ओर से एसीसी ने यह भी दलील दी थी कि इस नुकसान के लिए अथार्टीज को व्यक्तिगत कैप से जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। एनजीटी के फैसले को संघोषित किया जाए तो सिआ ने अपनी ठक में जो निर्णय जारी किए उनके अनुसार निर्णय यूं हुए है कि. प्रथम, प्रकरण के 79/2008 हेतु जारी पर्यावरणीय स्वीकृति दि. 25.09.2009 एवं पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरित पत्र दि. 23.02.2018 हेतु जारी रिवोक पत्र दि. 19.12.2021 को निरस्त किया जाए जाता है, तथा पहले और बाद की पर्यावरणीय स्वीकृति की पूर्ति यथावत रहेगी। परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति में निहित शर्तों का परिचालन अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जाए। इस हेतु परियोजना प्रस्तावक एवं समस्त संबंधितों को पत्र के माध्यम से सूचित किया जाए।] द्वितीय, माननीय एनडीटी द्वारा आदेशित कार्रवाई के परिचालन में क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन भोपाल को आदेश की प्रति प्रेषित करते हुए प्रकरण में परियोजना प्रस्तावक यानी मे. एसीसी प्रायवेट लिमिटेड द्वारा वर्ष 2009 से 2018 तक बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के किए गए उत्खनन कार्यो से हुई पर्यावरणीय क्षति का आकलन करवाया जाए। तृतीय, परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति हस्तांतरण दिनांक 23.02.2018 के उपरांत प्रस्तुत छै- नाही अनुपालन प्रतिवेदनों के आधार पर किए गए कार्यो का स्थल निरीक्षण करवाएं जाने एवं यदि पर्यावरण स्वीकृति में निहित शर्तों का उल्लंघन किया गया है तो पर्या- वरण क्षति का आकलन कर सिस्ता कार्यालय को अवगत कराए जाने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भोपाल को पत्र के माध्यम से सूचित किया

**क्या है प्रकरण की अद्यतन स्थिति ?**

एनजीटी से भीवाल के प्रकरण क्र. 09/2022 पारित आदेश दि. 08.09.2022 के पालन में सिआ ने अपने पत्र क्र. 1758 दि. 29.09.22 को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भोपाल को विधिवत् सूचना पत्र प्रेषित कर दिया। आरटीआई से प्राप्त नोटशीट के दुस्तावेजों के अनुसार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने दि. 17.02.23 की नोटशीट में लिखा है कि श्री विश्वबंधु मीणा, वैज्ञानिक डी. मार्च 2023 के प्रथम सप्ताह में स्थल निरीक्षण करके 15 दिनों में रिपोर्ट प्रस्तु करेंगे। ओपन आई न्यूज ने माह अप्रैल 2023 में शीर्ष अधिकारियों से इस बाबद पूछा तो पता चला कि वर्तमान दिनांक तक स्थल निरीक्षण रिपोर्ट तैयार ही नही की गई है। एनजीटी के सितंबर 2022 के आदेश पर क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति ज्यों की त्यों ही हैं।

**ऐसे प्रकरण क्या दर्शातें है?**

देखा जाए तो ऐसे प्रकरण प्रदेश में पर्यावरण नियमों के पालन की धज्जियां उड़ाते हैं! यह कितने ताज्जुब की बात है कि 50 हजार दन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता की सीमेंट कंपनी एसीसी ने 2009 से 2018 तक बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के लाइम स्टोन का खनन किया मगर जिम्मेदार विभागों ( जिन्हें पर्यावरणीय स्वीकृति के आदेश की प्रतियां दी जाती है) को इस तथ्य का आभास तक नही हुआ। जब पर्यावरणीय स्वीकृति की अनुपालन प्रतिवेदनों की प्रतियां पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, सिया तथा प्रदूषण नियंत्रण मंडल को लंबे समय से नही दी जा रही थी तो ये विभाग सुप्तावस्था में क्यों रहे? एसीसी कंपनी ने अपने बेडारी इकाई हेतु भूजल का अनापति प्रमाण पत्र नही लिया तो संबंधित केंडीय भूजल मंडल ने उचित कार्रवाई क्यों नहीं की? पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति दि. 25.03.2009 बिंदु क्र . बी (×!!!) में स्पष्ट है कि पर्यावरण एवं वन मंत्रालय का भोपाल क्षेजीय कार्यालय पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के पालन की मॉनिटरिंग करेगा, और यही शर्त 23-02-18 की पर्यावरणीय स्वीकृति में है? परंतु जिम्मेदार विभागों ने वास्तविकता में अपनी जिम्मेदारी नही निभाई।

ये सच्चाई हैं मगर कड़वी है कि पर्यावरण संरक्षण अधिनियम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर तमाम कानून बनाएं गए हैं, मगर जमीनी स्तर पर इनका पालन कितना होता है, ये ऐसे प्रकरणों से स्पष्ट है! यदि सूचना के अधिकार के तहत पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, प्रदूषण नियंजन मंडल, केंद्रीय भूजल मंडल से दस्तावेज हासिल नही किए जाते तो एसीसी कंपनी जो के वर्षो तक बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के खनन करती रही, वह आगे भीऐस ही करती क्योंकि जिम्मेदार, विभाग अपनी-अपनी जिम्मेदारियां निभा ही नही रहे थे। कल्पना कीजिए कीजिए कि ऐसी कितनी सीमेंट इंडस्ट्रीज और अन्य संस्था संस्थान जो पर्यावरणीय नियमों के दायरे में आते है, किस तरह से नियमों का उल्लंघन करते होंगे जोकि विभागों की मॉनिटरिंग के दायरे में नही आ पाते हैं? सवाल यह भी उठता है कि इतने भारी भरकम नियमों के पालन के लिए जिम्मेवार विभाग मानव संसाधन की ओर से कितने मुबूत है। यह एक जमीनी हकीक है एवं वन मंत्रालय के अधीन कार्यरत विभाग चाहे वह इंडीय कार्यालय पर्यावरण एवं न संगल हो, प्राण नियंत्रण मंडल केंद्रीय भूजल मंडल हो था सिभा हो, सभी जगह संसाधनों खास तौर पर मानव संसाधनों की भारी कमी है। ऐसे में प्रदेश में मौजूद हजारों उद्योगों की विधिवत मानिटरिंग करना कविन कार्य है। परंतु यह भी एक सच्चाई है कि अगर उद्योगों को चलाने वाले परियोजना प्रस्तावक पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करते हैं और उनकी अनदेखी कर जिम्मेदारी सरकारी विभागों पर डालते हैं तो उन्हें पर्यावरण संरक्षण अधि- नियम 1986 की धाराएं 15 एवं 16, तथा धारा 53 तहत दंडित भी किया जाना चाहिए। जो जिम्मेदार अधिकारी पर्यावरण नियमों के पालन करवाने में लगातार असफल होते है अथवा वे अक्षम तथा गैर जिम्मेदार साबित होते है तो निःसंदेह ऐसे अधि- कारियों को भी पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 17 के तहत दंडित करना चाहिए। स्वस्थ पर्यावरण आम आदमी का संवैधानिक अधिकार है, और राइट टू हेल्थ के प्रावधान के तहत स्वच्छ पर्यावरण बनाएं रखना सरकार की जिम्मेदारी है। एक आभ नागरिक या पर्यावरण कार्यकर्ता हर बार विभागों को पर्यावरण नियमों के उल्लंघन से आगाह नही कर सकता है। इसलिए ऐसे प्रकरणों को नजीर मानते हुए सरकार को और ज्यादा मुस्तैदी से काम करना होगा, वर्ना पर्यावरण क्षतिग्रस्त होता रहेगा।

# लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र पाकर खिले महिलाओं के चेहरे

### पिपरियाकलां में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं को किया जागरूक



**छिंदवाड़ा/बिछुआ।** आदिवासी अंचल बिछुआ विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपरियाकलां में बुधवार को मध्यप्रदेश शासन की महत्वकांक्षी योजना लाड़ली बहना के महिलाओं को स्वीकृति पत्र का वितरण किया। ग्राम स्वराज भवन में स्वीकृति पत्र वितरण का कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत् मां सरस्वती के पूजन अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य लखन वर्मा, सरपंच रामसिंग धुर्वे, मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र उमेश साहू, दुर्गेश सोनी, डालसिंग सोनेवार, जमुना चौरिया, किरण वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरोज सोनी, शकुनतला श्रीवास, रोजगार सहायक दिलीप सोनी मोबिलजर मोना वर्मा, मिथलेश सोनी, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के गणेश डेहरिया, विजय वर्मा, बीएसडब्ल्यू प्रतिभागी अनिता सोनी, सीमा सोनी, रामदेवी डेहरिया, लता डेहरिया, पवन कुमारी वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों एवं जन अभियान परिषद के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक, गीतों आदि के माध्यम से महिलाओं को लाड़ली बहना योजना से प्रतिमाह मिलने वाली राशि का परिवार की सामाजिक, आर्थिक स्थितियों को सुदृढ़ बनाने एवं बच्चों को पोषण युक्त आहार देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य लखन वर्मा ने लाड़ली बहनाओं के समक्ष मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का संदेश वाचन किया। सीएम जन सेवा मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सेतु की तरह कार्य रहे हैं। कार्यक्रम के अंत 150 से अधिक महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र वितरण किए गए। स्वीकृति पत्र मिलते ही महिलाओं के चेहरे खुशी से खिल उठें।

## स्व सहायता समूहों की महिलाओं का किया नारी सम्मान योजना हेतु पंजीयन

छिंदवाड़ा - शक्ति अनुपमा स्व सहायता समूह एवं एरिया लेवल फाउण्डेशन की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये द्वारा आज वार्ड नंबर 3 लोहारढाना में स्व सहायता समूहों की महिलाओं का नारी सम्मान योजना के अंतर्गत मिलने वाली 1500 रूपये की राशि एवं 500 रूपये में गैस सिलेण्डर के लिये वार्ड की कुल 30 महिलाओं पंजीयन किया। इस अवसर पर समूह की अध्यक्ष साधना जंघेला, रेखा सूर्यवंशी, संगीता राय, मनीला सुब्बा, सविता राय, कल्पना सूर्यवंशी, संगीता कड़वे, छाया सूर्यवंशी, कमला सूर्यवंशी एवं समूह की अनेक महिलाओं उपस्थित थी। श्रीमती गजभिये ने महिलाओं को आगामी चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनाने एवं कमलनाथ जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दिलवाया और स्व सहायता समूह की सभी महिलाओं से अपील की कि वे भी अपने स्तर पर इस नारी सम्मान योजना का प्रचार - प्रसार करें ताकि अधिक से अधिक संख्या में महिलायें इसका लाभ ले सकें।

## रईस खान की जनपद सदस्यता अयोग्य घोषित



**परासिया।** न्यायालय द्वारा 3 तीन साल की सजा और जुर्माना लगाने के बाद जनपद पंचायत परासिया के क्षेत्र क्रमांक 09 के सदस्य रईस अहमद खान को पद के अयोग्य घोषित कर दिया है। इस संबंध में बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत परासिया द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि माननीय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश छिंदवाड़ा द्वारा एसटी प्रकरण क्रमांक- 2500176/2013 में पारित निर्णय दिनांक 23 मई 2023 के अनुसार श्री रईस खान पिता अजीजुद्दीन खान जनपद क्षेत्र क्रमांक 09 जनपद पंचायत परासिया निवासी रावनवाड़ा तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा के विरुद्ध आदेश पारित कर भारतीय दण्ड संहिता की धारा-147, 148 एवं 325/149 के तहत् कुल 3 वर्ष के सश्रम कारावास से दण्डित किया गया है। अतः उपरोक्त आधार पर मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा-36 में वर्णित प्रावधानों के तहत अनावेदक रईस खान पिता अजीजुद्दीन खान जनपद क्षेत्र क्रमांक-09 जनपद पंचायत परासिया निवासी रावनवाड़ा तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा को निरर्ह होने के कारण जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 09 जनपद पंचायत परासिया के पद से पृथक पारित किया गया है एवं जनपद क्षेत्र क्रमांक- 09 जनपद पंचायत परासिया का पद रिक्त घोषित किया गया है।

एकात्म अभियान के अंतर्गत संकल्प सोसायटी ने कराया योग ध्यान

**अमरवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला



छिंदवाड़ा विकासखंड अमरवाड़ा मे एकात्म अभियान के अन्तर्गत सेक्टर क्रमांक 05 के ग्राम छुई, छुआदेही, हिंगपाणी, चंदनगांव, सहकारी, पौनार, चिखलीवाला, केवलारी, जगन्नाथ, मरकाबाड़ा, आदि ग्रामों में योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन रामचंद्र मिशन हार्टफुलनेस सेंटर से आये मास्टर ट्रेनर की उपस्थिति में जिला समन्वयक श्री कुलदीप सिंह ठाकुर ब्लॉक समन्वयक वंदना रकेसिया जी के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष चंद्रकांत विश्वकर्मा सेक्टर प्रभारी सनत ठाकुर, डी पी मालवीय एव परामर्शदाता भारती सूर्यवंशी के द्वारा योग एव ध्यान का आयोजन किया गया इसमें सभी ग्रामो के लोगों ने बड़ी संख्या मे हिस्सा लिया!

## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना ग्राम सभा का आयोजन आज

छिन्दवाड़ा। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिले में 8 जून को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के अंतर्गत विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। इस ग्राम सभा में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की अंतिम पात्र महिलाओं की सूची के वाचन के साथ ही मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया जायेगा तथा जो महिलायें अभी भी पोर्टल पर डीबीटी इनेबल नहीं दिख रही है, उनकी जानकारी दी जायेगी। इसके अलावा ग्राम सभा के सम्मिलन का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा इस संबंध में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

## बाईपास में चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस ने दी दबिश

अमरवाड़ा। थाना अंतर्गत एनएच बाईपास के पास जुआ के फड़ पर पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई कर 3 जुआरियों को धर दबोचा अमरवाड़ा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक जय सिंह बघेल आरक्षक राजू भारती सैनिक देवेंद्र सूर्यवंशी ने मुखबिर की खबर पर स्वागत लाइन के बाजू में ताश पत्तों पर रुपए का दाव लगाकर हारजीत का जुआ खेलते महेश रामकेश जगपाल को 52 ताश के पत्ते एवं 650 बरामद कर जब्ती बनाकर जुआरियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## कलेक्टर ने उर्वरक वितरण और ब्याज माफ़ी की विस्तृत समीक्षा

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में ज़िले में उर्वरक वितरण और ब्याज माफ़ी की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही सभी समिति प्रशासकों को कड़े निर्देश दिये गये कि अपने अधिकार क्षेत्र की समितियों की मॉनिटरिंग करके किसानों को तत्काल उर्वरक वितरण कराना सुनिश्चित करें जिसकी प्रतिदिन मॉनिटरिंग होगी। उन्होंने ज़िला विपणन अधिकारी को निर्देश दिये कि मार्कफेड के सभी 6 नये विक्रय केंद्र तत्काल प्रारंभ करायें और वितरण स्थल पर किसानों के लिये छाया, पानी आदि की व्यवस्था करायें।

## जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय के मिनी सभाकक्ष में अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के उपनियम 17 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

## नगर पालिका के सभापति पवन सूर्यवंशी द्वारा महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण किया



**परासिया।** परासिया के वार्ड नंबर 11 में लाडली बहन योजना के स्वीकृति पत्र समस्त लाडली बहनों को आंगनवाड़ी मैं वितरण करने का कार्यक्रम रखा गया जिसमें वार्ड की समस्त लाडली बहने उपस्थित रही स्वीकृति पत्र वार्ड के पार्षद लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी के द्वारा समस्त महिलाओं को वितरित किया गया प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में वार्ड के भाजपा नेता राकेश तिवारी जी एवं वार्ड की समस्त मातृशक्ति उपस्थिति रही वार्ड पार्षद पवन सूर्यवंशी के द्वारा समस्त महिलाओं को विश्वास दिलाया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा जो महिलाओं को सशक्त एवं आत्म निर्भर बनाने के लिए लाडली बहन योजना का शुभारंभ किया गया है जिसमें समस्त महिलाओं के खाते में 10 जून को ?1000 की राशि ट्रांसफर की जाएगी साथ ही हर महीने हर लाडली बहन के खाते में ?1000 की राशि आएगी जिससे पूरे प्रदेश की महिला सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनेंगी जिन महिलाओं को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए हैं उनके खाते में निश्चित ही रूप से ?1000 की राशि आएगी जो की पहली किस्त के रूप में प्राप्त होगी वार्ड पार्षद पवन सूर्यवंशी ने वार्ड की समस्त महिलाओं से लाडली बहना योजना का लाभ लेने की अपील की एवं साथ ही इस योजना में अगर किसी भी महिला को लाभ लेने में किसी प्रकार की कोई परेशानी हो रही हो वह पार्षद से एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं इसकी जानकारी समस्त महिलाओं को दी गई

## सेल्फी अभियान व विचार साझा अभियान

छिन्दवाड़ा। जिले के विकासखंड छिन्दवाड़ा की ग्राम पंचायत पिपरिया लालू में आज जनसेवा मित्र मानसी चौरसिया व पूजा मालवी द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार सेल्फी अभियान व विचार साझा अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के महत्व को बताया गया। महिलाओं ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि यह योजना उनके जीवन में एक अमूल्य उपहार के समान है। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद पत्र भी लिखे।

## स्नातकोत्तर कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षायें 20 जून से होंगी प्रारंभ

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाडा की स्नातकोत्तर कक्षाओं की सेमेस्टर परीक्षायें आगामी 20 जून 2023 से प्रारंभ होंगी। विद्यार्थी एम.पी.ऑनलाईन के आईएसएमएस पोर्टल पर 10 जून 2023 तक बिना विलम्ब शुल्क के परीक्षा फार्म भर सकते हैं। शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाडा के प्राचार्य डॉ.पी.आर. चन्देलकर ने बताया कि 20 जून से एम.ए.चतुर्थ सेमेस्टर, 21 जून से एम.एस-सी. व एम.कॉम चतुर्थ सेमेस्टर, 28 जून से एम.कॉम. व्दितीय सेमेस्टर, 30 जून से एम.ए. व्दितीय सेमेस्टर और एक जुलाई से एम.एस-सी. व्दितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रारंभ होंगी।

## नगर में वनवासी लीला कार्यक्रम के प्रतिष्ठा आयोजन का हुआ शुभारंभ

### लछमन चरित का आज किया जायेगा मंचन

छिन्दवाड़ा। राज्य शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन छिंदवाड़ा के सहयोग से गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित मैदान में वनवासी लीला कार्यक्रम के 3 दिवसीय प्रतिष्ठा आयोजन का शुभारंभ हुआ। भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) दिनेश अंगारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रथम दिन की लीला में मिलिन्द त्रिवेदी के संगीत संयोजन में योगेश त्रिपाठी द्वारा तैयार किये गये आलेख पर आधारित निषादराज गुहा की प्रस्तुति हुई जिसका निर्देशन कटनी के योगेश तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर एडीएम ओ.पी.सनोडिया, एसडीएम अतुल सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य सत्येन्द्र सिंह मरकाम, अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पत्रकार और बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य श्री मरकाम ने बताया कि श्री राम कथा साहित्य और लोक आस्था के चरितों की लीला प्रस्तुतियों के प्रथम दिन निषादराज गुहा की प्रस्तुति में केवट कथा व राम वन गमन का मंचन किया

## सामाजिक क्रांति की वाहक बनेगी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनाः पं रमेश दुबे

### 10 जून से लाड़ली बहनों के जीवन में आने वाला है एक नया सवेरा



**चौरई।** भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे जी ने बुधवार को नगर पालिका परिषद चौरई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चयनित बहनों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान कर बहनों को शुभकामनाएं दी। लाडली बहनों से संवाद करते हुए पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा कि लाड़ली बहना योजना महज एक योजना नहीं है बल्कि यह सामाजिक क्रांति की कड़ी है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों के खाते में प्रतिमाह एक हजार रू की राशि शिवराज सरकार भेजेगी जिससे बहने सशक्त हो सकेगी। यह योजना सामाजिक क्रांति की वाहक बनेगी कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष पूर्णिमा शरद जैन, नपा उपाध्यक्ष सिरपत नायक, वरिष्ठ नेता सुरेश शर्मा, संजय सुकांत, सभापति क्रमश सुरेंद्र सोनी, महेंद्र वर्मा, नीलू निर्मलकर, सीएमओ अभयराज सिंह, परियोजना अधिकारी अभिषेक वर्मा समेत नपा अधिकारी कर्मचारी एवं मातृशक्ति मौजूद रहे।

## हिरी मुकासा में नौतपा तपस्या एवं सत्ता कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक कमलेश प्रताप शाह

**अमरवाड़ा।** विकासखंड के ग्राम हिरी मुकासा में आदिवासी धर्म गुरु



दादा सरीफ मसकोले के नौतपा में तपस्या एवं सत्ता कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजा कमलेश प्रताप शाह ने शामिल होकर दादा दरबार में बजरंग बली बांके बिहारी श्री कृष्ण भगवान एवम दादा धूनीवाले की पूजा अर्चना कर क्षेत्र एवं क्षेत्रीय जनता की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की वही ग्राम वासियों द्वारा इस दौरान सत्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बंजारा सत्ता मंडल हिरी मुकासा, युवा मंडल चारगांव सकरवाड़ा चिखली मुकासा अकलमा कुर्सीपार सहित लगभग 18 मंडलों ने अपनी शानदार धार्मिक प्रस्तुति दी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मंडलों को समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। विधायक श्री शाह ने आयोजन समिति को स्वयं की ओर से सहयोग निधि प्रधान की इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंपा लाल कुर्चे विधायक प्रतिनिधि दीपक नेमा कार्यकारी अध्यक्ष रामेश्वर उईके, क्षेत्रीय अध्यक्ष जमुना प्रसाद परतेती, देवकीनंदन मिश्रा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष अनुभव सिंह परिहार, सरपंच सीताराम बंजारा, सकल उईके रूपलाल मसराम सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि गण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन

## किंग मेककर साबित हो सकती है मोनिका मनमोहन शाह बट्टी

**छिंदवाड़ा।** धानसभा चुनाव 2023 में अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मोनिका मनमोहन शाह बट्टी जो कि पूर्व विधायक अमरवाड़ा रह चुके गोंडवाना से कद्दावर नेता मनमोहन शाह बट्टी की सुपुत्री हैं जो अपने पिताजी के जाने के बाद उनकी बागडोर संभाली हुई है और वह अभी राजनीतिक रूप से बहुत ही सक्रिय है देखा जाए तो मनमोहन शाह बट्टी शेर थे तो उनकी बेटी सवा शेरनी की तरह मैदान पर खड़ी है !भले ही अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी की वर्चस्व छिंदवाड़ा जिले भर में है लेकिन उसमे ही सुश्री मोनिका मनमोहन शाह बट्टी ने नेतृत्व कर पूर्व में पंचायत चुनाव में पूरे जिले में त्रिकोणी मुकाबला कर दोनों ही बड़े राजनीतिक दल से टक्कर लेकर पूरे जिले के आंकड़े में तीसरे नंबर पर रहे अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी ने ज्यादा से ज्यादा सरपंच जनपद सदस्य एक जिला पंचायत सदस्य जीता कर अपनी उपस्थिति दमदारी से दर्ज कराइए है आगामी विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी की ओर से सुश्री मोनिका मनमोहन शाह बट्टी बिना किसी वाद-विवाद के पार्टी की ओर से अमरवाड़ा विधानसभा से एकलौती प्रत्याशी भारतीय गोंडवाना पार्टी से है जबकि कांग्रेस भाजपा में दो-दो तीन-तीन प्रत्याशियों की होड़ लगी हुई है अब देखना यह है की फाइनल नाम किसका तय होता है दोनों पार्टियों की ओर से



हालांकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भी चुनाव मैदान में उत्तर सकती है लेकिन छिंदवाड़ा जिले में पार्टी का कोई वर्चस्व नहीं है ना कोई कार्यकर्ता है इसीलिए अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी मनमोहन शाह बट्टी जी की पार्टी को और उनके नाम के सहानुभूति के कारण इस बार विधानसभा चुनाव में अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी को पूर्व पंचायत चुनाव के हिसाब से पार्टी दमखम लगाती है तो वह आसानी से अमरवाड़ा विधानसभा को अपने कब्जा करने में सफल हो सकती है क्योंकि सुश्री मोनिका मनमोहन शाह बट्टी कभी भी किसी भी समय विधानसभा या पूरे जिले के कार्यकर्ता और समाज के समस्याओं के लिए हमेशा समाज के बीच खड़ी रहती हैं और मदद करती है

## हार चढ़ाकर भी न होगी शुद्धि, विनाश काले विपरीत बुद्धिः ओक्टे

### लोकल नेताओं से विश्वास उठ गया, इसीलिये बाहर से बुलाते हैं



छिन्दवाड़ा। सम्पूर्ण जिले की जनता इस बात की गवाह है कि जिले के भाजपा नेता जब-जब भी अपनी झूठी और फर्जी घोषणाओं से आमजन को प्रभावित नहीं कर सके तब-तब इन्होंने अपनी बात में वजन बढ़ाने के लिये प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर के झूठ बोलने में माहिर व शातिर नेताओं को छिन्दवाड़ा बुलवाकर बड़े-बड़े झूठ बुलवाये हैं। इससे यह बात सिद्ध होती है कि नगर सहित जिले की जनता का भाजपा के लोकल नेताओं से विश्वास उठ गया है। अब बाहर से मंगाये गये नेता भी इतने भ्रमित हो चुके हैं कि वे घबराहट में कुछ भी किये व कहे जा रहे हैं। गत दिवस दो महिला सांसदों द्वारा भाजपा के स्वर्णीय नेताओं के साथ पार्टी के चुनाव चिन्ह को हार पहनाकर श्रद्धांजलि देना इसका सबसे बड़ा प्रमाण है परन्तु भाजपा नेता शायद यह भूल गये हैं कि केन्द्र सरकार के 9 साल और राज्य सरकार के 18 सालों में भाजपा ने जिस तरह से जनता को छला है उसका प्रायश्चित कमल फूल की फोटो पर हार चढ़ाकर भी नहीं होगा। हम कह सकते हैं कि हार चढ़ाकर भी ना होगी शुद्धि विनाश काले विपरीत बुद्धि। विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त उदगार व्यक्त करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि छिन्दवाड़ा जिले में श्री कमलनाथ को चुनौती देने के लिये भाजपा ने हर तरह के प्रयोग किये हैं, लेकिन जब जिले की जनता ने इन्हें अस्वीकार किया तब इन्होंने बाहरी नेताओं को बुलाना प्रारंभ किया-जारी वर्ष में अब तक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिंह, केन्द्रीय मंत्री मुरूगन, राज्यमंत्री कमल पटेल, वनमंत्री विजय शाह सहित अन्य मुखबिर, विभिन्न प्रदेशों के सांसद व पदाधिकारियों को छिन्दवाड़ा बुलवाया परन्तु ये सारे के सारे बेदम निकले और गत दिवस छिन्दवाड़ा आई हिसार हरियाणा की सांसद श्रीमती सुनीता दुग्गल व राज्य सभा सांसद श्रीमती कविता पाटीदार ने कमल के फूल पर हार चढ़ाकर भाजपा को श्रद्धांजलि तक दे डाली शायद उन्हें यह पूर्वाभास हो चुका है कि आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का क्या हश्र होने वाला है। श्री ओक्टे ने आगे कहा कि जिले की जनता यह भी जानती है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने अब तक 28 हजार झूठी घोषणायें की और छिन्दवाड़ा जिले के विकास को बाधित करते हुये कमलनाथ सरकार द्वारा स्वीकृत जिले के विकास के लिये बनाई गये विभिन्न योजनाओं को या तो निरस्त कर दिया या उन्हें ठण्डे बस्ते में डाल दिया।

## नाबालिग पीड़िता परिवार सहित शहीद स्मारक में बैठे धरना प्रदर्शन में

### जमानत पर छूटे बलात्कार के आरोपी ने अपनी माँ के साथ मिलकर मामला वापस लेने के लिए किया घिनोना कृत्य



**छिन्दवाड़ा।** कुण्डीपूरा थाना क्षेत्र अंतर्गत परिवार सहित थाना क्षेत्र की एक नाबालिग युवती ने धरना देते हुए बताया कि उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी ने उसका एवं उसके परिवार जनों का जीना दूभर कर दिया है रोते हुए नाबालिग ने बताया कि बलात्कर के आरोपी पड़ोसी युवक अल्ताफ अली उर्फ़ राजा ने घर के बहार किसी काम से निकली नाबालिग को जबरन अपनी माँ के साथ मिलकर पूर्व में दर्ज 354,376 एवं पॉस्को एक्ट के तहत दर्ज मामला वापस लेने के लिय मुझे अपने घर पर जबरन ही खिंच लिया और दोनों माँ-बेटे मुझे मामला वापस लेने के लिए दवाब डालते हुए मुझे धमाकाते हुए जान से मारने की धमकी दी एवं आरोपी की माँ ने आरोपी के साथ मिलकर नाबालिग के गुप्तांगों पर मिर्च पाउडर डालकर उसे प्रताड़ित किया घर में जाकर जब यह बात नाबालिग ने रोते हुए परिजनों को बताई उसके बाद हमने पुरे मामले की शिकायत नगर पुलिस अधीक्षक(CSP)कार्यालय में आज की गई कार्यवाही नहीं होने के चलते हमने सम्बंधित अधिकारियो तक बात पहुँचाने के लिए शहीद स्मारक एकता पार्क के पास धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया वहीँ नाबालिग के पिता ने बताया कि मेरी बेटी पर बुरी नीयत रखने वाले आरोपी पड़ोसी युवक अल्ताफ अली की प्रताड़ना से हम बहुत परेसान है और अल्ताफ एवं उसकी माँ पर कठोर कार्यवाही चाहते है।

## पेयजल सप्लाई पूरी तरह से ठप्प करेंगे नल आपरेटर

### 5 सूत्रीय मांगे नहीं मानने पर 9 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे

**छिंदवाड़ा।** पंचायत से नगर निगम में आए नल आपरेटर 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 9 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। वाल्वमेन संघ के अध्यक्ष सुरेश उईके ने बताया कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा वर्ष 2014 में नगर निगम बनने के बाद से 24 गांव की 16 पंचायत के नल आपरेटर के अलावा पंचायत के सभी कर्मचारियों को नगर निगम में संलग्नीकरण किया गया था और सभी कर्मचारी आज दिनांक तक अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी से कर रहे हैं। लेकिन नल आपरेटरों को कोई सुविधा नहीं मिल रही है। और 8400 रूपए मजदूरी मिल रही है जबकि इसी काम के जलप्रदाय के कर्मचारियों को 25 से 30 हजार रूपए प्रतिमाह मिल रहे हैं। श्री उईके बताया कि कई बार कलेक्टर एवं नगर निगम के कमिश्नर को ज्ञापन देकर वेतन बढ़ाने और ई.पी.एफ. काटने संबंधित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ध्यान आकर्षित कराया गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया है। संघ ने निर्णय लिया है कि यदि मांगे पूरी नहीं की गई तो 9 जून को अनिश्चतकालीन हड़ताल की जाएगी और पेयजल सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी।

## छिन्दवाड़ा पुलिस की तेज कार्यवाही से जमानत में छूटा बलात्कारी पहुंचा सलाखों के पीछे

### नाबालिग बलात्कार पीड़िता को केस वापसी के लिए कर रहा था प्रताड़ित

छिन्दवाड़ा-कुण्डीपूरा थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी ने उसका एवं उसके परिवार जनों का जीना दूभर कर दिया था ऐसे में आज एक शिकायत छिन्दवाड़ा नगर पुलिस अधीक्षक सीएसपी प्रियंका पांडे के संज्ञान में पहुंची जिसपर संवेदनशील अधिकारी श्रीमती प्रियंका पांडे ने ततकाल संज्ञान लेते हुए है तुरन्त कार्यवाही शुरू कर जाँच प्रारंभ कर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया ज्ञात हो की पीड़ित नाबालिग युवती ने सीएसपी श्रीमती प्रियंका पांडे को लिखित शिकायत में बताया कि उसके साथ पिछले वर्ष आरोपी पड़ोसी युवक अल्ताफ अली उर्फ़ राजा ने उसके साथ बलात्कर किया था और 4 महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर छूटते ही आरोपी युवक लगातार उसे केस वापसी का दबाद दे रहा था इसी तारतम्य में आरोपी ने नाबालिग के साथ आभद्र व्यहवाहर करते हुए उसके साथ छेड़खानी की थी जिसकी शिकायत के आधार पर छिन्दवाड़ा एसपी विनायक वर्मा एएसपी संजीव उइके जी के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा सीएसपी श्रीमती प्रियंका पांडे ने टीआई कुण्डीपूरा थाना महेंद्र भगत के साथ मिलकर निष्पक्ष जांचकर आरोपी अल्ताफ आली को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पंहुचा दिया छिन्दवाड़ा पुलिस सीएसपी श्रीमती प्रियंका पांडे की त्वरित कार्यवाही से पीड़िता के परिजन अब संतुष्ठ दिखाई दिए वही पुलिस की तेजतर्रार कार्यवाही से हिन्दू संगठन से जुड़े चीकू पाल, संदीप यादव, योगेश काहर, तरुण दुबे ने हर्ष व्यक्त करते हुए छिन्दवाड़ा पुलिस की सराहना की

## मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के स्वीकृति पत्रों का शत-प्रतिशत वितरण आज सुनिश्चित कराएंः कलेक्टर

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि जिले की पूरी टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं के ई-केवायसी कार्य को लगभग 98 प्रतिशत पहुंचा दिया है। इसके लिए उन्होंने पूरी टीम विशेषकर फील्ड के अमले की सराहना करते हुए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी 2 दिवसों में और मेहनत करते हुये इसे शत-प्रतिशत करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जिले में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को स्वीकृति पत्रों के वितरण का कार्य लगातार जारी है। लगभग 3 लाख 31 हजार से ज्यादा महिलाओं को स्वीकृति पत्रों का वितरण का कार्य किया जा चुका है।

## गायन में मयूर, वैष्णवी, वादन में रौनक, रूद्र प्रथम

### शालिगराम विश्वकर्मा स्मृति अवार्ड समारोह सम्पन्न



छिंदवाड़ा। श्री शालिगराम विश्वकर्मा सांस्कृतिक कला समीति के सचिव राजेश विश्वकर्मा ने बताया कि गर्ल्स कॉलेज में अवार्ड एवं संगीत समारोह सम्पन्न हुआ जिसमें मुंबई से पधारे अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला वादक पंडित नयनघोष एवं ईशान घोष ने तबला जुगलबंदी एंव सुश्री सुचिस्मिता चटर्जी, देवोप्रिया चटर्जी ने बांसुरी जुगलबंदी, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अजय पोहनकर ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया तबला संगत राजेश विश्वकर्मा एवं हार्मोनिपयम संगत संदीप गुरमुले ने की इसी आयोजन में शालिगराम विश्वकर्मा अवार्ड का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर ग्रुप विजेता में गायन में प्रथम मयूर ठाकरे, द्वितीय मनस्वी श्रीवास्तव, तृतीय हर्ष नागवंशी, वादन में प्रथम रौनक शर्मा, द्वितीय गौरव श्रीवास, नृत्य में प्रथम पीयुष मोटघरे, द्वितीय निकिता अहिरवावर, तृतीय दिव्यांशी जाट, चित्रकला में प्रथम अमित वाडबुधे, द्वितीय हिमांशु भारती, तृतीय इषिता जैन शामिल हैं। जूनियर ग्रुप में गायन में प्रथम वैष्णवी टेकाम, द्वितीय हेमाक्षी कराठा, तृतीय अकमल फराज, वादन में प्रथम रूद्र मरकाम, द्वितीय मैथिली बागड़े, तृतीय आस्था साहिलवार, नृत्य में प्रथम तनजिल गजभिये, द्वितीय असमी सोनी, तृतीय आस्था साहिलवार, चित्रकला में प्रथम निवेदिता अल्डक, द्वितीय अनवेशा मंडल, तृतीय नैतिक रबाड़े शामिल हैं।

# राजगढ़ में 13 जून को किसान-कल्याण महाकुंभ, केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष रूप से शामिल होंगे

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा किसान-कल्याण के लिए अनेक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। राजगढ़ जिले में लोकार्पित हो रही मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई प्रणाली से क्षेत्र के किसानों की जिन्दगी बदल जाएगी। श्री चौहान 13 जून को राजगढ़ में होने वाले किसान-कल्याण महाकुंभ की तैयारियों की निवास कार्यालय में समीक्षा कर रहे थे। राजगढ़ कलेक्टर और अन्य अधिकारी बैठक में वुर्चअली शामिल हुए।

बताया गया कि महाकुंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान तथा केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना की लगभग 1400 करोड़ और किसानों के ऋण ब्याज माफी की 2200 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जायेगी। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 2900 करोड़ रूपए के दावों के भुगतान का भी



अंतरण किया जाएगा। इस दौरान मोहनपुरा-कुंडालिया प्रेशराइड पाइप सिंचाई प्रणाली का लोकार्पण होगा। जल जीवन मिशन की गोरखपुरा परियोजना के 156 ग्रामों में जल-प्रदाय योजना का शुभारंभ तथा जिले के 40 करोड़ रूपए लागत के कार्यों का ई-लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना के लाभार्थियों को अधिकार-पत्र वितरित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनें भी महाकुंभ में शामिल होंगी। राजगढ़ सहित गुना, भोपाल, रायसेन, विदिशा, सीहोर, उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगर-मालवा के किसान भी शामिल होंगे। बैठक में आवागमन व्यवस्था, भोजन-पेयजल सहित बैठक व्यवस्था संबंधी आवश्यक निर्देश दिए गए। संपूर्ण प्रदेश के किसान, महाकुंभ से वर्चुअली जुड़ेंगे। सभी जिलों में समिति स्तर पर भी कार्यक्रम किए जाएंगे।

## अवैध पार्किंग वसूली के खिलाफ थाने में पहुंच पार्षद दल



**भोपाल।** राजधानी के टीटी नगर क्षेत्र में न्यू मार्केट के आस पास चार पहिया व दो पहिया वाहन की पार्किंग वसूली पर रोक के आदेश के बाद भी अख्तर इन्टरप्राईजेस द्वारा अवैध रूप पार्किंग वसूली की जा रही है। पार्किंग के नाम से हो रही अवैध वसूली को लेकर कांग्रेस के पार्षद दल ने टी टी नगर थाने में शिकायत की। वैसे तो शहर में अधिकतर क्षेत्रों में अवैध पार्किंग वसूली हो रही है जो कहीं न कहीं निगम कर्मियों और अधिकारियों का समर्थन बना हुआ है। जिसकी शिकायत निगम के अधिकारियों और महापौर अध्यक्ष को भी होती रही है लेकिन उसके बाद भी कभी इस अवैध वसूली पर रोक नहीं लगाई गई। जिसमें सबसे अधिक निरंतर वसूली न्यू मार्केट में है। यह पर स्मार्ट पार्किन के नाम से अख्तर इंटर प्राइजेज के द्वारा ड्रेस पहना कर और रसीद बनाने मशीन भी दे रखी है। जिसकी द्वारा प्रतिदिन लाखों रुपए की अवैध वसूली हो रही है। जबकि नगर निगम आयुक्त द्वारा लिखित व मौखिक रूपये आदेश किया गया है कि नगर निगम सीमार्न्तगत पार्किंग स्थलों पर चार पहिया व दो पहिया वाहनों की वसूली पूर्णतः प्रतिबंधित है। 20 मई 2023 को नगर निगम के परिषद साधारण सम्मिलन में अध्यक्ष द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को आदेशित किया गया था कहीं भी चार पहिया व दो पहिया वाहनों की वसूली नही होगी परन्तु उसके बाद भी न्यू मार्केट में अख्तर इन्टरप्राईजेस द्वारा अवैध रूप से चार पहिया व दो पहिया वाहनों की पार्किंग वसूली की जा रही है। अख्तर इन्टरप्राईजेस के कर्मचारियों के माध्यम अवैधानिक रूप से पार्किंग वसूली की जा रही है जोकि आदेशों की अवहेलना एवं अपराध है। इसी अवैध पार्किंग को लेकर आज कांग्रेस पार्षद दल ने टीटी नगर थाने में शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

## 15 हजार की अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच अनूप कुमार उईके और उनकी टीम द्वारा वर्तमान मे चल रहे अवैध शराब की तस्करी अभियान के तहत बंगरसिया में इंडस्ट्रीयल एरिये से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 हजार रुपए की शराब जब्त की। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की बंगरसिया में इंडस्ट्रीयल एरिये के पास चाय के टपरी पर भारी मात्रा में शराब मिल सकती हैं। क्राइम ब्रांच की टीम मुखबिर सूचना स्थान पहुंची जहां एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खडा दिखा जिसे घेराबंदी कर पकडा उसने अपना मयंक मिश्रा बंगरसिया थाना मिसरोद बताया। आरोपी का कृत्य धारा 34 आबकारी एक्ट का पाया जाने से देशी मदिरा प्लेन के कुल 100 क्वाटर, देशी मदिरा मसाला के 86 क्वाटर, आफिसर च्वाईस के 12 क्वाटर, तथा 9 जिप्सी विस्की के क्वाटर जो कुल 207 क्वाटर शराब जप्त की।

## सिद्दीक हसन तालाब के किनारे अवैध रूप से बन रही तीनमंजिला इमारत जमींदोज

**भोपाल।** पुराने शहर में सिद्धीकी हसन तालाब के किनारे बन रही तीन मंजिला इमारत को नगर निगम के अतिक्रमण रोधी अमले ने जमींदोज कर दिया। तालाब के कैचमेंट क्षेत्र में बन रही इस अवैध इमारत की शिकायत नगर निगम आयुक्त केवीएस चौधरी से भी की गई थी। इसके बाद भवन अनुज्ञा शाखा की जांच में निर्माण अवैध पाया गया। इसके बाद इसे ढहाने की कार्रवाई की गई। बता दें कि यह अवैध इमारत तीन मोहरों और एलबीएस अस्पताल के बीच सिद्दीक हसन खां तालाब की जमीन पर तानी जा रही थी। इसकी शिकायत नितिन सक्सेना ने 13 मई को नगर निगम आयुक्त से करने के साथ ही अवैध निर्माण की तस्वीर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित की थी। इसके बाद निगम आयुक्त ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में निर्माण अवैध पाया गया। बुधवार को अचानक निगम अतिक्रमण अमला अवैध निर्माण ढहाने पहुंच गया।

## दिग्विजय सिंह का बड़ा बयान, कहा-
# मेरे रहते ज्योतिरादित्य सिंधिया कभी कांग्रेस में नहीं आ पाएंगे

**इंदौर।** इंदौर आए दिग्विजय सिंह प्रेस से मिलिए कार्यक्रम के लिए इंदौर प्रेस क्लब पहुंचे. यहां पत्रकारों के साथ चर्चा की शुरुआत में दिग्विजय सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीजेपी में शामिल होने का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा, मुझे सिंधिया के जाने का दुख है. मुझे जरा भी उम्मीद नहीं थी कि वे कांग्रेस को धोखा देकर चले जाएंगे। दिग्विजय सिंह ने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया और अन्य सभी नेता जो कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में गए वह मेरे रहते कभी कांग्रेस में वापस नहीं आ पाएंगे।



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने दो दिन की मैराथन बैठक के बाद बुधवार (7 जून) को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया. इसमें उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से लेकर कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया और वीडी शर्मा तक पर हमले किए. उन्होंने दमोह में एक स्कूल में सामने आए हिंदु छात्राओं को हिजाब पहनाने पर कहा कि उज्जैन में महाकाल लोक में जो हुआ, उस मुद्दे को डायवर्ट करने के लिए दमोह में हिजाब का मुद्दा लाया गया है।

स्कूल के मुद्दे को हिंदू-मुस्लिम में बदल दिया गया है. कैलाश विजयवर्गीय के बुढ़ाऊ वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि कलाकार माननीय कैलाश विजयवर्गीय से कहना चाहता हूं कि हमारे साथ पैदल चलकर दिखाइए. पता चल जाएगा कि कौन बूढ़ा है और कौन जवान।

इसके साथ ही उन्होंने कहा, जब यह खबरें उड़ रही थीं कि कुछ लोग बिक सकते हैं तो हमें विश्वास नहीं होता था. पर मुझे यकीन नहीं हुआ कि इस श्रेणी में सिंधिया भी आ जाएंगे. उन्होंने डंपर घोटाले को उठाते हुए कहा कि जैसे ही शिवराज सिंह चौहान सीएम बने तो उन्होंने डंपर खरीदे. शिवराज सिंह चौहान का निवास रीवा बताया गया।

### बेलेश्वर मंदिर हादसे के लिए बीजेपी नेता दोषी है

दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि रामनवमी पर हुए बेलेश्वर मंदिर हादसे के लिए बीजेपी नेता दोषी है. लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई. क्योंकि वे यहां के सांसद शंकर लालवानी के ख़ास हैं. कैलाश विजयवर्गीय के बुढ़ाऊ वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि कलाकार माननीय कैलाश विजयवर्गीय से कहना चाहता हूं कि हमारे साथ पैदल चलकर दिखाइए. पता चल जाएगा कि कौन बूढ़ा है और कौन जवान।

### बजरंग दल अफीम और गांजा बेचने वालों का समूह

दिग्विजय सिंह ने कहा कि बजरंग दल अफीम और गांजा बेचने वालों का समूह है. बजरंग दल के लोग आज पाकिस्तान के लिए जासूसी करने में पकड़ा रहे हैं. इसके बावजूद बीजेपी के नेता उनका संरक्षण कर रहे हैं और उन पर केस तक दर्ज नहीं होने देते. भोपाल आईटी सेल के ध्रुव सक्सेना और बजरंग दल का अध्यक्ष बलराम सिंह आईएसआई के लिए जासूसी करने में पकड़ाया लेकिन उसके ऊपर सरकार के दबाव में राजद्रोह का मुकदमा दर्ज नहीं किया गया. धर्म के नाम पर राजनीति करने वाली सरकार इन सभी अपराधियों को बचा रही है. उन्होंने कहा कि हम जय श्री राम का नारा नहीं लगाएंगे।

### जयश्रीराम का नारा नहीं लगाएंगे

दिग्विजय सिंह ने कहा कि हम जय श्री राम का नारा नहीं लगाते, जय सियाराम का नारा लगाते हैं. क्योंकि हमारे लिए माता सीता का भी भगवान राम के जितना आदर है. हालांकि हम जय सियाराम के नारे को लेकर चुनाव में नहीं उतरेंगे क्योंकि हम धर्म को राजनीति में हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं करते। सिंह ने उज्जैन के महाकाल लोक में मूर्तियों के खंडित होने पर सवाल उठाए. कहा महाकाल लोक में घटिया निर्माण किया गया है. यही वजह है कि वहां हवा में 6 मूर्तियां खंडित हो गई, और हवा के साथ बह गई. उज्जैन में महाकाल के पास की ज़मीन आरएसएस के एक ट्रस्ट को दे दी गई. कमलनाथ सरकार ने उसे कैंसल कर दिया, लेकिन आज इस ज़मीन पर दुकान खुल गई. उन्होंने दावा किया कि इसके किराए का पैसा आरएसएस के पास जा रहा है।



**भोपाल।** नगर निगम की महापौर मालती राय ने आज खानूगांव वीआईपी रोड वार्ड 8 जोन 5 मे संजीवनी क्लीनिक का भूमिपूजन किया इस अवसर पर एमआईसी सदस्य मनोज राठौर, पार्षद विमलेश ठाकुर, पार्षद सूर्यकांत गुप्ता, पार्षद रेहाना सुल्तान एवम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महिला पहलवानों के समर्थन में आया जाट समाज, गिरफ्तारी को लेकर राष्ट्रपति नाम सौंपा ज्ञापन



**भिंड।** अखिल भारतीय जाट महासभा मध्य प्रदेश के आह्वान पर महिला पहलवानों के समर्थन में एवं यौन शोषण आरोपी बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अखिल भारतीय जाट महासभा भिंड ने महामहिम राष्ट्पति के नाम एसडीएम कार्यालय गोहद में ज्ञापन दिया एवं नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया।

इस मौके पर अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष नवल सिंह राणा, अखिल भारतीय युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष जयराज सिंह राणा, महासचिव देवेंद्र सिंह राणा, कोषाध्यक्ष बलवीर सिंह राणा समाज के वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर विजय पाल सिंह राणा, भारतीय किसान यूनियन गोहद के ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राणा, ग्राम पंचायत खड़ेर के पूर्व सरपंच निरंजन सिंह राणा, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ अरविंद सिंह राणा ऐंचाया चितौरा, जनपद सदस्य शिशुपाल सिंह राणा घमूरी, सरपंच सत्येंद्र सिंह उर्फ करूं राणा एवं राघवेंद्र सिंह राणा चितौरा, वीरेंद्र सिंह राणा उर्फ बंटी राणा पाली, हाकिम सिंह राणा पाली, धर्मेंद्र सिंह राणा अंगसौली, रघुवीर सिंह राणा टुडीला, रंजीत राणा ऐंचाया, कीरत राणा ऐंचाया, मिथुन राणा ऐंचाया आदि समाज जन उपस्थित रहे।

# 82 सीटों पर नया नेतृत्व तलाशने निकली कांग्रेस, चलाएगी एलडीएम

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस, प्रदेश की चुनिंदा 82 सीटों पर नया और युवा नेतृत्व तलाशने निकल रही है। इसके लिए बकायदा एक मिशन के रूप में काम होगा। जिसका नाम दिया गया है 'एलडीएम' यानि लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन। यह काम प्रदेश कांग्रेस नहीं करेगी, बल्कि एलडीएम शुरू करने के निर्देश एआईसीसी से प्रदेश कांग्रेस को आए हैं। प्रदेश कांग्रेस ने इन सीटों पर एलडीएम के लिए प्रभारी बनाने का काम शुरू कर दिया है। इस काम पर इन प्रभारियों को इस महीने के अंत से जुटना होगा।



प्रदेश की ये वे 82 विधानसभा सीटें है, जो अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जाति (एसटी) वर्ग के लिए आरक्षित हैं। इन विधानसभा सीटों पर एआईसीसी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त किए गए प्रभारियों को जुलाई से लेकर चुनाव तक ढेरा डालना होगा। इस दौरान वे पूरे विधानसभा क्षेत्र में नए नेताओं का ना सिर्फ कामकाज देखेंगे, बल्कि उनकी लीडरशिप डेवलप कराने का काम भी करेंगे। ये सब चुनाव से पहले इन प्रभारियों को करना होगा।

### दिल्ली से आएंगे ट्रैनिंग देने

बताया जाता है कि एलडीएम के प्रभारियों को पहले भोपाल में ट्रैनिंग दी जाएगी। इसी महीने इन्हें ट्रैनिंग दिए जाने का काम किया जाएगा। इसके बाद जुलाई में इन्हें अपने प्रभार वाले विधानसभा क्षेत्र में रवाना किया जाएगा। ट्रैनिंग देने के लिए एआईसीसी के एससी और एसटी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी भोपाल आएंगे।

### पंच-सरपंच से लेकर समाज में भी देखेंगे नेतृत्व

प्रभारी विधानसभा क्षेत्र में जाकर जिस वर्ग के लिए आरक्षित सीट है, उस वर्ग के युवा नेता,पंच-सरपंच से लेकर यहां के सामाजिक कार्यकर्ताओं में भी नेतृत्व करने की क्षमता को परखेंगे। इनमें से जो-जो बेहतर काम करने और कांग्रेस के जरिए आगे बढ़ने की इच्छा रखते होंगे। उनकी लीडरशिप डेवलप की जाएगी।

# मध्यप्रदेश में थर्ड फ्रंट को लीड करेगी बीआरएस, जयस से जुड़े आनंद राय समेत 5 लोगों ने ली सदस्यता



**भोपाल।** जय युवा आदिवासी संगठन से जुड़े आनंद राय ने 5 पदाधिकारियों के साथ हैदराबाद में तेलंगाना के सीएम केसीआर की मौजूदगी में बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) जॉइन कर ली है। आनंद राय के साथ 5 अन्य लोगों ने बीआरएस की सदस्यता ली। द सूत्र से बातचीत में आनंद राय ने कहा कि मध्यप्रदेश में थर्ड फ्रंट को बीआरएस लीड करेगी।

आनंद राय ने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही अपने हितों के आगे आदिवासी हितों को अनदेखा करने में लगे हैं। इसलिए जयस ने तीसरे दल के साथ मिलकर एमपी में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला किया है।

**विंध्य के कई नेता भी बीआरएस में हो चुके हैं शामिल-** मध्यप्रदेश में बीआरएस के अभियान में बघेलखंड से भी कुछ लोग जुड़े हैं। रीवा के पूर्व सांसद और सतना के पूर्व विधायक ने पिछले दिनों बीआरएस जॉइन की थी। रीवा के पूर्व सांसद बुद्धसेन पटेल और सतना के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और पूर्व विधायक धीरेंद्र सिंह धीरू बीआरएस में शामिल हो गए थे। धीरू और पटेल ने हैदराबाद पहुंचकर पिछले दिनों केसीआर से मुलाकात की थी और बीआरएस जॉइन कर ली थी। धीरू के साथ उनकी पत्नी विमला बागरी भी बीआरएस की सदस्य बनी हैं।

### 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी बीआरएस

द सूत्र से बातचीत में आनंद राय ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एमपी में तीसरे मोर्चे के रूप में जयस, ओबीसी महासभा और भीम आर्मी क्र्रक के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। आनंद राय ने बताया कि बीआरएस के चुनावी रणनीतिकार रजनीकांत पिछले कई महीनों से एमपी के राजनीतिक हालातों पर नजर बनाए हुए थे। एमपी में घट रही राजनीतिक घटनाओं की समीक्षा करने के बाद हमने उनके साथ जुड़ने का फैसला किया और आने वाले विधानसभा चुनाव में बीआरएस मध्यप्रदेश की सभी 230 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

# पीएचक्यू ने भेजा है 500 एसआई का प्रस्ताव, 2016 के बाद से नहीं निकली भर्ती

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव वाले साल में पुलिस के अमले में 500 उपनिरीक्षकों की भर्ती की मंजूरी शासन की ओर से मिल सकती है। यह उम्मीद पुलिस मुख्यालय को जागी है। नतीजे में पुलिस मुख्यालय की ओर से एक प्रस्ताव उपनिरीक्षकों की भर्ती का शासन को भेजा गया है। इस प्रस्ताव को चुनावी साल होने के मद्देनजर मंजरी मिलने की संभावना ज्यादा हैं।

प्रदेश पुलिस में उपनिरीक्षकों की कमी को दूर करने के लिए एक बार फिर पुलिस मुख्यालय ने प्रयास तेज किए हैं। इस बार भी 500 उपनिरीक्षकों की भर्ती का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इस प्रस्ताव को लेकर पुलिस मुख्यालय के आला अफसरों की गृह विभाग के अफसरों से बात हो गई है।

बताया जाता है कि वित्त विभाग के अफसर भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने का मन बना चुके हैं। ऐसे में चुनावी वर्ष में शासन की ओर से उपनिरीक्षकों की भर्ती की मंजूरी मिलने की संभावना ज्यादा बढ़ गई है। यदि इस साल मंजूरी मिली तो अगले साल इनकी भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

**इसलिए भी नहीं मिल रही थी मंजूरी-** पदोन्नति पर रोक लगी होने के चलते कई वर्षों से उपनिरीक्षकों को भी निरीक्षक के पद पर पदोन्नति नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते इस पद पर अफसरों की कमी महसूस नहीं हो सकी। अब जब पदोन्नति दिए जाने के पुलिस मुख्यालय ने रास्ता निकाल लिया है, तब अब फिर से इस पर पर सीधी भर्ती के अफसरों की मांग माने लगी। दरअसल उपनिरीक्षकों को कार्यवाहक निरीक्षक बनाकर उन्हें पदोन्नत किया जा रहा है। निरीक्षक का पद पूरी तरह से पदोन्नति का है, लेकिन उपनिरीक्षक के पूरे पद पदोन्नति के नहीं है। इस पद पर सीधी भर्ती के अलावा सहायक उपनिरीक्षकों को पदोन्नति देकर उपनिरीक्षक बनाया जाता है।



### नहीं मिल रही कई सालों से मंजूरी

प्रदेश पुलिस में वर्ष 2016 में उपनिरीक्षकों की भर्ती की मंजूरी मिली थी। जिस पर वर्ष 2017 में उपनिरीक्षकों को भर्ती किया गया था। इसके बाद से उपनिरीक्षकों की भर्ती के प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय से शासन के पास चार-पांच बार गए, लेकिन इनमें से किसी भी प्रस्ताव को शासन ने मंजूरी नहीं दी। नतीजे में पुलिस में उपनिरीक्षकों की भर्ती नहीं हो पा रही है। इस पद पर कार्यवाहक के जरिए अधिकांश जिलों में काम चलाया जा रहा है। हालांकि इससे पहले लगातार कुछ वर्षो तक उपनिरीक्षकों की भर्ती की गई थी, लेकिन सरकार बदलने और फिर कोरोना काल के चलते भर्ती नहीं हो सकी। इसके बाद उपनिरीक्षकों की भर्ती की जगह पर कार्यवाहक पदोन्नति दिए जाने का क्रम पुलिस मुख्यालय ने तेज कर दिया।